लखनऊ, बृहस्पतिवार
19 मार्च, 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2083 वि.
वर्ष 79, अंक - 207 पृष्ठ 12
संस्करण : नगर *
मूल्य : 3 रुपये

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

# स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

epaper : epaper.swatantrabharat.net



आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण में सनराइजर्स की अगुआई करेंगे इशान किशन

सरकार के नौ साल पूरे होने पर मुख्यमंत्री का संबोधन

# राज्य में अब बेहतर हुआ है निवेश का वातावरण : योगी

**स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में

- प्रदेश के पास मंशा और नीति दोनों, तेजी से बढ़े उद्योग
- यहां है सुशासन और बेहतर सुरक्षा, भय का माहौल खत्म
- यूपी में हैं असीम संभावनाएं : सीएम

भाजपासरकार के नौ वर्ष की अवधि को नवनिर्माण का शासनकाल बताया है और कहा कि डबल इंजन सरकार ने प्रदेश की पहचान बदलने का काम किया है और अब राज्य विकास की नई गाथा लिख रहा है। योगी ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम



को संबोधित करते हुए प्रदेश में हुए व्यापक बदलावों को रेखांकित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य की सीमाओं पर बनाए गए नौ स्वागत द्वारों का लोकार्पण किया और नवनिर्माण के नौ वर्ष पुस्तक का विमोचन भी किया। यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार के आज 9 साल पूरे हो गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश की जनता को बधाई दी और कहा कि यूपी असीम संभावनाओं वाला प्रदेश है लेकिन यह किन कारणों से पिछड़ा और मोहताज बना रहा, ये आज सबके सामने है। सीएम योगी ने प्रदेश में भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए कहा कि 9 साल में यूपी की विकास यात्रा तय की है प्रदेश में पहचान का संकट था हमने पीएम मोदी के नेतृत्व में इस संकट को दूर करने का लक्ष्य प्राप्त किया। साल 2017 के पहले यूपी की आधी आबादी पलायन के लिए मजबूर थी हमने प्रदेश में क़ानून व्यवस्था स्थापित किया। यही कारण है कि अब प्रदेश पूरी क्षमता के साथ विकास की ओर अग्रसर है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में जो परिवर्तन हुआ है, वह सेवाभाव और सुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश पहचान के संकट से जूझ रहा था, जबकि आज वही प्रदेश विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ होता था और नौकरियों में पारदर्शिता का अभाव था, लेकिन अब भर्ती प्रक्रियाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हुई हैं। उन्होंने बताया कि बीते 9 वर्षों में लगभग 2 लाख युवाओं को पुलिस भर्ती के माध्यम से रोजगार दिया गया है। विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नौ लाख 12 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जिससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे जैसे प्रोजेक्ट्स से उत्तर प्रदेश देश में एक्सप्रेसवे नेटवर्क का प्रमुख केंद्र बन रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है और अब तक 15 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है। 2017 से पहले जहां सीमित उद्योग थे, वहीं अब 30 हजार से अधिक बड़े उद्योग स्थापित हो चुके हैं।

### शांति और उल्लास से मनाएं सभी पर्व

उन्होंने आगे कहा कि नवरात्री और रमजान का पर्व एक साथ चल रहा है, अलविदा की नमाज और ईद भी आने वाले है लेकिन यूपी में किसी भी प्रकार की कोई अशांति नहीं है। उन्होंने सभी पर्व को शांति और उल्लास से मनाये जाने की बात कही। सीएम ने कहा -सभी पर्व शालीनता से मनाए जा रहे हैं, न कोई भय है, न तनाव, न दंगे का डर और न ही कर्फ्यू का खतरा. यही सुशासन और बेहतर सुरक्षा का प्रमाण है।

### प्रदेश में अब भय का वातावरण खत्म

कानून-व्यवस्था पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब भय का वातावरण समाप्त हो चुका है और नवरात्र तथा रमजान जैसे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि नौ शहरों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू की गई है और सुरक्षा तंत्र को मजबूत किया गया है।

### माँ शैलपुत्री



हिंदू धर्म में नवरात्रि को साधना और भक्ति के लिए काफी पवित्र माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि के साथ चैत्र नवरात्रि आरंभ हो रही है। चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा करने का विधान है। शास्त्रों के अनुसार मां शैलपुत्री को हिमालय की पुत्री हैं, जो हिमालय पर्वतों का राजा हैं।

### रमज़ान मुबारक

इफ्तार बृहस्पतिवार
सुन्नी : 6:19 P.M.
शिया : 6:28 P.M.
सहरी बृहस्पतिवार
सुन्नी : 4:48 P.M.
शिया : 4:42 P.M.

## दिल्ली : इमारत में भीषण आग, नौ की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण-पश्चिमी जिले के पालम इलाके के साध नगर में एक बहुमंजिला इमारत

- मृतकों में तीन बच्चे भी

में भीषण आग लग गई। आग की इस घटना में से नौ लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल विभाग की 30 गाड़ियां मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने बताया कि तीन अन्य घायल हुए हैं, जिनमें से दो ने आग से बचने के लिए राम चौक मार्केट, पलम मेट्रो स्टेशन के पास इमारत से कूदने का प्रयास किया। मृतकों में प्रवेश (33), कमल (39), आशु (35), लाडो (70), हिमांशी (22), दीपिका (28) और तीन बच्चे मिल हैं। सचिन (29),



अनिल (32) और एक दो वर्षीय लड़की इलाज चल रहा हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कॉस्मेटिक शॉप थी। घर के अंदर ही शोरूम बनाया हुआ था। स्थानीय लोगों का दावा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी। जब आग लगी, तो घर में रहने वाले सब सो रहे थे। मौके से मिली वीडियो फुटेज में इमारत से धुएं के मोटे बादल उठते और आग की लपटें दिखाई दे रही थीं, जबकि दमकलकर्मी संकरी गलियों और धुएं से भरे इंटीरियर्स में प्रवेश कर लोगों को सुरक्षित निकालने का प्रयास कर रहे थे। अधिकारियों ने कहा कि आग को काबू में कर लिया गया है। क्षेत्र को घेर लिया गया है और फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। आग के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है, और जांच जारी है। दिल्ली पुलिस के पालम थाने के पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर दीवार तोड़ने की भी कोशिश की ताकि दीवार तोड़कर लोगों को बचाया जा सके।

### बहुत तेजी से फैली आग

आग लगने की इस घटना की शुरुआत सुबह हुई, जब ग्राउंड फ्लोर पर स्थित कॉस्मेटिक की दुकान में आग लगी। आग तेजी से ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। आग तेजी से फैली और इमारत के अंदर धुएं का गुबार छा गया। इस कारण अंदर रह रहे लोग बाहर नहीं निकल पाए और मदद के लिए पुकारने लगे।

## इंदौर : ईवी चार्जिंग के दौरान घर जला, आठ मरे

**इंदौर।** इंदौर के बंगाली चौराहे के पास स्थित एक कॉलोनी में बुधवार भोर में भीषण हादसा हो गया। एक मकान में इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल

- डिजिलटल लॉक न खुलने से लोग बाहर नहीं निकल सके

रूप ले लिया। इस हादसे में आठ लोगों की जलकर मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार, पुगलिया परिवार के घर के बाहर देर रात इलेक्ट्रिक कार चार्जिंग पर लगी हुई थी। सुबह करीब 4 बजे चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिससे कार में आग लग गई। आग तेजी से फैलते हुए घर तक पहुंच गई और अंदर रखे गैस



सिलिंडरों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रारंभिक तौर पर यह भी माना जा रहा है कि आग के कारण घर में रखे गैस सिलिंडरों में विस्फोट हुआ, जिससे हादसा और भी भयावह हो गया। जिस मकान में आग लगी वह पुगलिया परिवार का है। इस परिवार में एक कार्यक्रम था। इसकी वजह से कई रिश्तेदार घर पर रूके हुए थे। इसी कारण जनहानि ज्यादा हुई। अब तक आठ लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि घायलों का इलाज अस्पताल में जारी है।

### आग से फटने लगे सिलिंडर

आग लगने के बाद घर में रखे सिलिंडरों में धमाके शुरू हो गए। पुलिस के अनुसार एक के बाद एक चार सिलेंडर फटे, जिससे मकान का एक हिस्सा ढह गया। जांच में यह भी सामने आया है कि घर में इलेक्ट्रॉनिक लॉक लगे हुए थे। आग के दौरान बिजली सप्लाई बंद हो जाने से ये लॉक नहीं खुल सके, जिससे अंदर फंसे लोगों को बाहर निकलने में काफी दिक्कत हुई। दरवाजे तोड़कर रेस्क्यू करना पड़ा।

## फ्लाइट में 60 प्रतिशत सीटों पर अतिरिक्त चार्ज खत्म

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू हवाई यात्रा को ज्यादा सुविधाजनक बनाने के लिए नए नियम जारी किए हैं। नए आदेश के मुताबिक

- घरेलू उड़ानों में एक ही पीएनआर वाले यात्रियों को एक साथ सीट देनी होंगी

एयरलाइंस को हर फ्लाइट में कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी एक्स्ट्रा चार्ज के देनी होंगी। ये निर्देश घरेलू फ्लाइट्स पर लागू होंगे। इसके अलावा एक ही पीएनआर (बुकिंग रेफरेंस) पर यात्रा करने वाले यात्रियों को एक साथ बिठाया जाएगा, बेहतर होगा कि उन्हें आस-पास की सीटों पर बिठाया जाए। मौजूदा नियमों में यात्रियों के लिए 20 प्रतिशत सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए भुगतान करना पड़ता है। ये कदम इसलिए उठाए गए हैं क्योंकि एयरलाइंस सीट चुनने समेत कई सर्विसेस के लिए बहुता ज्यादा शुल्क वसूल रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी एयरलाइंस सीटें चुनने पर 500 से 1200 रुपए एक्स्ट्रा चार्ज करती हैं।

## राजनीति में कभी 'फुल स्टॉप' नहीं लगता : मोदी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा से आज कई सदस्य रिटायर हो रहे हैं। खाली होने वाली इन सीटों पर कई सदस्य

- राज्यसभा सदस्यों के रिटायरमेंट पर पीएम बोले- नए सांसदों को सीखना चाहिए

निर्विरोध निर्वाचित हो चुके हैं। आज राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों के



संसदीय जीवन और कार्यकाल को रेखांकित किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिटायर हो रहे सभी सदस्यों की भूमिका को लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने वाला बताते हुए उनकी प्रशंसा की। साथ ही विदाई सत्र में पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि सदन एक ओपन यूनिवर्सिटी जैसी है। नए सांसदों को हमेशा सीखना चाहिए। पीएम मोदी ने आगे कहा कि सदन के अंदर अनेक विषयों पर चर्चाएं होती हैं, हर किसी का महत्वपूर्ण योगदान होता है, कुछ खट्टे मीठे अनुभव भी रहते हैं। लेकिन, जब ऐसा अवसर आता है, तो स्वाभाविक रूप से पार्टी की भावना से ऊपर उठकर हम सबके भीतर एक जैसा भाव प्रकट होता है कि हमारे ये साथी अब किसी और विशेष काम के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ सांसद फिर से सदन में लौट सकते हैं, जबकि कुछ सामाजिक जीवन में अपने अनुभव का उपयोग करेंगे। जो नेता अब वापस सदन में नहीं आएंगे, उनके लिए मैं कहुंगा कि राजनीति में कभी फुल स्टॉप नहीं होता, उनका योगदान हमेशा देश के लिए मूल्यवान रहेगा।

## डिजिटल व बड़े बाजारों पर निगरानी बढ़ाए सीसीआई

**नई दिल्ली।** संसद की वित्त संबंधी स्थायी समिति ने कहा कि भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) को ऐसे क्षेत्रों पर निगरानी बढ़ानी चाहिए जहां दो या कुछ ही कंपनियों का दबदबा है।

- संसदीय समिति ने की सिफारिश

समिति ने कहा ऐसे क्षेत्रों में कंपनियों के पास जरूरत से ज्यादा बाजार शक्ति हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा पर असर पड़ सकता है। लोकसभा में पेश रिपोर्ट में समिति ने कहा कि सीसीआई को नियमित बाजार अध्ययन, प्रतिस्पर्धा जोखिम आकलन और क्षेत्र-विशेष हस्तक्षेप के जरिए डिजिटल और पारंपरिक दोनों तरह के बाजारों पर नजर रखनी चाहिए। कुछ क्षेत्रों जैसे विमानन उद्योग में दो कंपनियों का वर्चस्व होने की चिंता भी जताई गई है। समिति ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से डिजिटल प्रतियोगिता विधेयक को जल्द लाने और इसके लिए तय समय-सीमा तय करने की भी सिफारिश की है। यह विधघेयक बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए जरूरी माना जा रहा है। रिपोर्ट में सीसीआई में कर्मचारियों की कमी का मुद्दा भी उठाया गया।

## भारत ने ईरान को मेडिकल मदद भेजी

**तेहरान।** इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग के बीच भारत ने ईरान को मेडिकल सहायता की पहली खेप भेजी है। एजेंसीके मुताबिक, यह खेप ईरान की रेड क्रिसेंट सोसाइटी को सौंपी गई, जिसमें जरूरी दवाइयां और मेडिकल सप्लाई शामिल हैं। भारत में ईरान के दूतावास ने इस सहायता के लिए भारतीय लोगों का आभार जताया। दूतावास ने कहा कि यह मदद सफलतापूर्वक पहुंचा दी गई है और इसे भारत के लोगों की ओर से मिला सहयोग बताया। दूतावास ने मेडिकल सप्लाई सौंपने का वीडियो भी शेयर किया। दूसरी ओर इजरायल ने दावा किया है कि उसने ईरान के इंटेलिजेंस मंत्री इस्माइल खातिब को एयरस्ट्राइक में मार गिराया है।

## असम कांग्रेस के प्रद्युत बोरदोलोई बीजेपी में शामिल

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई ने बुधवार को बीजेपी जॉइन कर ली। उन्होंने मंगलवार को कांग्रेस से इस्तीफा दिया था। वे असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में मुझे घुटन महसूस हो रही थी। मेरा अपमान किया जा रहा था। बीजेपी आज कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर सकती है। सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने कहा कि पार्टी 126 विधानसभा सीटों में से 89 पर चुनाव लड़ेगी। बाकी 37 में से असम गण परिषद (एजीपी) 26 सीटों पर, बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) 11 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

## गुजरात विधानसभा परिसर में बम की धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात में कई अहम स्थानों को बम ब्लास्ट से उड़ाने की धमकी मिली है। बुधवार सुबह आए ईमेल के बाद गांधीनगर में विधानसभा को खाली करवाकर चेक किया। इसके साथ मुंद्रा पोर्ट पर सुरक्षा को अलर्ट किया गया। ईमेल में अहमदाबाद के स्कूलों में भी ब्लास्ट की धमकी दी गई है। ईमेल में कच्छ जिले के मुंद्रा पोर्ट पर खड़े एलपीजी टैंकर को मिसाइल से उड़ाने की भी धमकी दी गई है। इसके साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ राज्य के सीएम भूपेंद्र पटेल को गुजराती हिंदू चरमपंथी बताया गया है। ईमेल में अहमदाबाद के तीन स्कूलों में ब्लास्ट की धमकी दी गई है।

## कम उम्र में जांच और समय पर इलाज से घटेगा दिल का खतरा

**नई दिल्ली/ वॉशिंगटन।** हृदय रोगों को होने से पहले ही रोका जा सकता है, बशर्ते कम उम्र से जांच, सही जीवनशैली, उन्नत परीक्षण और समय पर दवा का इस्तेमाल किया जाए। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन (एएचए) और अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी (एसीसी) ने नए कोलेस्ट्रॉल (डिस्लिपिडेमिया) दिशानिर्देश-2026 में दिल की बीमारियों की रोकथाम के तरीके में बड़े बदलाव किए हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी में प्रकाशित इस अपडेट में साफ कहा गया है कि अब केवल 10 साल के जोखिम की बजाय पूरे जीवनकाल के खतरे को ध्यान में रखकर इलाज और रोकथाम की रणनीति तय की जानी चाहिए। नए दिशानिर्देश इस बात पर बल देते हैं कि लगभग 80 फीसदी हृदय रोगों को रोका जा सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार यदि व्यक्ति कम उम्र से ही अपने

- बहुत अहम हैं नए कोलेस्ट्रॉल दिशानिर्देश

कोलेस्ट्रॉल स्तर को नियंत्रित रखता है, तो भविष्य में हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा काफी हद तक कम हो सकता है। यही कारण है कि अब इलाज की शुरुआत बीमारी के लक्षण आने के बाद नहीं, बल्कि उससे पहले ही करने की सलाह दी गई है। पहले जहां जोखिम आकलन के लिए पुराने समीकरणों का उपयोग किया जाता था, वहीं अब एथेरोस्क्लेरोटिक हृदय रोग (एएससीवीडी) प्रिवेंशन टूल को अपनाया गया है। यह नया टूल 10 साल के साथ-साथ 30 साल का जोखिम भी बताता है और व्यक्ति के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर अधिक सटीक आकलन करता है।

**चार श्रेणियों में बांटा जोखिम**

जोखिम को चार श्रेणियों में बांटा गया है, जिससे डॉक्टर यह तय कर सकते हैं कि मरीज को दवा की जरूरत है या नहीं। नई गाइडलाइन में यह स्पष्ट किया गया है कि केवल एलडीएल यानी बैड कोलेस्ट्रॉल पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। लिपोप्रोटीन (ए) यानी एलपी (ए) की जांच जीवन में कम से कम एक बार कराने की सलाह दी गई है, क्योंकि यह मुख्यतः आनुवंशिक होता है और उच्च स्तर पर जोखिम बढ़ाता है।

श्रीनगर से रिपोर्ट

फुलप्रूफ सुरक्षा इंतजामों में श्रीनगर बनेगा स्मार्ट सिटी

## कश्मीर : अब सुरक्षा के साथ विकास की भी राह

विष्णु मोहन

**स्वतंत्र भारत।** कश्मीर के हालात को संभालना ख़ासा मुश्किल है। वह भी तब जबकि विकास के कार्यों को भी बराबर से जारी रखना हो। धारा

- हालात सामान्य होने के साथ सुशासन की धमक बढ़ी
- धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा एहतियात और कड़े किए गए

370 के हटने के बाद से कश्मीर में ऊपरी तौर पर तो भले ही सब सही लगता हो लेकिन अंदर अंदर सब सही दिख नहीं रहा। केंद्र सरकार भी इसे भली भांति समझ रही है। इससे निपटने के लिए हर कदम उठाने की कोशिश है। शहरों में हालात सामान्य बनाए रखने के साथ ही सुशासन बनाए रखना खासा चुनौती भरा काम है। श्रीनगर की ही बात करें तो यहां हर दर्शनीय व धार्मिक स्थल, सड़क, हर चौराहे, बाजार या भीड़ वाली जगहों पर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं। शहर से बाहर जाने वाली सभी सडकों पर सुरक्षा कर्मी दिख जाएंगे। सुरक्षा इंतजाम का यह नजारा पूरे कश्मीर में देखने को मिलेगा। चाहे वह गुलमर्ग हो या सोनमर्ग, बेताब वैली हो या कोई झील हो, सभी जगहें सुरक्षा कर्मियों की निगरानी में हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी पैरा मिलिटरी बल संभाल रहे हैं। ख़ास बात यह है की यह सुरक्षा बल आम जन या टूरिस्ट सभी के साथ बहुत सौहार्द्रपूर्ण तरीके से व्यवहार करते हैं। ताकि किसी तरह की असहज स्थिति न उत्पन्न हो।

अगर कोई शहर से एयरपोर्ट जा रहा है तो उसे हवाई अड्डे में तो सुरक्षा जांच करानी ही होगी, हवाई अड्डे से पहले उसे सैनिक बलों की जांच से भी गुजरना होता है। कारण यह कि किसी तरह की चूक की संभावना न रहे। यह कहना गलत नहीं होगा कि हालात सामान्य बनाए रखने के लिए सुरक्षा बल हर कदम उठा रहे हैं। स्थिति यह है कि किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए शहरों में जगह जगह स्थापित सुरक्षा बलों की अस्थायी चौकियों को बाहर कंटीले तारों से घेर कर रखा जाता है। यही स्थिति धार्मिक स्थलों पर किये जाने वाले इंतजाम की भी है। इसकी वजह यह है कि रात के अंधेरे में असामाजिक तत्व कोई हरकत न कर दें। हालात को संतुलित बनाए रखने के लिए सरकार सुरक्षा इंतजाम के साथ विकास के कार्यों पर भी जोर दे रही है। अभिसूचना तंत्र को मजबूती देने की कोशिश के साथ ही श्रीनगर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से स्थानीय पुलिस व प्रशासन को भो जोड़ा गया है। शहर के आंतरिक मामलों से इन विभागों को तत्काल कार्यवाही के लिए निरंतर सम्पर्क में रखा जाता है। कश्मीर की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए सुरक्षा प्रबंध वैसे भी जबरदस्त चुनौती वाला काम है। पैरा मिलिट्री फ़ोर्स के साथ ही जम्मू कश्मीर पुलिस भी लगभग सभी प्रमुख स्थलों पर मुस्तैद दिखती है। पाकिस्तान सीमा पास में ही होने की वजह से पूर्व में श्रीनगर में आतंकी गतिविधियां बनी रहती थीं। पिछले कई सालों से इन पर अंकुश लगा है। ऐसी गतिविधियां फिर न हो, इसे रोकने की पुरजोर कोशिशें चल रही हैं। लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बना रहे इसके लिए रोजगार के अवसर निकालने के साथ ही स्थानीय शिल्प को बढ़ावा दिया जा रहा है। हर संभव प्रजेक्ट लगाए जा रहे हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से जुड़े एक अधिकारी के मुताबिक़ हालात को सामान्य बनाए रखने के लिए हर कदम उठाए जा रहे हैं।

## पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने गणतंत्र दिवस 2027 पर घोषित होने वाले पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय के अनुसार इच्छुक लोग और संस्थाएं 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन नामांकन कर सकते हैं। सभी नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के जरिए ही स्वीकार किए जाएंगे। पद्म पुरस्कार देश के सबसे बड़े नागरिक सम्मानों में शामिल हैं। इनमें पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री दिए जाते हैं। ये सम्मान कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, विज्ञान, सामाजिक सेवा और उद्योग जैसे कई क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए दिए जाते हैं।

# रंजिश में हवाई फायरिंग और मारपीट, नौ नामजद

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** ईंथाना क्षेत्र के गांव राजनपुर में पुरानी रंजिश के चलते दबंगों द्वारा हवाई फायरिंग और मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नौ लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव निवासी वीरेंद्र ने बुधवार को सीओ ज्योति यादव को दी तहरीर में बताया कि उनके मौसेरे भाई विद्यासागर और धर्मवीर उनसे रंजिश रखते हैं। आरोप है कि रविवार शाम करीब 7-30 बजे दोनों अपने साथियों–राजपाल, प्रभुदयाल, कृष्ण कुमार, रामऔतार, रामसरन उर्फ लिटिल और भारतेंदु कुमार समेत कुल नौ लोगों के साथ हथियारों से लैस होकर उनके घर आ धमके।पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने आते ही राइफल और तमंचों से हवाई फायरिंग शुरू कर दी, जिससे गांव में दहशत फैल गई। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट भी की, जिसमें कई लोग चोटिल हो गए।मामले में पुलिस ने विद्यासागर और धर्मवीर सहित नौ आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं पीड़ित ने आरोप लगाया है कि राजनीतिक दबाव के चलते अब तक आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्त नहीं किए गए हैं और न ही उनकी गिरफ्तारी हो सकी है।इस संबंध में सीओ ज्योति यादव ने बताया कि आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी कर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है। साथ ही गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपियों के शस्त्र लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी कर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

# सड़क हादसे में सब्जी विक्रेता की मौत

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** बुधवार को एक सड़क हादसे में ऑटो सवार सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। मृतक की पहचान 40 वर्षीय



निसार अली के रूप में हुई है, जो बुधवार सुबह मंडी जा रहे थे। यह हादसा बतलैया के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार ने उनके ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि निसार अली की मौके पर ही मौत हो गई। ऑटो चालक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद कार अनियंत्रित होकर खंती में पलट गई और उसका चालक मौके से फरार हो गया।निसार अली थाना कटरा क्षेत्र के खड़करी गांव के निवासी थे। वह प्रतिदिन मंडी से सब्जी खरीदकर गांव की बाजार में बेचते थे और इसी से अपनी पत्नी और चार बच्चों का भरण-पोषण करते थे। निसार की मौत से उनके परिवार में मातम छा गया है।हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव की पहचान कर परिजनों को सूचित किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि कार चालक की तलाश की जा रही है।

# झरसा में घरों के ऊपर 11000 वोल्ट लाइन का विरोध

## ग्रामीणों ने एसडीएम से सुरक्षित मार्ग बदलने की मांग की



**स्वतंत्र भारत पुवायां।** तहसील क्षेत्र के ग्राम झरसा में 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। गांव के दर्जनों लोगों ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को ज्ञापन सौंपकर लाइन का मार्ग बदलने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग एक मकान तक बिजली आपूर्ति के लिए 11000 वोल्ट कीहाईटेंशन लाइन उनके घरों की छतों के ऊपर से निकाल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे बड़े हादसे का खतरा है, खासकर बच्चों और पशुओं के लिए यह गंभीर साबित हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रस्तावित लाइन के मार्ग में लगभग 500 यूकेलिप्टिस के पेड़ आ रहे हैं। इनके कटने से उन्हें आर्थिक नुकसान होगा और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विद्युत लाइन का मार्ग बदलकर सुरक्षित स्थान से निकालने की मांग की है। उन्होंने एसडीएम से इस मामले में जल्द उचित कार्रवाई का आग्रह किया है। एसडीएम चित्रा निर्वाल ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जाएगी और संबंधित विभाग से रिपोर्ट ली जाएगी। उन्होंने कहा कि जनहित को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जिला सहकारी बैंक की समीक्षा बैठक संपन्न

## अध्यक्ष ने दिए शत-प्रतिशत ऋण वसूली के निर्देश



**शाहजहांपुर।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड, शाहजहांपुर के अटल सभागार में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के दृष्टिगत एक अतिमहत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष डी.पी.एस. राठौर ने की। इस बैठक में मुख्य रूप से संतुलन पत्र, ऋण वसूली, ऋण वितरण, निक्षेप संचय, और पैक्स कम्प्यूटराइजेशन जैसे अहम बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। बैठक के दौरान अध्यक्ष डी.पी.एस. राठौर ने सभी शाखा प्रबंधकों के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से बड़े बकायेदारों (एक लाख से अधिक) और एनपीए खातों से वसूली में तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही, किसान ऋण पोर्टल पर डाटा फीडिंग और ई-पैक्स के गो-लाइव कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर जोर दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बैंक अध्यक्ष डी.पी.एस. राठौर ने कहा, ÷किसानों की आर्थिक उन्नति और सहकारिता को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसलिए सभी शाखा प्रबंधक निर्धारित लक्ष्यों के सापेक्ष शत-प्रतिशत ऋण वसूली और निक्षेप संचय सुनिश्चित करें। जानबूझकर ऋण न चुकाने वाले बड़े बकायेदारों से सख्ती से निपटा जाए। भारत सरकार की पैक्स कम्प्यूटराइजेशन योजना और ई-केसीसी के माध्यम से हमारा प्रयास है कि जिले के किसानों को पूरी पारदर्शिता के साथ त्वरित और आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं मिल सकें। बैठक में मुख्य विकास प्रबंधक, नाबार्ड , शाहजहांपुर द्वारा ई-केसीसी के माध्यम से ऋण वितरण के संबंध में सभी उपस्थित अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया ताकि किसानों को ई-केसीसी का लाभ आसानी से मिल सके। इसके अतिरिक्त, बैठक में 31 मार्च को वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर वार्षिक संतुलन पत्र तैयार करने, विभिन्न जीएल खातों के रिकन्सीलेशन, उर्वरक स्टॉक की समीक्षा और सदस्यता महाभियान के अंतर्गत जमा अंशपूंजी की भी विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सहायक आयुक्त सहकारिता अखिलेश पृताप सिंह बैंक के सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी सौरभ दिवेदी, जिला सहकारी अधिकारी आनंद श्रीवास्तव समस्त अनुभाग अधिकारी एवं जिले की सभी शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

# पन्नाघाट गोमती तट पर विशाल भंडारा आयोजित

## अमावस्या पर बड़ी संख्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**स्वतंत्र भारत पुवायां।** पन्नाघाट गोमती तट पर अमावस्या के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ गोमती तट पर उमड़ पड़ी, जहां लोगों ने आस्था की डुबकी लगाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। तड़के से ही श्रद्धालु गोमती नदी में स्नान करने पहुंचनेलगे थे। स्नान के उपरांत उन्होंने तट पर स्थित मंदिरों में पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि तथा शांति के लिए प्रार्थना की। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। यह भंडारा स्थानीय श्रद्धालुओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से आयोजित किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण



किया। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल मुस्तैद रहा। इसी कारण यह आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका। श्रद्धालुओं ने बताया कि अमावस्या के दिन गोमती में स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व होता है। वे हर माह यहां आकर पूजा-अर्चना करते हैं। भंडारे के आयोजन से न केवल धार्मिक आस्था को बल मिलता है, बल्कि आपसी भाईचारे का संदेश भी प्रसारित होता है।

# माँ ज्वाला जी का जागरण 25 को

**स्वतंत्र भारत पुवायां।** देवस्थान मंदिर में 25 मार्च को माँ ज्वाला जी का द्वितीय विशाल दुर्गा जागरण आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन नगर के मोहल्ला कटरा बाजार में होगा। कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जिसमें मंदिर परिसर को सजाने का कार्य भी शामिल है। जागरण में भजन गायिका सिया सलोनी सपना त्रिपाठी अपनी प्रस्तुति देंगी। शाहजहांपुर का चन्द्र मोहन म्यूजिकल ग्रुप भी कार्यक्रम में शामिल होगा। आयोजकों के अनुसार, भजन-कीर्तन का यह कार्यक्रम देर रात तक चलेगा। इसमें आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।



आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में उपस्थित होकर माँ ज्वाला जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# चैत्र नवरात्रि आज से, कलश स्थापना के दो मुहूर्त

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** आज से शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि कलश स्थापना के दो मुहूर्त चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से 27 मार्च तक मनाई जाएगी। इस वर्ष यह विशेष मानी जा रही है क्योंकि नवरात्रि की शुरुआत अमावस्या तिथि के प्रभाव में होगी। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, 72 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है। कलश स्थापना भी 19 मार्च को होगी।शक्ति की आराधना का पर्व चैत्र नवरात्रि 19 मार्च से शुरू होकर 27 मार्च तक मनाया जाएगा। इस वर्ष नवरात्रि कई ज्योतिषीय संयोगों के कारण विशेष मानी जा रही है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार करीब 72 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है जब नवरात्रि की शुरुआत अमावस्या तिथि के प्रभाव में होगी और उसी दिन कलश स्थापना की जाएगी। श्री रुद्र बाला जी धाम के पं. डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल ने बताया कि आमतौर पर नवरात्रि की शुरुआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से मानी जाती है, लेकिन इस वर्ष 19 मार्च को सूर्योदय अमावस्या तिथि में होगा। महावीर पंचांग के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 40 मिनट से शुरू होकर 20 मार्च को सूर्योदय से पहले 5 बजकर 24 मिनट तक रहेगी।

# गोदाम का ताला तोड़कर बिजली का सामान चोरी

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** तिलहर हाईवे स्थित एक गोदाम का ताला तोड़कर लाखों रुपये का बिजली का सामान चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद सहित अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी राजदीप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तिलहर हाईवे पर इंडियन गैस एजेंसी के पास स्थित उनका गोदाम 'जय मां दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी खंडसार' के नाम से है। आरोप है कि 11 मार्च की रात पड़ोस में रहने वाला कबाड़ी सोहेल निवासी मीरगंज अपने अन्य साथियों के साथ गोदाम का ताला तोड़कर अंदर घुस गया।पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने गोदाम से करीब 20 कुंतल बिजली के तार, क्लिप, बोल्ट समेत अन्य कीमती विद्युत उपकरण चोरी कर लिए। घटना की जानकारी होने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर एक नामजद आरोपी सोहेल सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद करने का प्रयास किया जाएगा।

# अमावस्या पर बमिहाना में देवी मेले का आयोजन

## प्रधान प्रमोद सिंह के नेतृत्व में दिखी उत्कृष्ट व्यवस्थाएं

**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** खुदागंज ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम बमिहाना में अमावस्या के पावन अवसर पर आयोजित पारंपरिक देवी मेला इस वर्ष भव्यता, सुव्यवस्था और जनसहभागिता का अद्भुत उदाहरण बनकर सामने आया। हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के मंदिर में श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना कर प्रसाद अर्पित किया और अपनी मनोकामनाएं मांगीं। पूरे क्षेत्र में भक्ति, उल्लास और सामाजिक एकता का वातावरण देखने को मिला। इस विशाल आयोजन की सबसे खास बात रही ग्राम प्रधान प्रमोद सिंह का सक्रिय और



प्रभावशाली नेतृत्व। उनके मार्गदर्शन में मेले की व्यवस्थाएं बेहद सुनियोजित और व्यवस्थित ढंग से संचालित की गईं। साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, आवागमन और भीड़ प्रबंधन जैसी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। मंदिर परिसर में धार्मिक आस्था का विशेष माहौल रहा। मन्नत पूरी होने पर कई परिवारों ने अपने बच्चों के मुंडन संस्कार भी संपन्न कराए। मंदिर के पुजारी हेकड़ पंडित (75 वर्ष) ने मंदिर की लगभग 100 वर्ष पुरानी परंपरा का उल्लेख करते हुए बताया कि यह स्थल लंबे समय से लोगों की अटूट आस्था का केंद्र रहा है। मेले में लगे बाजारों ने भी आकर्षण का केंद्र बनकर लोगों को खूब लुभाया। दूर-दराज से आए व्यापारियों ने अपनी दुकानें सजाईं, जहां लोगों ने खानपान के साथ-साथ साज-श्रृंगार और घरेलू सामानों की जमकर खरीदारी की। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहन मिला। ग्राम प्रधान प्रमोद सिंह के साथ नन्हे पंडित, सुरेश सैनी, बलवीर बाबा जी, राम अवतार सिंह, गुरपाल सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने भी आयोजन को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया। वहीं, पुलिस प्रशासन की सतर्कता और सहयोग से पूरा मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने एक स्वर में प्रधान प्रमोद सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में इस वर्ष का मेला अब तक का सबसे बेहतर और सुव्यवस्थित आयोजन रहा। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि ग्राम प्रधान की कुशल कार्यशैली और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

# जल जीवन मिशन का शुभारंभ, ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** केंद्र व प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत मंगलवार को विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढकिया रघा एवं जन्यूरी में पेयजल योजना का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता सनी सिंह, सहायक अभियंता पंकज गंगवार, डीपीएम दीपेंद्र सिंह, लक्ष्य त्यागी, ब्लॉक प्रमुख कविता यादव तथा संबंधित ग्राम प्रधानों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है, जिससे ग्रामीणों को स्वच्छ जल के लिए भटकना न पड़े। उन्होंने बताया कि योजना के



तहत गांवों में पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर नल कनेक्शन दिए जा रहे हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों को पानी लाने की समस्या से राहत मिलेगी।कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पानी के दुरुपयोग से बचने की अपील की। साथ ही उन्होंने बताया कि योजना के सफल संचालन के लिए ग्रामीणों का सहयोग बेहद जरूरी है।ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने कहा कि सरकार की इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर में सुधार आएगा और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आएगी। ग्राम प्रधानों ने भी योजना को सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में लोगों को जल जीवन मिशन के लाभ और इसके उपयोग के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# नॉमिनेट सभासदों का ब्लॉक प्रमुख ने किया स्वागत

**स्वतंत्र भारत खुटार।** नगर पंचायत खुटार के लिए शासन से नॉमिनेट हुए सभासद प्रिया मिश्रा, डॉ राधेश्याम कठेरिया, नितेश सिंह का ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने फूलमाला पहनाकर एवं हनुमान जी का चित्र भेंट कर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर नॉमिनेट सभासदों ने कहा कि शान द्वारा उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उन पर जो भरोसा जताया है। वह उसे जिम्मेदारी और भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अपने कार्यकाल में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ताओं और नगर की जनता के हितों में काम करने का प्रयास करेंगे। नामित सभासदों ने भारतीय जनता पार्टी के



शीर्ष नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान सांसद अरुण सागर के प्रतिनिधि सत्यपाल गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी एडवोकेट मंडल अध्यक्ष देव पटेल मंडल उपाध्यक्ष हरिओम मिश्रा बबलू, अवनीश शुक्ला, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोशनी वाल्मीकि, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मौर्य, रोहित बाल्मिक आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# एमए पब्लिक स्कूल का परीक्षाफल घोषित

## प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

**सिंधौली।** मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने आज वार्षिक परीक्षा फल घोषित करते हुए प्राइमरी स्कूल में टॉपर कक्षा तीन की छात्रा ब्यूटी राठौर जूनियर स्तर पर साहिल खान एवं कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया। स्कूल प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन बच्चों ने स्कूल टॉप एवं कक्षा में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया है वह अपनी पढ़ाई लगातार जारी रखें और अपना स्थान अगले वर्ष भी कायम रखें जो बच्चे कक्षा



में स्थान नहीं प्राप्त नहीं कर सके वह निराश न हों बल्कि आगे की कक्षा में निरंतर पढ़ाई करते हुए मेहनत करें जिससे आपका कक्षा में स्थान आ सके। एम ए पब्लिक स्कूल में एनसी कक्षा में देव अर्पित कार्तिक केजी में वैष्नवी कक्षा एक में प्रिया यादव प्रिया राज काव्या कक्षा दो में उत्कर्ष शर्मा सिंधु सिंह जियानूर अंसारी कक्षा तीन में ब्यूटी राठौर सहायता दीपक कक्षा चार में रिषिका सागर राघव गुप्ता आराधना कक्षा पांच में प्रतिज्ञा गुप्ता रोशनी देवी प्रभात गुप्ता ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छः में मोहम्मद इबाद ने प्रथम जुनैद मंसूरी में द्वितीय अंजुम राठौर ने तृतीय कक्षा सात में साहिल खान ने प्रथम श्रेयांशी त्रिवेदी ने द्वितीय रागिनी ने तृतीय स्थान कक्षा आठ में प्रतिज्ञा चौहान ने प्रथम अनामिका प्रजापति ने द्वितीय नैना सिंह ने क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया स्कूल के परीक्षा प्रभारी अब्दुल रहमान खान सहायक परीक्षा प्रभारी शिवम वर्मा कार्यक्रम के संचालक कृष्ण पाल गौतम स्कूल के लेखाकार मोहम्मद जैद मंसूरी ने अपने विचार व्यक्त किये इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक नीतेश कुमार त्रिवेदी जितेंद्र कुशवाहा जितेंद्र सक्सेना राजकुमार पाल करुणा शंकर पांडे रीता चौहान रीना मीनू यादव निदा अंसारी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। अतिथियों में स्कूल कमेटी के सदस्य निर्भय सिंह ज्ञान देवी ध्रुव सिंह मोहम्मद इस्लाम खान मोहम्मद वारिस अली अंसारी पूर्व शिक्षक मोनिस खान निजामुद्दीन अंसारी मोहम्मद अरबाज शोएब खान रामपाल प्रेम शंकर गुप्ता मोहम्मद नबीशान अकील खान माहेनूर सलमानी पूर्व प्रधान मोहम्मद उमर खान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# जनगणना चार्ज अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## जनगणना भारत 2027 सफल क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** भारत की जनगणना 2027 के संबंध मे जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह कि अध्यक्षता में मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना चार्ज अधिकारियो को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया 7 भारत कि जनगणना 2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु होटल ग्रैंड आर्क में कार्यक्रम का आयोजन किया। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार द्वारा जनगणना की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि लंबे समय बाद जनगणना की प्रक्रिया कराई जा रही है जैसी सुचारू रूप से सफल बनाना है। उन्होंने सभी सम्बन्धित चार्ज अधिकारियों को गहनता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के आग्रह किया। जिलाधिकारी ने बताया कि शहर में लगभग 1000 कार्मिकों की आवश्यकता होगी। 104 फील्ड ट्रेनर्स के प्रशिक्षण हेतु व्यवस्था की जा रही है। प्रशिक्षण उपरांत परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को ही कार्य में लगाया जाएगा। साथ ही निर्देशित किया गया कि जनगणना बिंदुओं पर कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। सेल्फ एन्यूमरेटर व्यवस्था को लागू करने हेतु अलग से विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जा रही है। जिससे अधिकत लोगों को स्वत ऑनलाइन फॉर्म फिल करने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने बताया प्रशिक्षण में जनगणना के प्रथम चरण ÷मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना÷ से संबंधित दिशा-निर्देशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस चरण के अंतर्गत क्षेत्र के सभी भवनों, आवासीय एवं गैर-आवासीय मकानों का व्यवस्थित विवरण संकलित किया जाएगा।अधिकारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, निर्धारित प्रपत्रों के सही संकलन, डिजिटल माध्यमों के प्रभावी उपयोग तथा समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट किया गया कि त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक सूचियाँ उपलब्ध कराई जाएँ। बीएसए, डीसी तथा डीपीआरओ सहित सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी, गंभीरता एवं सजगता के साथ संपन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देखा सजीव प्रसारण

स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर 18 मार्च। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास एवं सतत समृद्धि के 9 वर्ष पर वार्षिक पुस्तक ÷नवनिर्माण के 9 वर्ष÷ का विमोचन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह अन्य अधिकारियों की गरिमामई उपस्थिति में देखा गया। नव वर्ष पूर्ण अवसर होने के अवसर पर लघु फिल्म देखी गयी। माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संबोधन सुना गया। उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति, विकास और उन्नति की ओर अग्रसर है। सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से प्रदेश में एक नए युग का निर्माण हो रहा है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार करते हुए यह नव वर्ष प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रतीक बन रहे हैं। अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाने का कार्य निरंतर जारी है। मा0 मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में प्रदेश के लोगों को बेहतर सेवाएँ और सुशासन प्राप्त हो रहा है।

# अवध आसाम एक्सप्रेस में बच्चों की हालत बिगड़

स्वतंत्र भारत रोजा जंक्शन शाहजहांपुर। 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस डिब्रूगढ़ से चलकर लालगढ़ जाने वाली अवध आसाम एक्सप्रेस के कोच नंबर स्4 बर्थ नंबर 14 पर आदित्य कुमार अपने परिजनों के साथ दिल्ली जा रहे थे लखनऊ से निकलने के बाद आदित्य को तेज बुखार आ गया जिस कारण घबराकर आदित्य के परिजनों ने ट्रेन में चल रहे टीटी को बताया टीटी ने कंट्रोल को बताया कंट्रोल के आदेश पर ट्रेन को शाहजहांपुर के प्लेटफार्म नंबर 3 पर रोका गया जहां डॉक्टर राजेंद्र माथुर और दाधीच कुमार ने प्राथमिक उपचार किया उसके बाद ट्रेन को रवाना किया गया

# गैस सिलेंडर की किल्लत को लेकर सपा महिला सभा ने किया प्रदर्शन



**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी की महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष रिबू श्रीवास्तव के निर्देशानुसार उत्तर प्रदेश में गैस सिलेंडर की भारी किल्लत होने पर सपा महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया के नेतृत्व में जनपद शाहजहांपुर खिरनी बाग जीआईसी मैदान के पास महिला सभा की पदाधिकारी व कार्यकर्ता एकत्रित होकर केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन कर मांग की गैस की कीमत खत्म करी जाए और गैस उपलब्ध करवाई जाए। इस मौके पर महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा ने कहा कि पूरे भारत में खासकर उत्तर प्रदेश में विगत कई दिनों से गैस सिलेंडर की भारी किल्लत है जिससे आम जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ये मामला हम महिलाओं से सीधे जुड़ा है, पहले कमरतोड़ महंगाई और फिर इस परेशानी से महिलाओं की जिंदगी बाद से बदत्तर होती जा रही है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार पूरी तरह विफल है। महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया ने कहा कि आम जनता की रोजमर्रा की ज़िंदगी में बढ़ती परेशानी को अनदेखा करते हुए केंद्र और उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा ये कहना कि गैस की कोई कमी नहीं है, हास्यप्रद और आम जनता एवं महिलाओं के जख्म पर नमक छिड़कने के समान है। इस दौरान सपा महानगर अध्यक्ष जाफरीन, निधि श्रीवास्तव, ममता देवी,राज बेटी,अरुण गुप्ता,विटोली देवी,सुनीता देवी,नन्ही,सीमा, प्रियंका,सुनीता राणा, बबीता कश्यप, मुस्कान, ज्योति कश्यप आदि मौजूद रही।

# भाजपा नेता रोहित सिंह का हुआ स्वागत



**स्वतंत्र भारत खुदागंज शाहजहांपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन के बाद रोहित सिंह के खुदागंज आगमन पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ऐतिहासिक स्वागत कर अपनी खुशी का इज़हार किया। नगर में जगह-जगह आकर्षक स्वागत द्वार सजाए गए थे और पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। जैसे ही रोहित सिंह खुदागंज पहुंचे, पहले से मौजूद सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच उनका जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने फूल-मालाओं से उन्हें लाद दिया और ÷भाजपा जिंदाबाद÷ के गगनभेदी नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को ऊर्जा और जोश से भर दिया। इस अवसर पर रोहित सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं, समर्थकों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास, जनसेवा और संगठन को मजबूत करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष कृपाल सिंह, सुखवीर सिंह, सत्यभान सिंह, शिवोम शर्मा, लखपत सिंह, प्रवीण सिंह, धीरेन्द्र गंगवार, जितेंद्र गंगवार, अभिषेक सिंह, उमरताज़, जितेंद्र सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दीपक राठौर, उपाध्यक्ष विवेक सक्सेना, रमेश कटहरिया, सौरभ गुप्ता, अंशु जैन, मुकेश राठौर, रामासरे कोहली, मोहम्मद क़ासिम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मिठाइयां बांटी गई और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी साझा की गई। पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि रोहित सिंह की क्षेत्र में मजबूत पकड़ और लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, और उनका नेतृत्व कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार कर रहा है।

## अनियंत्रित होकर गिरी बाइक, युवक घायल

**तिलहर शाहजहांपुर।** थाना कटरा क्षेत्र के गांव बतलैया के निवासी वाजिद बुधवार सुबह करीब 8 बजे बाइक से तिलहर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान सरयु पुलिया के पास अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में वाजिद को गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों ने एंबुलेंस सेवा को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से घायल को तिलहर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# भाजपा ने बढ़ाया महिलाओं का मान : मंजू

## नगराध्यक्ष आभा ने जिलामंत्री मंजू और नवनियुक्त सभासद मधु सिंह का किया अभिनंदन



**स्वतंत्र भारत पुवायां शाहजहांपुर।** भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आभा गुप्ता ने एल आईसी अधिकारी मिथिलेश आनंद की पत्नी मंजू आनंद को सतीश पुरम स्थित उनके आवास पर पहुंचकर भाजपा का जिला कार्यकारिणी में मंत्री नियुक्त किए जाने पर उनका माल्यार्पण कर और मिष्ठान खिलाकर बधाई दी। मंजू आनंद ने कहा कि भाजपा ने जिला कार्यकारिणी में उन्हें मंत्री पद का दायित्व देकर केवल उनका ही नहीं बल्कि सभी महिलाओं का मान बढ़ाया है। इसके उपरांत भाजपा नगर मंत्री मधु सिंह को शासन द्वारा सभासद नामित किए जाने पर माल्यार्पण के उपरांत उनका मुंह मीठा कराया और बधाई दी। आभार गुप्ता ने कहा कि इस बार भाजपा की नवीन कार्यकारिणी में युवाओं और महिलाओं को विशेष स्थान दिया गया है। भविष्य मे जिसके सुखद परिणाम मिलेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और सभासदों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रमोद चंद्र गुप्ता, मिथिलेश आनंद, राजीव शर्मा और डॉ प्रदीप वैरागी आदि तमाम कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू का दूसरे दिन धरना जारी

**पुवायां।** किसानों की तमाम समस्याओं को लेकर भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर बताया कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नही किया गया तो अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। दूसरे दिन भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में धरना प्रदर्शन जारी रखा। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने बताया कि गांव घनश्याम पुर खुर्द में गाटा संख्या 250 सरकारी चकमार्ग है जिसको प?ोसी किसानों द्वारा जोत कर अपने अपने खेतों में मिला लिया है। जिस कारण सरकारी चकमार्ग पूरी तरह बंद प?ा है। इसलिए पर चकमार्ग की पैमाइश कराकर रास्ता खुलवाया जाए, गांव गंगसरा में अरब सिंह ने मुनेश व राजेन्द्र से एक प्लाट खरीदा लेकिन अरब सिंह जब उस प्लॉट पर जाता है तो विक्रेताओं की महिलाएं उसे प्लॉट पर आकर गाली गलौज व हरिजन एक्ट के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती है जिसकी जांच कराकर कानूनी कार्यवाही की जाए, गांव गंगसरा में 18 लोगों के खिलाफ एससी एसटी एक्ट में फर्जी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जिसको विवेचना के दौरान समाप्त किया जाए। साथ ही कहा कि अगर इन सभी समस्याओं का समाधान नही होने पर कार्यकर्ताओं ने मंडी परिसर में अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन कर दिया किसानों का कहना है कि जब तक समस्याओं का समाधान नही होगा तब तक धरना जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन करने बालों में तहसील अध्यक्ष श्रीकृष्ण जाटव, विजय प्रकाश शर्मा, पातीराम, बदनसिंह, विजयपाल सिंह, प्रदीप कुमार, वीरेंद्र शर्मा, जयसिंह, अरब सिंह समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शीतला खेड़ा मंदिर में पहुंचे श्रद्धालु



**स्वतंत्र भारत कांट शाहजहांपुर।** माता शीतला खेड़ा मंदिर पर नवरात्र के एक दिन पूर्व लगे अमावस्या के मेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी की पूजा अर्चना कर दर्शन किए एवं मनौती मांगी। बुधवार को नगर के प्राचीन माता शीतला खेड़ा मंदिर पर नवरात्रि से 1 दिन पहले अमावस्या के मेला में प्रति अमावस्या की भांति इस बार नवरात्र से एक दिन पूर्व अमावस्या का विशाल मेला एवं माता रानी के दर्शन के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और मेले में जरूर की वस्तुओं की खरीदारी की तथा बच्चों ने खेल खिलौने एवं चाट पकौड़ों का भी आनंद लिया बच्चों ने झूले का आनंद उठाया इस मौके पर पंडित योगेश शर्मा, संदीप शर्मा, रामू कश्यप, राजीव भोजबाल, चंदर कश्यप, मोहित सक्सेना, नीलू माली, विनोद राठौड़, लडेते बर्मा, राधे बर्मा, विमल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रही

# अग्निकांड पीड़ितों को विधायक ने दिए सहायता चेक



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने अपने कैंप कार्यालय जिला पंचायत डाक बंगला पर मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शाहजापुर निवासी संजीव कुमार व राजीव कुमार को आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा बीजेपी सरकार जो कहती है वह करती है। उन्होंने कहा पहले स्कीमों का रुपया दलाल डकार लेते थे लेकिन अब लाभार्थी के खाते में सीधे धनराशि पहुंचती है।

# शिक्षा शैक्षिक नवाचार एवं नीति विषय पर सेमिनार आयोजित



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल में शिक्षा शैक्षिक नवाचार एवं नीति विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल एसएस कॉलेज और प्राचार्य डाइट सोनिया गुप्ता के द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य सोनिया गुप्ता ने जनपद के समस्त शिक्षकों एस आर जी,एआरपी और डाइट प्रवक्ताओं को निपुण आकलन में जनपद का स्थान मंडल में प्रथम आने पर, सभी को बधाई दी । साथ ही विद्यालयों में लगातार नवाचार करने के लिए प्रेरित किया गया। मुख्य वक्ता अनुराग अग्रवाल प्रोफेसर एसएस कॉलेज शाहजहांपुर ने कहा कि विद्या और शिक्षा में अंतर होता है विद्या ग्रहण करना हमारी प्राचीन परंपरा रही है और शिक्षा ग्रहण करना अंग्रेजों के बाद से शुरू हुआ है । शिक्षा में व्यवसाय होता है और विद्या दान के लिए होती है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा में मूल्य और नैतिकता की कमी है ये मूल्य शिक्षा में जुड़ जाएं तभी हमारा जीवन सार्थक हो सकता है। उन्होंने शिक्षा में मौलिकता पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने अपने-अपने शोध पर पत्र प्रस्तुत किया। प्रशिक्षण प्रभारी बीएल मौर्य ने कहा निपुण में मंडल में प्रथम और प्रदेश में 12वीं रैंक लाने पर सभी शिक्षकों की सराहना की। कार्यक्रम नोडल अजीत कुमार मिश्रा ने शिक्षा में नवाचार के लिए समस्त शिक्षकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के सहसंयोजक अतुल कुमार शुक्ला ने मंच संचालन करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए साथ ही उसे वर्तमान शिक्षा में समावेश करने पर बल दिया। शोध पत्र प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों में रोली गुप्ता , प्रियंका ,पारुल मौर्य रिया श्रीवास्तव, रजनी झा ,अवनीश कुमार, पारुल कौशिक ,नितिन सिरोही, श्रवण कुमार , शिल्पी वर्मा, मुकेश कुमार, प्रियंका गंगवार और शुभम तिवारी प्रमुख रहे । कार्यक्रम को सफल बनाने में डायट प्रवक्ता डॉ राकेश कुमार पटेल, शशांक पांडे , जमाल अख्तर, सुभाष चंद्र सिंह , अंजनी कुमार भारती , अमित कुमार और वरुणा उपाध्याय का योगदान रहा।

# व्यापारियों ने किया प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा प्रदेश में चल रहे कार्यक्रम के तहत सुबह 11ः30 बजे दुआ मोटर्स लोदीपुर जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ के प्रतिष्ठान पर पधारे कुलदीप सिंह दुआ सुनील गुप्ता सतनाम सिंह चावला अतुल गुप्ता रोहित अग्रवाल प्रेम नारायण नाजिम खान सुरेंद्र सेठी सुल्तान अहमद धर्मपाल रहना चंद्रप्रकाश गुलाटी मुकेश गुप्ता जितेंद्र वर्मा राकेश वर्मा विजय तुली राजन चोपड़ा राजेंद्र पाल सिंह गोल्डी संजय मिश्रा शाहनवाज खान सतीश दिनेश अग्निहोत्री कपिल गुप्ता शशि अग्निहोत्री रमेश गंभीर सौरभ चौहान जगदीश पुनीत रस्तोगी अभिषेक मोहन शकील अहमद कमल हसन व्यापारियों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने सभी व्यापारी साथियों के साथ चार्ली रेस्टोरेंट लोदीपुर में पहुंचकर सभा को संबोधित किया जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने सभा की अध्यक्षता की सभा का संचालन नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने किया व्यापारी साथियों ने अपनी-अपनी समस्याओं से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया । जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह दुआ ने शहीदों की नगरी में आए हुए प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा का स्वागत करते हुए कहा की शाहजहांपुर का व्यापारी हमेशा जो भी प्रदेश द्वारा आदेश कार्यक्रम दिया जाता है उसको पूर्ण रूप से करता है बुआ जी ने कहा ऑनलाइन के व्यापार के कारण नगर के छोटे व्यापारियों का काम प्रभावित हो रहा है इस पर हमारे प्रदेश द्वारा केंद्र सरकार के मंत्रियों से मिलकर कुछ अंकुश लगाना चाहिए मंडी समिति पर एक राष्ट्र एक शुल्क का ही लगना चाहिए नगर उपाध्यक्ष विजय तुली ने अपनी बात कहते हुए प्रदेश अध्यक्ष से कहा की प्रदेश में जिस तरीके से गवर्नमेंट द्वारा रिटायर होने पर पेंशन का प्रावधान है व्यापारियों को भी इसका लाभ मिलना चाहिए उन्हें भी 60 साल के बाद विभाग द्वारा पेंशन के रूप में कुछ सहायता प्रदान करनी चाहिए नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष से कहा की जो व्यापार मंडल के द्वारा फूड लाइसेंस आजीवन बनने पर जीत हुई है उसका पूरा विवरण किस तरीके से वह लागू होगा जिला महामंत्री नाजिम खान ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा इनकम टैक्स इनकम देने वाले व्यापारी को सरकार द्वारा रेलवे व रोडवेज में रियाद मिलनी चाहिए उसका आयुष्मान योजना का लाभ नगर महामंत्री अतुल गुप्ता ने प्रदेश अध्यक्ष जी का स्वागत करते हुए कहा की जिन व्यापारियों का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन हो उन व्यापारियों को आयुष्मान योजना का लाभ मिलना चाहिए प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि उन्होंने संगठन के बल पर जिस तरीके से फूड लाइसेंस को आजीवन करवाया है उसी तरीके से वह आगे की समस्याओं के लिए भी प्रदेश सरकार केंद्र सरकार से लगातार वार्ता कर रहे हैं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मैं अभी उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिला और उनसे कहा कि जिस तरीके से किसानों को बीमा फसल योजना का लाभ मिलता है इस तरीके से हमारे व्यापारियों को भी आपदा प्राकृतिक आपदा या आज के द्वारा नुकसान होने पर जीएसटी विभाग द्वारा सहायता मिलनी चाहिए ऑनलाइन के व्यापार के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से लगातार बातचीत चल रही है कि जिस तरीके से हमारे व्यापारियों पर कानून बने हुए हैं ऑनलाइन व्यापारियों पर भी अंकुश लगना चाहिए ताकि वह एमआरपी से काम रैटों पर माल ना दे सके उन्होंने बताया कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए प्रदेश द्वारा बार-बार दबाव बनाया जा रहा है कि व्यापारियों का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कारण जाना चाहिए मैंने उनको अपने व्यापार मंडल के द्वारा अवगत कराया यदि जीएसटी रजिस्ट्रेशन करवाने वाले व्यापारी को आयुष्मान योजना का लाभ मिले मिल जाए तो हमारे सभी व्यापारी जो जीएसटी में आते हैं वह खुद व खुद अपना उसका रजिस्ट्रेशन करवा लेंगे इनकम टैक्स में यही व्यापारी को भी सहायता मिलनी चाहिए रेलवे में सीनियर सिटीजन को जो सुविधा पहले मिलती थी वह करोड़ों कल में बंद हो गई थी कोरोना है उसे दोबारा लागू करना चाहिए ताकि हमारे सीनियर सिटीजन को इसका लाभ मिल सके प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शाहजहांपुर की इकाई की तारीफ करते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे जिला अध्यक्ष दुआ जी की अध्यक्ष अध्यक्षता में यह इकाई प्रदेश में बहुत अच्छा कार्य कर रही है अंत में उन्होंने सभी व्यापारियों का धन्यवाद किया की त्यौहार के दिनों में आप लोग इतनी संख्या में यहां पहुंचे और उन्होंने संबाद नव वर्ष नवरात्र व ईद की बधाई दी नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने आए हुए सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया।

## दुकान के किराये को लेकर गाली, दी तहरीर

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर परौर- शाहजहांपुर।** थाना अध्यक्ष परौर को दिए प्रार्थना पत्र में ग्राम परौर निवासी कन्यावती ने प्रार्थना पत्र में बताया कि लॉकडाउन में उनके पति प्रेम कनौजिया गांव के ही दिनेश के मकान में ?400 प्रति माह मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान रखे हुए थे। पी?ता कन्या देवी ने आगे बताया कि दुकान बंद करते समय दिनेश के ?500 उसके पति पर रह गए थे। समस्याओं के चलते पीड़िता पर पैसे नहीं हो पाए तथा वह कल ?500 लेकर दिनेश के पास गई और पैसे देने लगी इतने पर दिनेश गाली गलौज करने लगे और मारपीट को आमादा हो गए और कहा मेरे ?5000 हैं। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों ने थाना मुख्यालय पर प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है ।



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 212 नवयुगल बंधे दाम्पत्य जीवन में



**स्वतंत्र भारत निगोही शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विधानसभा तिलहर के अंतर्गत निगोही के आदर्श इन्टर कालेज रामलीला मैदान में मुख्य अतिथि तिलहर विधायक सलोन कुशवाहा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष केसी मिश्रा एवं ब्लाक प्रमुख निगोही कविता यादव साहित अन्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में 212 नव दंपतियों जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ, जिसमें 198 हिन्दु एवं 14 मुस्लिम नवयुगलों का विवाह में नव युगलों को नव दामपत्य जीवन की शुभकामनायें दी।

विधायक ने कहा कि बेटियों को बोझना समझा जाए, सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बेटियों की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में बेटियों के हाथ पीले करने के लिए सरकार प्रति जोड़े पर एक लाख रुपए खर्च कर रही है। सरकार महिलाओं के लि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास दे रही है। उन्होंने कहा कि नव विवाहिता अच्छा कार्य करके दोनों परिवारों का नाम रोशन करें। सरकार निर्धान परिवारों को गरीबी से उठाने का कार्य कर रही है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना माननीय मुख्यमंत्री जी की बहुत प्राथमिकता वाली योजना है। उन्होंने बताया कि 60 हजार रुपए कन्या के खाते में, 25000 रुपए का सामान तथा 15000 रुपए विवाह की व्यवस्थाओं में खर्च किए जाते हैं। उन्होंने सभी नव जोड़ों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा, मा0 अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत निगोही, सिधौली एवं तिलहर, शिवनरायण मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष भा0ज0पा0, सर्वेश वर्मा एवं विपिन, जिलामंत्री, उपायुक्त मनरेगा, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी/अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# गोदाम पर जड़ा ताला, ब्लैक में 2000 तक पहुंचा सिलेंडर

**स्वतंत्र भारत मिर्जापुर/परौर- शाहजहांपुर।** परौर क्षेत्र के ककोड़ा स्थित ओम साईं एचपी गैस वितरण केंद्र इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। वजह है–पिछले आठ दिनों से गैस सिलेंडर का न मिलना। हालात यह हैं कि गोदाम पर ताला लटका है और उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर रोज चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें मिल रहा है तो बस एक ही जवाब– ÷प्लांट पर गैस नहीं है।÷ क्षेत्र के सैकड़ों उपभोक्ता गैस न मिलने से परेशान हैं। सुबह से शाम तक लोग एजेंसी के बाहर पहुंचते हैं, लेकिन गैस न मिलने पर मायूस होकर लौट जाते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि घरों में चूल्हा जलाना मुश्किल हो गया है। कई परिवारों को मजबूरी में फिर से लकड़ी और उपलों का सहारा लेना पड़ रहा है। एजेंसी पर



मौजूद कर्मचारियों का कहना है कि गैस प्लांट से ही आपूर्ति नहीं हो पा रही है, इसलिए वितरण बंद है। कर्मचारियों के मुताबिक कई बार गैस लाने के लिए गाड़ियां लगाई गईं, लेकिन हर बार किसी न किसी कारण से गाड़ी कैंसिल हो जाती है। कर्मचारियों ने यह भी बताया कि एरिया मैनेजर द्वारा जानकारी दी गई है कि इस समय गैस की सप्लाई अधिकतर शहरी क्षेत्रों में की जा रही है, जबकि ग्रामीण इलाकों को कम प्राथमिकता दी जा रही है, जिसके कारण गांवों में गैस की किल्लत बढ़ गई है। हालांकि दूसरी तरफ इलाके में ब्लैक मार्केटिंग का खेल भी तेज हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि जहां एक ओर एजेंसी पर गैस नहीं मिल रही, वहीं कुछ लोग 1500 से 2000 रुपये तक में सिलेंडर बेच रहे हैं। मजबूरी में कई उपभोक्ता महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने को मजबूर हैं। अब सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि जब एजेंसी से गैस वितरण ही नहीं हो रहा, तो फिर गांव और आसपास के क्षेत्र में जो सिलेंडर बेचे जा रहे हैं वह आखिर कहां से आ रहे हैं? अगर एजेंसी से गैस नहीं निकली है, तो लोकल में बिक रही गैस का स्रोत क्या है? यह सवाल लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का तंज है कि ÷लगता है गैस भी अब शहर घूमने चली गई है, तभी तो गांव में आठ दिन से दर्शन नहीं दे रही।÷ वहीं कुछ लोगों का कहना है कि जरूरत के समय अगर सिलेंडर ही न मिले तो गैस कनेक्शन का क्या फायदा। एजेंसी स्वामी का कहना है कि उन्होंने कई बार गैस मंगाने की कोशिश की है, लेकिन प्लांट से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। जैसे ही गैस उपलब्ध होगी, उपभोक्ताओं को वितरण शुरू कर दिया जाएगा। फिलहाल सवाल यह है कि आखिर आठ दिन से गैस की आपूर्ति क्यों ठप है? और अगर सिलेंडर उपलब्ध नहीं है, तो फिर बाजार में ब्लैक में गैस कैसे बिक रही है। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर कब ध्यान देते हैं और परेशान उपभोक्ताओं को राहत कब मिलती है। फिलहाल परौर क्षेत्र के लोगों के लिए गैस सिलेंडर सुविधा कम और सवाल ज्यादा बन गया है।

# नशे में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास

**स्वतंत्र भारत तिलहर शाहजहांपुर।** युवक ने शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। परिजनों की सतर्कता से उसकी जान बच गई, हालांकि उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

कटरा थाना क्षेत्र के गांव बरखेड़ा हवेली के निवासी सर्वेश ने बताया उनके चाचा ने बुधवार करीब चार बजे शराब के नशे में घर के कमरे के अंदर कुंडे से चुन्नी के सहारे फांसी लगा ली। घटना के समय परिजनों ने उसे लटकता देखा तो तुरंत नीचे उतार लिया। युवक बेहोशी की हालत में था,जिसे आनन-फानन सीएचसी ले जाया गया।सीएचसी के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर, अस्पताल प्रशासन की ओर से घटना की सूचना पुलिस को भेज दी गई है।प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया कि मामले की जानकारी उनके संज्ञान में नहीं है।

# एकता में ही शक्ति है स्वच्छता में जीवन का आधार: डा. राजकुमार

## पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर कार्यक्रम अधिकारी जयेंद्र कुमार के नेतृत्व में सम्पन्न



**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहाँपुर।** प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद में चल रहे पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स शिविर के आज अंतिम दिवस पर कार्यक्रम अधिकारी जयेंद्र कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का समापन किया गया। शिविर प्रशिक्षिका डॉक्टर सरिता गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी बच्चों ने सफाई अभियान के अंतर्गत परिसर की सफाई की, तंबू का निर्माण किया और अपने-अपने तंबू को विभिन्न प्रकार के फूल पत्तियों से सजाया, लकड़ी जलाकर विभिन्न प्रकार के व्यंजन तैयार किये, तंबू इस बात को सिद्ध करते थे कि एक सभ्य और शिक्षित व्यक्ति का रहन-सहन किस तरीके से होना चाहिए। जिसमें साफ सफाई और पर्यावरण पर विशेष ध्यान दिया गया हो। इसी दौरान शिविर के प्रशिक्षिका ने सभी रोवर्स रेंजर्स को मानव जीवन में घटित होने वाली घटनाओं व उनके निवारण हेतु विधिवत प्रशिक्षण दिया जैसे अग्निशमन यंत्र द्वारा आग बुझाना, समस्या आने पर पेड़ पर चढ़ना, सड़क दुर्घटना से सुरक्षित कैसे रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर राजकुमार सिंह और विशिष्ट अतिथि के लिये डॉक्टर शाइस्ता नसीम ने टेंट का मूल्यांकन किया और बच्चों द्वारा बनाए गए व्यंजन का स्वाद भी लिया। मूल्यांकन के दौरान कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर अवधेश कुमार, कॉलेज के लिपिक पवन कुमार यादव और सत्य प्रकाश दुबे ने बच्चों द्वारा शिविर में किए गए कार्य एवं उनके द्वारा बनाया गये व्यंजनों की प्रशंसा की जिसमें फायजा द्वारा बनाया गया मटर पुलाव को सभी ने काफी पसंद किया। कार्यक्रम के अंत में समापन व सम्मान समारोह कॉलेज के सभागार में आयोजित किया गया है। जिसमें सबसे पहले डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया व कार्यक्रम अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा विशिष्ट अतिथि डॉक्टर शाइस्ता नसीम को उपहार में शॉल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन मे रोवर्स रेंजर्स को आशीर्वाद दिया और कहा कि एकता में ही शक्ति है और स्वच्छ जीवन ही स्वास्थ्य जीवन का रहस्य है। विशिष्ट अतिथि ने भी सभी बच्चों को अनुशासन में रहने और दूसरों की निःस्वार्थ सेवा करना ही रोवर्स रेंजर्स कार्यक्रम का आधार बताया ऐसी तमाम बातों पर उन्होंने प्रकाश डाला। डॉ. अवधेश कुमार ने प्रसन्नता जताते हुए कहा कि रोबर्स रेंजर्स शिविर कार्यक्रम देखकर उनको सभी बच्चों में एकता, समानता और भाईचारा की भावना दिखाई दी और उन्होंने सभी को हिदायत देते हुए कहा सभी बच्चे ऐसी भावना हमेशा बनाए रखें और सभी को धन्यवाद दिया मूल्यांकन के अनुसार इस वर्ष रानी लक्ष्मीबाई ग्रुप पहले नंबर पर सावित्रीबाई फुले, दूसरे नंबर पर कमल, तीसरे नंबर पर और चौथे नंबर पर महाराणा प्रताप रहा है। सभी ग्रुप के लीडर ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि द्वारा पुरस्कार प्राप्त किया।

अंत में कार्यक्रम अधिकारी ने बाहर से आए मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षिका सभागार में उपस्थित सभी बच्चे, सहयोगी कर्मचारी सबको धन्यवाद ज्ञापित किया और विजय शुक्ला, सुहाना वारसी, प्रवेशिका, हरि वीर, योगेश शुक्ला, आकांक्षा, माधुरी, सीमा, अंजली यादव,फैयाज, अंशिका, सत्यभामा इन सभी रोवर्स रेंजर्स को शिविर में विशेष योगदान के लिए विशेष सम्मान से सम्मानित किया।

# नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप

**स्वतंत्र भारत मिर्ज़ापुर/परौर -शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पीड़ति पिता ने गांव के ही युवक समेत तीन लोगों पर आरोप लगाते हुए थाना परौर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम गोलागंज निवासी एक युवक ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह मजदूरी करने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। 13/14 मार्च 2026 की रात नाबालिग पुत्री अपनी मां के साथ घर में रोज की तरह सो रही थी। इसी दौरान गांव का रहने वाला गौरव पुत्र ओमेन्द्र पाल सिंह मौका पाकर अपने मामा वरुण उर्फ दद्दू व अपनी मां रीतू के सहयोग से उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। पीड़ित पिता ने आरोप लगाया कि उनकी नाबालिग पुत्री अपने साथ घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात भी ले गई है। जब उन्हें इस घटना की जानकारी मिली तो उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने आरोपित पक्ष से संपर्क किया, जिस पर आरोपित पहले लड़की को वापस करने का आश्वासन देते रहे और थाने आने की बात कहते रहे। पीड़ित का कहना है कि आरोपित पक्ष लगातार टालमटोल करता रहा और अब लड़की को वापस देने से भी मना कर रहा है। इससे परेशान होकर वह थाना परौर पहुंचे और पूरी घटना की लिखित तहरीर देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। पुलिस से मांग की है कि उनकी नाबालिग पुत्री को सकुशल बरामद कराया जाए तथा आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इस संबंध में थानाध्यक्ष रामेन्द्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# झोपड़ी में लगी आग, एक दर्जन बकरियों की जलकर मौत



**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहाँपुर।** जानवरों के रहने के तबेले में अचानक आग लग गई आग देखते ही देखते ऊँची-ऊँची लपटों में तब्दील हो गयी। जिसमें एक दर्जन बकरियों की जलकर मौत हो गई आग जिस समय लगी उस समय मौके पर कोई नहीं था फूस की झोपड़ी नुमा तबेले में रखा सामान जलकर राख हो गया घटना दोपहर 11:00 की है। तहसील जलालाबाद के गांव कुड़रा तालुके पेहना के मजरा भुलभुलागंज निवासी प्यारेलाल पुत्र गंगाराम का फूस की झोपड़ी नुमा जानवरों के रहने का तबेला बना हुआ था जिसमें गाय, भैंस और बकरियां व कुछ घरेलू सामान था घर के लोग भैंस व गाय सुबह खोलकर चराने के लिए चले गए बकरियां छप्पर नुमा झोपड़ी में बंधी थी दोपहर 11:00 बजे अचानक झोपड़ी में आग लग गई जिससे उसमें रखा सारा सामान जलकर राख हो गया वहीं एक दर्जन बकरियों की जलकर मौके पर मौत हो गई बगल में ही प्यारे लाल के भाई रामकृपाल की झोपड़ी थी जिसमें कोई जानवर नहीं था आग उसमें भी पहुंच गयी चारपाई, बिस्तर, कपड़े व झोपड़ी जलकर भस्म हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान छोटेलाल ने एसडीएम, तहसीलदार व पशु चिकित्सक को फोन पर जानकारी दी आग बुझाने के काम को आरंभ कराया। तहसीलदार अनुराग दुबे से पूछने पर उन्होंने बताया कि लेखपाल व कानूनगो को मौके पर भेजा गया है आग से हुए नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट देने के लिए कहा है। बोले पशु हानि सहित जो भी नुकसान हुआ है उसका मुआवजा दिया जाएगा।

# दिन में कमर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति न हुई तो देगे ज्ञापन : सचिन

## महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व में होटल व्यापारियों की बैठक संपन्न



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की एक महत्वपूर्ण बैठक महानगर कार्यालय पर महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में शहर के होटल और रेस्टोरेंट कारोबारियों को आ रही कमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत पर गहरा रोष व्यक्त किया गया। महानगर अध्यक्ष सचिन बाथम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा, ÷सिलेंडरों की अनुपलब्धता के कारण आज शहर का होटल-रेस्टोरेंट व्यवसाय पूरी तरह ठप होने की कगार पर है। होटल संचालकों के पास अब कारीगरों और कर्मचारियों की छंटनी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है, जिससे बेरोजगारी ब? रही है। यदि जिला प्रशासन ने अगले 3 दिनों के भीतर आपूर्ति सुनिश्चित नहीं की, तो व्यापार मण्डल उक्त अधिकारी को ज्ञापन देने के लिए बाध्य होगा। इकबाल खान (महानगर संगठन मंत्री)= व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन को तुरंत इस समस्या का समाधान करना चाहिए, अन्यथा हम लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराएंगे। सिराज खान (होटल एसोसिएशन अध्यक्ष) कमर्शियल गैस न मिलने से हमारे सामने प्रतिष्ठानों पर ताला लगाने की नौबत आ गई है। लागत ब? रही है और काम बंद प?ा है।÷ शादान (होटल एसोसिएशन)= ÷सिलेंडरों की कमी से हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है। सरकार को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध करानी चाहिए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व और जन-भावनाओं का सम्मान करते हुए सभी नॉन-वेज होटल संचालक होटल के अंदर पर्दे में ही अपने व्यापार का संचालन करेंगे। इस अवसर पर पल्लव तुली, शोएब, जुबैर, शादाब, नावेद अनवर, चमन आलम, इस्तेखार अहमद आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# कर्ज के बोझ पर भारी पड़ी मौत फांसी लगाकर युवक ने दे दी जान

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहाँपुर।** कर्ज का बोझ बर्दाश्त नहीं कर पाया युवक तो फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया, आत्महत्या की घटना से परिवार में कोहराम मच गया। आनन फानन में पुलिस को सूचना दिए बगैर ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। थाना जलालाबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत रौली बौरी के मजरा नौंगवां में मंगलवार रात चालीस वर्षीय युवक कमलेश पुत्र गयादीन ने फांसी के फंदे पर लटक कर जीवन लीला समाप्त कर ली युवक ने कमरे के कुंडे में धोती का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार सुबह परिजनों ने फंदे पर लटका हुआ देखा तो नीचे उतार लिया, लेकिन उसकी मृत्यु हो चुकी थी परिजनों ने बगैर पुलिस इत्तेला किये शव का अंतिम संस्कार कर दिया। युवक की मृत्यु से घर कोहराम मच गया घटना के समय पत्नी अपने मायके गई हुई थी मृतक के पांच बच्चे हैं दो पुत्र तीन पुत्रियां हैं पत्नी नीलम का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार, मृतक पर ग्रामीण बैंक का 1 लाख 18 हजार रुपया कर्ज था, साथ ही कई अन्य लोगों से भी उधार ले रखा था। बैंक वालों ने उसे नोटिस भिजवाया था जिससे वह डिप्रेशन में था कर्ज चुकाने की चिंता से वह हमेशा परेशान रहता था और परिवार में आए दिन विवाद होता था। मंगलवार पत्नी के घर न होने पर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की कोई जानकारी नहीं है।

# महाविद्यालय में दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आज से

**स्वतंत्र भारत जलालाबाद-शाहजहाँपुर।** प्रेमकिशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा समारोह 19 एवं 20 मार्च 2026 को संपन्न होगा सारे कार्यक्रम स्थल महाविद्यालय प्रांगण में संपन्न होंगे। क्रीड़ा सचिव डॉक्टर अवधेश कुमार व प्राचार्य प्रोफेसर श्रीकृष्णा सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता 19 मार्च को शुरू होगी व 20 मार्च को समापन होगा। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि का स्वागत व क्रीड़ा ध्वज का आरोहण, सरस्वती वंदना, मशाल दौड़, एथलीट द्वारा मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा क्रीड़ा समारोह के शुभारंभ की घोषणा की जाएगी। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी जिसमें दौड़, चक्र प्रक्षेप, गोला प्रक्षेपण, भाला प्रेक्षेपण, लंबी कूद, ऊंची कूद शामिल हैं। द्वितीय दिवस में 5000 मीटर की दौड़, मुख्य अतिथि का क्रीड़ा सचिव द्वारा स्वागत, कैरम, शतरंज इत्यादि प्रतियोगिताएं होगी।

# मेहंदी प्रतियोगिता में सोनाली रही प्रथम



**स्वतंत्र भारत ब्यूरो शाहजहांपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ददरौल की प्राचार्य सोनिया गुप्ता के मार्गदर्शन में डायट में प्रशिक्षुओं की मेंहदीन लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में डीएलएड 2025 और डीएलएड 2024 बैच के प्रशिक्षुओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता दो वर्गो बांट दी गई। जिसके अंतर्गत डी एल एड 2024 बैच की सोनाली देवल को प्रथम स्थान , तनु राठौर को द्वितीय स्थान और शिखा अवस्थी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी तरह डी एल एड 2025 बैच में सिमरन को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ , अंशिका राठौर को द्वितीय स्थान और शिवानी राठौर को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के पश्चात प्रशिक्षण प्रभारी बी एल मौर्य और समस्त प्रवक्ताओं ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में शीतल देवी, विश्व प्रताप, भानु प्रताप , तृप्ति सिंह,मोनिका सिंह, प्रिया यादव, आफिया अंसारी, अंशिका बॉथम, रेनू वर्मा, आकांक्षा सक्सेना, शिवांगी वर्मा, इंद्राक्षी वर्मा, विदुषी मिश्रा, सिमरन, नैंसी रस्तोगी, निदा नाज, सृष्टि सिंह, वर्षा, आन्या गुप्ता, पायल श्रीवास्तव , महाविष, सत्यवीर, अंशिका यादव, तनु राठौर ने आदि ने बेहतरीन मेंहदी लगाई । कार्यक्रम को सफल बनाने में डायट प्रवक्ता जमाल अख्तर, डॉ राकेश कुमार पटेल , अजीत कुमार मिश्रा,अमन कुमार, वरुणा उपाध्याय अतुल कुमार शुक्ला, अंजनी कुमार भारती, अमित कुमार सुभाष चंद्र सिंह आदि का सहयोग रहा।

# कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का हुआ स्वागत



**शाहजहांपुर।** लखनऊ से बहेड़ी की ओर जाते समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का शाहजहांपुर में भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। बरेली मोड़ के पास स्थित एक ढाबे पर आयोजित इस स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता 'मुन्ना' एवं महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे और पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्वागत कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और जोरदार नारेबाजी के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की भी मौजूदगी रही, जिन्होंने कांग्रेस नेतृत्व के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अपने संबोधन में प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है और आम जनता अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ती आपराधिक घटनाएं और जनसमस्याएं सरकार की विफलता को दर्शाती हैं। उन्होंने महंगाई, बेरोजगारी और आमजन से जुड़े मुद्दों को उठाते हुए कहा कि सरकार इन समस्याओं के समाधान में पूरी तरह असफल रही है। उन्होंने आगे कहा कि अब प्रदेश की जनता परिवर्तन चाहती है और कांग्रेस पार्टी इस परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आगामी चुनाव को लेकर उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे गांव-गांव, घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएं और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करें। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी प्रदेश में मजबूत विकल्प के रूप में उभरेगी और जनता के सहयोग से सरकार बनाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशफ़ाक उल्ला खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही हरदोई जिला कांग्रेस अध्यक्ष विक्रम पाण्डेय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अर्चना वाल्मीकि, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष राम जी अवस्थी, एनएसयूआई अध्यक्ष रफी उल हसन एवं अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष सईद अंसारी सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त तनवीर सफदर, फरीद अली, अनस इकबाल, कृष्ण विनोद मिश्रा, कमल किशोर मिश्रा, डॉ. फहाद अली, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, इरफान खान, अदीब अहमद, गौरव त्रिपाठी, फुरकान अहमद कुरैशी, नवाब फैजान अली खान, प्रत्युष मिश्रा, शाश्वत मिश्रा, गंगा राम कठेरिया, गुड्डा मियां समेत सैकड़ों कांग्रेसजन कार्यक्रम में शामिल हुए और सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। अंत में सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए यह विश्वास दिलाया कि शाहजहांपुर सहित पूरे क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा आगामी चुनाव में पूरी ताकत के साथ पार्टी को विजय दिलाने का कार्य किया जाएगा।



# नौ सालों में सरकार ने किसानों, उद्यमों व मातृशक्ति के लिए किए तमाम कार्य-योगेश वर्मा





- सरकार के नौ साल पूरे होने पर मेले व प्रदर्शन का हुआ आयोजन
- जनप्रतिनिधियों ने गिनाई उपलब्धियाँ

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** उप्र सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्ट्रेट में 9 दिवसीय मेले और विकास प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसके सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित पात्रों को योजनाओं का लाभ भी दिया गया। विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार संग फीता काटकर व दीप जलाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरकार के काम पर आधारित लघु फिल्म प्रसारित की गयी। लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग भी देखी गई। कार्यक्रम का संयोजन सीडीओ अभिषेक कुमार और उनकी टीम ने किया।

विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि सरकार ने नौ वर्षों में किसानों, उद्यमों व मातृशक्ति के तमाम कार्य किए। विधायक ने जिले और उनकी विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की उपलब्धियों को भी गिनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित हुआ है। उन्होंने जनमानस के बीच योजनावार आंकड़े प्रस्तुत किए। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम आदमी की जिंदगी में व्यापक बदलाव आया है। अंत्योदय मंत्र को धरातल पर उतारा गया जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है। वहीं आयोजित मेले में सभी विभागों के स्टॉल लगाए। जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अफसरों ने इनका अवलोकन किया। लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। वहीं नौ दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा व विनोद शंकर अवस्थी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व सीडीओ अभिषेक कुमार मौजूद रहे। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीसी एनआरएलएम जेके मिश्र, डीपीओ भारत प्रसाद, अपर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी व लोग मौजूद रहे।

जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, विधायक योगेश वर्मा, और विनोद शंकर अवस्थी ने डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ जिले के 1140 स्वयं सहायता समूहों को 03 करोड़ 42 लाख रुपये का रिवाल्विंग फंड सौंपने, पांच लाभार्थियों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड, पांच को पीएम आवास योजना शहरी, पांच को सीएम आवास योजना ग्रामीण, छह को विश्वकर्मा श्रम सम्मान के तहत टूल किट, पांच को पीएम मातृत्व वंदना योजना की धनराशि और 10 को कृषि व उद्यान किट प्रदान किए जाने का व खादी ग्रामोद्योग विभाग ने भी फर्नीचर, दोना-पत्तल, शटरिंग ट्रेड के लाभार्थियों को हितलाभ का वितरण किए जाने का दावा किया गया।

## बाघ के हमले में घायल किसान की मौत

स्वतंत्र भारत

**गोला गोकरननाथ-खीरी।** कुम्भी क्षेत्र से सटे आबला बीट के नंदलालपुर गांव में सोमवार शाम 3 बजे एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई, जहाँ एक बाघ के हमले में 36 वर्षीय किसान मनोज कुमार (पुत्र गजोधर लाल) का आज पोस्टमार्टम के बाद शव आने पर गुस्साए परिजनों एवं ग्रामीणों ने सड़क जाम कर अपना दुःख व्यक्त करने लगे जहाँ मौके पर तत्काल . विधायक अमनगिरी पहुँचे शान्तिपूर्ण तरीके से परिजनों से संवाद स्थापित किया और साथ ही मौके पर मौजूद वन विभाग के सभी अधिकारियों को सख्त से सख्त रुख मे कहा जैसे जिस व्यवस्था से इस प्रकार की घटनाओं को रोका जाये उस पर तुरंत काम करिये जहाँ समस्या आये लिख कर दीजिये मै शीर्ष अधिकारियों से वार्ता करूंगा सुरक्षा के सभी इंतजाम पुख्ता करिये जिससे भविष्य मे इस प्रकार की घटनायें न हो साथ ही विधायक जी द्वारा परिवार मे एक एक सदस्य से वार्ता कर गले लगाकर सबको ढांढस बँधाया गया और मुआवजे सहित अन्य सभी प्रकार की मदद के लिए वादा किया गया।

## ओवरहाइट ट्रक से गिरा गन्ना महिला की मौत, तीन घायल

स्वतंत्र भारत



**धौरहरा खीरी।** सिसैया ढखेरवा मार्ग पर अनियंत्रित व ओवरलोड होकर फर्राटा भरते वाहनों में कोई कमी नहीं दिख रही जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। बुधवार को 11.30 बजें धौरहरा थाना क्षेत्र में ढखेरवा की तरफ से ऐरा चीनी मिल खमरिया जा रहे गन्ना भरे ओवरलोड ट्रक के टायर फटने से वायां हिस्सा (डाला) हरदुहा पुल के उपर फटने से खेतों से काम करके घर लौट रहे राहगीरों सुनीता 35 वर्ष पत्नी कमलेश व शिवांगी 12 वर्ष पुत्री कमलेश निवासी काजीपुरवा धौरहरा व सलीम 25 वर्ष पुत्र हबीब निवासी पठान वार्ड धौरहरा के उपर अचानक गन्ना गिरने से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे कोतवाल रविन्द्र सोनकर व अन्य पुलिस बल ने ग्रामीणों के सहयोग से आनन फानन में गन्ने से तीनों घायलों को निकलवा कर एम्बुलेंस से सी एच सी धौरहरा भेजा। जहां चिकित्सकों ने सुनीता की हालत गंभीर होने के चलते जिला अस्पताल रेफर किया। हल्का चोटिल शिवांगी व सलीम को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा। हरदुहा पुल पर हुई घटना से दोनों तरफ से लंम्बी लम्बी लाइनें लग गई। घटना के करीब आधे घंटे बाद पुलिस ने गाड़ी हटवाकर जे सी बी से बिखरा पड़ा गन्ना हटवाने के बाद जाम खुल गया। जबकि सुनीता की हालत ज्यादा नाजुक होने के चलते जिला अस्पताल ओयल रेफर किया। जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। राजस्व विभाग के लेखपाल सजंय श्रीवास्तव ने मामले की रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को भेजा हैं।

## विधायक ने सुनीं जन-समस्याएं, निस्तारण के अधिकारियों को

स्वतंत्र भारत



**पलिया कलां खीरी।** भाजपा विधायक ने 'जनता दर्शन' के दौरान विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों लोगों की समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश। जनता दर्शन में मुख्य रूप से राजस्व, पुलिस, विकास खंड एवं विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। विधायक रोमी साहनी ने प्रत्येक फरियादी की बात को पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। कई मामलों में उन्होंने संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों को फोन कर निर्देशित किया कि जन-समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक बिना किसी बाधा के पहुँचना चाहिए।

## मिल ने 24 करोड़ खाते में भेजे

स्वतंत्र भारत

**बिजुआ खीरी।** बिजुआ स्थित बलरामपुर ग्रुप की गुलरिया चीनी मिल ने किसानों को राहत प्रदान करते हुए 14 मार्च 2026 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान कर दिया है।

गुलरिया चीनी मिल के मुख्य महाप्रबंधक योगेश कुमार सिंह ने जानकारी दी कि 08 मार्च से 14 मार्च 2026 तक खरीदे गए गन्ने का कुल 24 करोड़ 48 लाख 73 हजार रुपए किसानों के खातों में भेज दिए गए हैं। मिल ने अब तक किसानों के खातों में कुल 4 अरब 85 करोड़ 04 लाख 57 हजार रुपए का भुगतान किया है।

## 98 लाख कुंटल से अधिक पेरा गया गन्ना



- नेत्र परीक्षण शिविर 24 को

**पलिया कलां-खीरी।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया का पेराई सत्र 2025-26 संपन्न हुआ। यूनिट हेड ओपी चौहान ने बताया कि पेराई सत्र में 98 लाख 7 हजार कुंतल गन्ने की पेराई की गई उन्होंने कृषकों से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में बसंत कालीन गन्ना बुआई करने तथा पेड़ी प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने की अपील की। केन हेड राजीव तोमर ने कहा कि अधिक उत्पादन देने वाली गन्ना प्रजाति जैसे 15023, 14201, 0118 आदि की बुआई करें। इस मौके पर विकास मलिक, संजीव दुबे, तनवीर अहमद, मनोज मिश्र, यूके पांडेय, शैलेश श्रीवास्तव, सौरभ गुप्ता व शैलेन्द्र सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल में 24 मार्च को नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें सीतापुर आंख अस्पताल के डॉक्टर मिल के कर्मचारियों व अधिकारियों सहित आम लोगों का नेत्र परीक्षण करेंगे।

## क्षेत्र पंचायत बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

**बिजुआ खीरी (स्वतंत्र भारत)।** बुधवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक बिजुआ ब्लॉक सभागार में हुई इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख नेहा राज ने की, जबकि बीडीओ महावीर सिंह ने इसका संचालन किया। गोला विधायक अमन गिरी बैठक के मुख्य अतिथि रहे। इस दौरान विकास कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई और सदस्यों से विभिन्न योजनाओं के लिए प्रस्ताव मांगे गए।



बैठक में विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी-अपनी योजनाओं की जानकारी दी। विचारणीय बिंदुओं में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रम, बाल विकास एवं पुष्टाहार, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पशु टीकाकरण, कृषि, सहकारिता और पेयजल संबंधी समस्याओं पर चर्चा शामिल थी। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना पर भी विचार विमर्श किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मनरेगा योजना के अतिरिक्त बजट, पंचम राज्य वित्त की अतिरिक्त कार्ययोजना और पंद्रहवें केंद्रीय वित्त की अतिरिक्त कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में विधायक अमन गिरी, ब्लॉक प्रमुख नेहा राज, खंड शिक्षा अधिकारी नागेंद्र चौधरी, पशु चिकित्सा अधिकारी हेमंत सिंह, भाजपा नेता दिनेश गुप्ता और ओमकार सिंह, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बच्चू सिंह, नीरज मौर्या, अमित राही, प्रधान संघ अध्यक्ष सरदार ओमकार सिंह सहित प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन से टकराकर गोवंश की मौत, आक्रोश

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** बुधवार को गाड़ी संख्या 55083 मैलानी-डालीगंज पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक गोवंश की मौत हो गई। लोगों ने इससे भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता को अवगत कराया। उन्होंने अपनी टीम को मौके पर भेजा, जिसमें नगर मंत्री सुमित गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। टीम ने मौके पर पहुंचकर मृत गोवंश का विधिवत अंतिम संस्कार करवाया। घटना पर जिलाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आए दिन ट्रेन की चपेट में आने से गौवंश की मौत हो रही है। लेकिन रेलवे प्रशासन इनके अंतिम संस्कार की समुचित व्यवस्था कभी नहीं करता। आरोप लगाया कि रेलवे प्लेटफॉर्म को खाली करवाकर मृत गोवंशों को खुले में फेंक दिया जाता है। उन्होंने रेलवे प्रशासन से उचित व्यवस्था की मांग की।

### कृष्णा टॉकीज ओवरब्रिज को हरी झंडी

**लखीमपुर खीरी।** सीडीओ अभिषेक कुमार ने शासन से कृष्णा टॉकीज ओवर ब्रिज (लेवल क्रासिंग संख्या - 121) को मंजूरी दिलाई। इससे पहले संकटा देवी से लालपुर बैरियर तक फोरलेन सड़क को स्वीकृति मिल चुकी थी। लेकिन रेलवे ओवरब्रिज की अनुमति न मिलने के कारण प्रोजेक्ट अधर में लटका हुआ था। अब दोनों मंजूरियां मिलने के बाद इसके निर्माण का रास्ता साफ हो गया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के धरातल पर उतरने से लोगों घंटों जाम में फंसे नहीं रहना होगा। आवागमन सुचारू हो सकेगा।

### नामित सभासदों का विधायक ने किया सम्मान



**पलिया कलां खीरी।** नामित सभासदों की सूची में नगर पालिका पलिया कलां से भी पांच सभासद नियुक्त किये गये। इसमें अर्चना अवस्थी, घनश्याम श्रीवास्तव, दौलत राम, कुसुम राय व पिछले दो कार्यकाल में भाजपा में सक्रिय भूमिका निभा रहे उदय वीर सिंह शामिल हैं। उदय वीर सिंह पार्टी के लिए काम करते हुए नगर पालिका में होने वाले आय व्यय बजट एवं नगर में होने वाले तमाम विकास कार्यों के लिए होने वाली मीटिंगों में सहभागिता निभाएंगे। नामित सभासदगणों को भाजपा विधायक रोमी साहनी ने अपने आवास पर सम्मानित किया साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष ने पालिका सभागार मे सम्मान समारोह आयोजित कर नामित सभी सभासदों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

## टीके के लिए किशोरियों का पंजीकरण आज से

**लखीमपुर-खीरी।** सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुंह का कैंसर) से बचाव के लिए 14 साल से 15 साल की आयु के बीच की किशोरियों को टीका 24 मार्च से लगाया जाएगा। इसके लिए किशोरियों का यू विन पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि टीकाकरण की शुरुआत मंगलवार को जिला महिला चिकित्सालय लखीमपुर सदर विधायक योगेश वर्मा, जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की उपस्थिति में की जाएगी। जनपद को 12000 वैक्सीन आवंटित हुई हैं। इसको लेकर संबधित चिकित्सक, स्टाफ नर्स, एएनएम व पैरामेडिकल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 14 साल की आयु पूर्ण कर चुकी व 15 साल से कम उम्र वाली किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा। इन किशोरियों को बाईं बाजू पर इंट्रा मस्कुलर इंजेक्शन लगेगा। सिर्फ एक डोज (0.5) एमएल से ही कैंसर का खतरा 99 फीसदी कम हो जाता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. रवि सिंह ने बताया कि आधार कार्ड पर लिखी उम्र के हिसाब से ही गणना होगी। यू विन पोर्टल पर किशोरियों को पहले पंजीकरण करना होगा। जिसके आधार पर टीका लगेगा। इसके बाद द्वितीय चरण में जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए लगने वाला टीका लगना प्रारंभ हो जाएगा।



## सीईआईआर की मदद से 4 गुम मोबाइल बरामद

स्वतंत्र भारत

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस को गुम मोबाइल फोन बरामद करने में एक बार फिर सफलता मिली है। थाना अध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत पुलिस टीम ने सीईआईआर पोर्टल की सहायता से 4 मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए और उन्हें उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस टीम द्वारा लगातार गुम मोबाइल फोन की तलाश के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तकनीकी माध्यमों व चेकिंग अभियान के जरिए यह सफलता हासिल हुई। बरामद मोबाइल फोन में टेक्नो पॉप 9, रेडमी 13 5जी, टेक्नो स्पार्क 9 और रियलमी 11 5जी शामिल हैं। मोबाइल वापस मिलने के बाद स्वामियों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई और उन्होंने थाना खीरी पुलिस का आभार व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि मोबाइल गुम होने के बाद उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, ऐसे में मोबाइल वापस मिलना उनके लिए बड़ी राहत साबित हुआ। गौरतलब है कि इससे पहले भी थाना खीरी पुलिस द्वारा कई लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें वापस दिलाया जा चुका है, जिससे आमजन में पुलिस के प्रति भरोसा और मजबूत हुआ है। थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद किया जा रहा है और आगे भी यह अभियान जारी रहेगा। बरामद करने वाली पुलिस टीम में थाना अध्यक्ष निराला तिवारी के साथ हेड कांस्टेबल पंकज कुमार व कांस्टेबल शिवम पांडेय शामिल रहे।



## श्रीराम कथा सम्पन्न

**बिजुआ खीरी।** बिचपुरी स्थित श्री शिवलाल बाबा स्थान पर आयोजित सात दिवसीय श्रीराम कथा का समापन बुधवार को हुआ। इस कथा का आयोजन ग्राम बिचपुरी के रुस्तम सिंह ने किया था, जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। समापन के सातवें दिन गोला विधायक अमन गिरी भी श्री शिवलाल बाबा आश्रम पहुंचे। उन्होंने कथा सुनी और आशीर्वाद प्राप्त किया, साथ ही भण्डारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। कथा के समापन पर एक विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कथावाचक पंडित कैलाश त्रिवेदी और शिवम कुमार वाजपेई ने मधुर वाणी में श्री राम कथा का वाचन किया। श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

## नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ समारोह आयोजित

स्वतंत्र भारत



**निघासन-खीरी।** तहसील सभागार में बुधवार को निघासन अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सिविल जज दिव्यांशु सैनी, विशिष्ट अतिथि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ला तथा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष महेंद्र पाल वर्मा रहे।

शपथ ग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि अजय कुमार शुक्ला ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रकेश मिश्रा, मंत्री मोहम्मद लतीफ खां, उपाध्यक्ष अरुण गुप्ता, संयुक्त मंत्री सर्वेश यादव, लेखा परीक्षक अखिल श्रीवास्तव, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रमेश भार्गव तथा कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रमेश भारती को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एसडीएम निघासन राजीव निगम, तहसीलदार दिव्यांशु शाही, सिंगाही नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद कयूम और निघासन नगर पंचायत अध्यक्ष बद्री प्रसाद मौर्य की उपस्थिति रही, जिससे समारोह की गरिमा और बढ़ गई।

विशिष्ट अतिथि अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए संगठन का सशक्त होना आवश्यक है। अंत में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें राजेंद्र तिवारी 'कंटक', कमलेश धुरंधर, अमित कैथवार, संदीप कटियार, कृति श्रीवास्तव और प्रशांत पांडेय ने काव्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में अधिवक्ता संघ के संरक्षक ध्रुव सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता सुबोध पांडे, सर्वेश मिश्रा, उमाकांत जायसवाल, सर्वेश गुप्ता, वीरेंद्र, प्रदीप कश्यप, रामकिशोर वर्मा, सोने लाल लोधी, मो अमीन, मो शकील, रुपेश श्रीवास्तव, हरि ओम गुप्ता, बच्चा लाल कश्यप, डीके सिंह, प्रमोद यादव, रामगोपाल मौर्या, अरुन यादव, पंकज यादव, धर्मेश यादव, आशीष कश्यप, नवदीप सिंह 'अगस्त्य', राजू गिरी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

## न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल आयोजित, मेधावियों को किया गया सम्मानित



**मितौली-खीरी (स्वतंत्र भारत)।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत मितौली न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन प्राथमिक विद्यालय तेंदुआ प्रथम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन निवर्तमान ए.आर.पी. प्रशांत कुमार पांडेय एवं बृजेन्द्र प्रताप सिंह की देखरेख व बीईओ मितौली भगवान राव की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में संकुल शिक्षक राममिलन सिंह ने विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की जानकारी उपस्थित ग्रामवासियों को दी। वहीं, नोडल संकुल शिक्षक सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर न्याय पंचायत के प्रत्येक विद्यालय से चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में संकुल शिक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार, राजेंद्र कुमार, महेश कुमार सहित न्याय पंचायत मितौली के शिक्षक अमित कुमार मिश्र, श्वेता मिश्रा, वजीहुल हसन, पूनम, पल्लवी मिश्रा, रोहित कुमार, राजेश कुमार वर्मा, दिनेश कुमार, कमता प्रसाद, नीलम सिंह, प्रियंका श्रीवास्तव, रेनू देवी समेत अनेक शिक्षक, शिक्षामित्र एवं अनुदेशक मुनेश कुमार उपस्थित रहे।

## पीस बैठक में सद्भाव के साथ त्यौहार मनाने की अपील



**लखीमपुर खीरी।** आगामी ईद-उल-फितर के मद्देनज़र थाना खीरी की चौकी परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ त्योहार को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। बैठक में सीओ/सहायक पुलिस अधीक्षक विवेक तिवारी, एसडीएम अश्विनी कुमार, नायब तहसीलदार, क्षेत्रीय लेखपाल, थाना अध्यक्ष निराला तिवारी, उपनिरीक्षक राज बहादुर, उपनिरीक्षक शुभम प्रताप व ईओ विनीत कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने कस्बे की विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान अतिक्रमण, बाजार से कटरा मार्ग पर नालियों के ऊपर किए गए कब्जे, नाले-नालियों की सफाई, चोक की समस्या, मच्छरों के बढ़ते प्रकोप तथा अवैध रूप से पाटे गए तालाब के कारण जलभराव जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। तालाब के मामले में नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। ईद की नमाज के दौरान रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया, खासकर व्हाट्सएप पर कोई भी भ्रामक सूचना साझा न करें। शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पूर्व चेयरमैन गुफरान अहमद, शारिक खान, इलियास चिश्ती, शिया समुदाय की ओर से हैदर हुसैन मंटू, मुस्लिम रहनुमा व नगर पंचायत सदस्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में उपनिरीक्षक शुभम प्रताप ने पीस कमेटी में शामिल हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

स्वतंत्र भारत

यदा यदाहि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।

## नए मुहाने

पश्चिम एशिया में धधक रहे युद्ध के ज्वालामुखी के नित नए खुलते मुहानों से अब चिंता यह खड़ी हो गई है कि यह आग बुझेगी भी या इस क्षेत्र के साथ पूरी दुनिया के सामने भी भीषण संकट खड़ा कर देगी। इस युद्ध में आम लोगों की जानें तो जा ही रही हैं, उससे भी नाजुक पक्ष परमाणु ठिकाने और तेल कुएं-रिफाइनरियां है जिन्हें निशाना बनाने की धमकियों का दौर तेज होता गया है। अगर ये हकीकत में बदल गई तो तमाम देशों की अर्थव्यवस्थाएं संकट में पड़ेंगी ही, परमाणु प्रकोप से मानवता और पर्यावरण भी खतरे में आ जाएगा। इस समय भी दोनों पक्षों की ओर से चल रही मिसाइलें बड़े पैमाने पर जानमाल को नुकसान पहुंचा रही हैं। विडंबना यह है कि युद्ध खत्म करने की आवाज़ें बारूद की धमक में ऐसे दब गई हैं जैसे उनका कोई मतलब ही नहीं। एक और डरावना पहलू यह भी है कि युद्ध में अंतरराष्ट्रीय नियम कानूनों की जमकर खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। मानवीयता का तो इसमें कोई मुद्दा ही नहीं रह गया है। इसे लेकर दुनिया भर में जताई जा रही चिंताएं किसी भी मायने की नहीं रह गई हैं। दूसरी ओर तेल ठिकानों पर दोनों पक्षों की ओर से हमले बढ़ गए हैं। इस पूरी विभीषिका को अमल में लाने के लिए अजीबोगरीब कुतर्कों का सहारा लेकर खुद को सही ठहराया जा रहा है। गाजा,ऊ लेबनान, ईरान और बीच-बीच में यूएई जैसे कुछ खाड़ी के देश- तबाही का यह सिलसिला जिस ढंग से पूरे क्षेत्र को अपनी जकड़न में ले रहा है, उसके बाद कोई उम्मीद बचती दिखाई नहीं देती। उस पर अमेरिका-इजरायल द्वारा आए दिन जताए जा रहे अपने विनाशकारी मंसूबे और उसी तेवर में ईरान के जवाब क्या किसी बातचीत की गुंजाइश बचाते हैं? इस युद्ध की यही सबसे बड़ी त्रासदी है कि जिस मानवता को बचाने की दुहाई देकर इसे शुरू किया गया, उसी मानवता की मानवता के वर्तमान और भविष्य को लेकर बेहद खतरनाक दांव लग रहे हैं। उन्नीस दिनों की विभीषिका के असर से दुनिया तो सहमी हुई है ही, अगर और लंबा खिंचा तो हालात की भयावहता शायद कल्पना से परे होकर सामने आएगी। अपना तब दबदबा कायम करने की या जंग वास्तव में सदियों पहले की कबायली संस्कृति का ही परिवर्धित स्वरूप है। तब भी ताकतवर सबको पस्त करता था और आज भी सारी जद्दोजेहद उसी जिद को लेकर है। देखना यह है कि आज की सबसे बड़ी महाशक्ति का अहम दुनिया को किस ओर धकेलता है और उसके बाद कोई रास्ता बचता भी है या नहीं?

## अस्पतालों में आग

मानव जीवन की सुरक्षा के दृष्टिकोण से अस्पताल जितनी संवेदनशील जगह हैं, उनके रखरखाव में उतनी ही गंभीर लापरवाहियां बरती जाती हैं। इसका ताजा उदाहरण ओडिशा में कटक के सरकारी अस्पताल में आग लगने से बारह मरीजों की मृत्यु है। लेकिन यूपी की राजधानी लखनऊ में भी अस्पताल उतने ही असुरक्षित हैं। इनमें भी सुरक्षा संबंधी सभी नियम ताक पर रखे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार लखनऊ के नौ सौ से अधिक निजी अस्पतालों में से छह सौ नवाबी अस्पताल बिना पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए चलाए जा रहे हैं। इनमें भी कई अस्पताल तो संकरी गलियों, दुकानों और किन शेड वाले काम्प्लेक्स में चल रहे हैं जहां प्रवेश और निकास का रास्ता एक ही है। ऐसी स्थिति में आग लगने पर जान बचाना लगभग असम्भव होगा। मजाक तो यह है कि सुरक्षा के नियम बेहद कड़े होने के बावजूद उनका पालन करने के नाम पर केवल खेल होता है। ऐसा कोई उदाहरण नहीं है कि नियमों का पालन न करने पर किसी अस्पताल पर प्रभावी रोक लगाई गई या उसका संचालन रोका गया हो। अगर कोई मामला सामने आया तो नोटिस जारी करने की खानापूर्ति कर बड़े-बड़े जिम्मेदार किनारे हो जाते हैं। अगर बात बढ़ी तो 'जांच की जा रही है' का जुमला दोहरा कर चैन से बैठ जाते हैं। हर घटना के बाद यही प्रहसन होता है। ऐसे में सवाल यही है कि क्या यह सब संबंधित विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और सांठगांठ के बिना संभव है। यही यह बात फिर साबित होती है कि चिकित्सा अब विशुद्ध व्यवसाय-कारोबार है और इसमें सबसे महत्वपूर्ण मरीजों व तीमारदारों की सुरक्षा नहीं बल्कि ज्यादा से ज्यादा मुनाफा है। नतीजा यह है कि अस्पतालों में आग के हादसे लखनऊ ही नहीं बल्कि झांसी, दिल्ली, कोलकाता, अहमदाबाद और जयपुर आदि जगहों पर हो चुके हैं लेकिन अग्नि सुरक्षा मानक आज तक सुनिश्चित नहीं कराए जा सकें। इस ओर सरकारों को भी ध्यान देना चाहिए कि जन सुरक्षा को हर हाल में सुनिश्चित किया जाए ताकि सार्वजनिक सेवाओं में आम लोगों का भरोसा बना रह सके तथा अकारण कोई जनहानि न होने पाए।

# नव संवत्सर : समन्वय का पर्व

हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर या विक्रम संवत के परिवर्तन का संकेत मात्र नहीं है, बल्कि यह समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के उस संगम का उत्सव है जो भारतीय जीवन-दृष्टि की वैज्ञानिक पहचान को



-डा. मनमोहन प्रकाश

अभिव्यक्त करता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, सनातनी परंपराओं को न भुलाने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की ऊर्जा प्रदान करता है।

भारतीय चिंतन की सबसे बड़ी विशेषता समय को रेखीय न मानकर चक्रीय मानना है। यहाँ हर अंत, एक नए आरंभ का सूत्रपात है। नव संवत्सर इसी शाश्वत चक्र की याद दिलाता है। यह संदेश है कि जीवन में परिवर्तन और नवीनीकरण की प्रक्रिया निरंतर चलती रहती है। अतः यह दिवस उत्सव मनाने के साथ-साथ, अपने विचारों और कर्मों को नए सिरे से परिभाषित और परिष्कृत करने का अवसर है।

सनातन परंपरा के अनुसार, इसी पावन तिथि को ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया था। प्रकृति की दृष्टि से भी यह समय अत्यंत महत्वपूर्ण है। चैत्र मास में वसंत ऋतु अपने चरमोत्कर्ष पर होती है; वृक्षों में नई कोपलें फूटती हैं और खेतों में फसलें लहलहाती हैं। प्रकृति के इस परिवर्तन को भारतीय संस्कृति ने केवल एक खगोलीय घटना नहीं, बल्कि जीवन के 'पुनर्जागरण' के रूप में स्वीकार करने का संदेश दिया है। यह पर्व प्रकृति और मनुष्य के बीच उस गहरे भावनात्मक संबंध यानी 'संवेदना' को पुनर्जीवित करता है। धार्मिक दृष्टि से भी इस दिन का विशेष महत्व है क्योंकि इसी तिथि से 'वासंतिक नवरात्रि' का शुभारंभ

> **हिंदू नववर्ष केवल कैलेंडर या विक्रम संवत के परिवर्तन का संकेत मात्र नहीं है, बल्कि यह समय, सृष्टि, संवेदना, संस्कृति और संकल्प के उस संगम का उत्सव है जो भारतीय जीवन-दृष्टि की वैज्ञानिक पहचान को अभिव्यक्त करता है। यह पर्व हमें अपनी जड़ों से जुड़ने, सनातनी परंपराओं को न भुलाने और भविष्य के लिए नए संकल्प लेने की ऊर्जा प्रदान करता है।**


होता है। नौ दिनों की यह शक्ति-उपासना प्रत्येक मानव को साधना, संयम और आत्म-अनुशासन का मार्ग दिखाती है। यह समय बाहरी




कोलाहल के बीच आंतरिक जागरण और सकारात्मक ऊर्जा के संचय का है, जिससे हम एक अनुशासित जीवन जीने का संकल्प ले सकें।

भारत की विशाल सांस्कृतिक विविधता में यह नववर्ष का प्रथम दिवस अलग-अलग नामों और रूपों में रचा-बसा है। महाराष्ट्र में इसे 'गुड़ी पड़वा', आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में 'उगादि', कश्मीर में 'नवरेह' और सिंधी समाज में 'चेटी चंड' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। संकेत स्पष्ट है कि विशाल भारत में भले ही नाम और रीतियाँ भिन्न हों, लेकिन समय के स्वागत और संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना सर्वत्र एक समान है। आज के तकनीकी और भौतिकवादी युग में इस दिन का महत्व और भी बढ़ जाता है, क्योंकि यह नव संवत्सर हमें याद दिलाता है कि वास्तविक प्रगति केवल भौतिक उपलब्धियों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से मापी जाती है। इस पवित्र पर्व के दिन यदि हम प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व, समाज में सह-अस्तित्व और राष्ट्र निर्माण में योगदान का संकल्प लें, तो यह पर्व एक परंपरा से आगे बढ़कर उज्ज्वल भविष्य की नींव बन सकता है। नव संवत्सर हमें यह स्मरण भी कराता है कि प्रत्येक नया वर्ष केवल तारीखों का बदलना नहीं, बल्कि जीवन को नए दृष्टिकोण और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का एक ईश्वरीय आमंत्रण है। आइए, इस पावन अवसर पर हम सब भारतीय समय और सृष्टि के साथ कदम मिलाते हुए एक श्रेष्ठ समाज एवं आत्मनिर्भर विकसित राष्ट्र के निर्माण का संकल्प लेते हैं। मेरा ऐसा मानना है कि विश्व के लोग यदि इस पर्व के मर्म को समझ पाते, तो आज जो वैश्विक अशांति और युद्ध का वातावरण व्याप्त है, उससे मुक्ति मिल जाती और 'विश्व बंधुत्व' की भावना को बल मिलता।

## ।। यथार्थ गीता ।।



स्वामी अड़गड़ानंद

### सप्तम् अध्याय

(गतांक से आगे

लोग मुझे साधारण व्यक्ति समझकर नहीं भजते; क्योंकि मैं योग-प्रक्रिया द्वारा ढँका हुआ हैं। अनुष्ठान करते-करते योगमाया का आवरण पार करने वाले ही मुझ शरीरधारी को भी अव्यक्त रूप में जानते हैं, अन्य स्थितियों में नहीं। मेरे भक्त चार प्रकार के हैं- अर्थार्थी, आर्त, जिज्ञास और ज्ञानी। चिन्तन करते-करते अनेक जन्मों के अन्तिम जन्म में प्राप्तिवाला ज्ञानी मेरा ही स्वरूप है अर्थात् अनेक जन्मों से चिन्तन करके उस भगवत्स्वरूप को प्राप्त किया जाता है। राग-द्वेष के मोह से आक्रान्त मनुष्य मुझे कदापि नहीं जान सकते- किन्तु राग-द्वेष के मोह से रहित होकर जो नियतकर्म (जिसे संक्षेप में आराधना कह सकते हैं) का चिन्तन करते हुए जरा-मरण से छूटने के लिये प्रयत्नशील हैं, वे पुरुष सम्पूर्ण रूप से मुझे जान लेते हैं। वे सम्पूर्ण ब्रह्म को, सम्पूर्ण अध्यात्म को, सम्पूर्ण अधिभूत को, सम्पूर्ण अधिदैव को, सम्पूर्ण कर्म को और सम्पूर्ण यज्ञ के सहित मुझे जानते हैं। वे मुझमें प्रवेश करते हैं और अन्तकाल में भी मुझको ही जानते हैं अर्थात् फिर कभी वे विस्मृत नहीं होते। इस अध्याय में परमात्मा की समग्र जानकारी का विवेचन है, अतः- तत्सदिति श्रीमद्भगवद्गीतासूपनिषत्सु ब्रह्मविद्यायां योगशास्त्रे श्रीकृष्णार्जुनसम्वादे 'समग्रबोधः' नाम सप्तमोऽध्यायः ।।7।। इस प्रकार श्रीमद्भगवद्गीतारूपी उपनिषद् एवं ब्रह्मविद्या तथा योगशास्त्र विषयक श्रीकृष्ण और अर्जुन के संवाद में 'समग्र जानकारी' नामक सातवाँ अध्याय पूर्ण होता है। इति श्रीमत्परमहंसपरमानन्दस्य शिष्य स्वामीअड़गड़ानन्दकृते श्रीमद्भगवद्गीतायाः 'यथार्थगीता' भाष्ये 'समग्रबोधः' नाम सप्तमोऽध्यायः ।।7।। इस प्रकार श्रीमत् परमहंस परमानन्दजी के शिष्य स्वामी अड़गड़ानन्दकृत 'श्रीमद्भगवद्गीता' के भाष्य 'यथार्थ गीता' में 'समग्र जानकारी' नामक सातवाँ अध्याय पूर्ण होता है।

क्रमशः...

## ।। चाणक्य नीति ।।

♦♦♦

**धन्या द्विजमयी नौका विपरीता भवार्णवे।**
**तरन्त्यधोगताः सर्वे उपरिष्ठाः पतन्त्यधः।।**

इस संसार-सागर में ब्राह्मणरूपी नौका-अर्थात् ब्राह्मणों के सहारे अपने उद्धार की कामना करने वालों-की बड़ी विचित्र स्थिति है। इस संसार में नीचे गये हुए ब्राह्मणों के सामने विनम्र तो तर जाते हैं, परन्तु जो ऊपर बैठे रहते हैं गर्वित रहते हैं , उनका कभी उद्धार नहीं होता।

♦♦♦

# रसोई गैस संकट : इस तरह क्यों थूकिये कि मुंह पर वापस आये?

अमेरिका, इस्राईल व ईरान के बीच छिड़े युद्ध के बीच पूरा विश्व कच्चे तेल व गैस की आपूर्ति को लेकर चिंतित है। युद्ध छिड़ते ही भारत में भी इसका प्रभाव साफ़ नज़र



-निर्मल रानी

आने लगा। अमेरिका,इस्राईल व ईरान युद्ध के कारण ईरान के नियंत्रण वाले स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ में शिपिंग रुक गई है ।ग़ौरतलब है कि भारत मध्य पूर्व से अपनी 60 से लेकर 90त्न तक एल पी जी गैस व कच्चे तेल का आयात इसी मार्ग से करता है। स्ट्रेट ऑफ़ हारमूज़ जल मार्ग बाधित होने के कारण ही सरकार ने घरेलू गैस उपयोगको प्राथमिकता देते हुये कामर्शियल सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद कर दी है। साथ ही घरेलू सिलेंडर के दाम में 60 रुपये जबकि कमर्शियल में 115 रूपये तक की बढ़ोतरी की भी की गयी है। इस दौरान रसोई गैस के लिये जगह जगह लोगों की क़तारें देखने को मिलीं। कहीं कहीं से तो ब्लैक मार्केटिंग की ख़बरें भी सुनाई दीं। लोगों में गैस की क़िल्लत की शंका से दहशत फैल गयी। इससे विशेषकर व्यवसायिक क्षेत्र सबसे ज़्यादा प्रभावित हुआ क्योंकि लगभग 90 प्रति. होटल-रेस्तरां कमर्शियल एल पी जी सिलेंडर पर निर्भर हैं। राष्ट्रीय रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने इसे एक ऐसा संकट बताया जो 5.7 ट्रिलियन रुपये टर्नओवर और 80 लाख नौकरियों वाले वर्ग को ख़तरे में डाल रहा है। देश के अनेक होटल्स व रेस्तरां में मेन्यू में कटौती करते हुये रोटी, डोसा, पूरी, फ़्राई सामग्री, चाय-कॉफ़ी , हॉट ड्रिंक्स आदि हटा दिए गए। इसके बजाये केवल राइस-दाल, सैंडविच या कोल्ड ड्रिंक्स आदि ही परोसे जा रहे हैं। उदाहरण स्वरूप बेंगलुरु व चेन्नई सहित तमिलनाडु में हज़ारों छोटे रेस्त्रां पूरी तरह या कहीं कहीं आंशिक रूप से



बंद हो गये । बेंगलुरु होटल एसोसिएशन के अनुसार इस संकट से औसतन 25-30प्रतिशत का राजस्व घाटा हुआ है। सबसे ज़्यादा मार भोपाल में पड़ी जहाँ 40प्रतिशत व्यापार प्रभावित हुये। कई लोगों ने तो अपनी दुकानें भी बंद कर दीं। कुछ होटल व रेस्त्रां इंडक्शन या इलेक्ट्रिक ओवन का प्रयोग करने लगे हैं। अचानक इंडक्शन की बढ़ती मांग के चलते कई जगहों से तो इंडक्शन व स्टोव के भी आउट ऑफ़ स्टॉक होने की ख़बरें आई हैं।

इस संकट का सामना करने के लिये सरकार द्वारा रिफ़ाइनरी उत्पादन 25प्रतिशत तक बढ़ने का समाचार है। जबकि कुछ राज्यों में केरोसिन व कोयला आपूर्ति करने की अस्थायी अनुमति भी दी गयी है । यदि आगे भी यही स्थिति बानी रही तो रेस्टोरेंट इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर बंदी और बेरोज़गारी का ख़तरा है। संकट की इस घड़ी में देश के अनेक नेता संसद से सड़कों तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2018 में विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम में दिये गये उस दिव्य ज्ञान को याद कर रहे हैं जिसमें उन्होंने एक ऐसे चायवाले की कहानी सुनाई थी जो नाले से निकलने वाली गैस से चाय बनाता था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बायो ईंधन की संभावनाओं पर बात करते हुए एक चाय वाले की कहानी का ज़िक्र किया था जो गंदे नाले से निकलने वाली गैस का इस्तेमाल करके चाय बनाता था। उन्होंने बताया था कि - एक छोटे शहर में नाले के पास चाय का ठेला लगाने वाला कोई व्यक्ति था। उस नाले से दुर्गंध और गैस निकलती थी, तो उसने सोचा कि इस गैस का इस्तेमाल क्यों न करें। उसने एक बर्तन को उल्टा करके उसमें छेद किया, पाइप डाला, और नाले की गैस को पाइप के ज़रिए अपने चूल्हे तक पहुंचाया। फिर उसी गैस से चाय बनाने लगा। मोदी जी ने इसे सिंपल सी टेक्नोलॉजी कहा और बायो ईंधन की क्षमता का उदाहरण दिया। बस मोदी के इसी बयान को देश के विपक्षी नेताओं व युवाओं द्वारा न केवल याद किया जा रहा है बल्कि देश में सैकड़ों जगहों से इसी फ़ार्मुले से चाय बनाने की नाकाम कोशिश करते हुये अनेक लोगों की वीडिओ भी वायरल हो रही हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने तो सुल्तानपुर में बाक़ायदा नाली में पाइप डालकर गैस चूल्हा जलाने का प्रयास भी किया, लेकिन चूल्हा नहीं जला। उन्होंने कहा, मोदी जी कहते हैं नाली की गैस से चाय बनाओ, लेकिन यह संकट मोदी सरकार ही लाई है। कुछ लोगों ने व्यंग्य किया कि प्रधानमंत्री के ज्ञान से प्रभावित व प्रेरित तमाम लोग नाले की गैस से चाय बनाने की कोशिश कर रहे हैं। सोशल मीडिया मीम्स और रील्स में 'अनपढ़ राजा' कहकर मोदी का मज़ाक़ उड़ाया गया, जहां नाली की गैस से चाय बनने का असफल प्रयास प्रदर्शित किया गया। मोदी के इसी 'दिव्य ज्ञान ' के पुराने वीडियो शेयर व रीशेयर करते हुये उन पर व्यंग्य कसे गए। विपक्ष ने तो इस संकट को सरकार की असफल विदेश नीति और तैयारी की नाकामी बताया है। तृणमूल कांग्रेस सांसद व पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आज़ाद ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'नाले की गैस से चाय बनाने' वाले पुराने बयान का व्यंग्यात्मक उल्लेख करते हुए सरकार पर तीखा तंज़ किया और गैस संकट पर सवाल उठाए। उन्होंने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा कि अगर प्रधानमंत्री की इस 'गटर गैस' वाली सोच को गंभीरता से लेकर उस पर शोध किया होता, तो आज देश में एलपीजी की ऐसी कमी और सिलेंडर के दामों में यह भारी बढ़ोतरी नहीं देखनी पड़ती। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि सरकार दावा करती है कि कोई बड़ा संकट नहीं है, तो फिर एलपीजी सिलेंडर के दाम क्यों बढ़ाए गए हैं और ग़रीब व मध्यम वर्ग पर इतना बोझ क्यों डाला जा रहा है।

## काँव-काँव

♦♦♦

**अर्थव्यवस्था को भी गति देती है आस्था-योगी**
राजनीति तो एक कदम न चले आस्था के बिना!

**इजरायली हमले में ईरानी सुरक्षा प्रमुख की मृत्यु**
हम ईरान से तेल लेकर इजरायल के साथ हैं !

**बिल्कुल घबरायें नहीं,घर पर ही मिलेगा सिलेंडर**
जैसे कोरोना में सबको आक्सीजन मिली थी!

**केसी त्यागी का जनता दल युनाइटेड से इस्तीफा**
समझदार लोग डूबती नाव की सवारी नहीं करते!

**पाकिस्तान का अफगानिस्तान पर हवाई हमला**
पाक को इस्लाम का किला बनाने चले थे जिन्ना!

**महापुरुषों को भुनाने में जुटी हैं सपा और बसपा**
भुने हुए महापुरुष नेताओं को स्वादिष्ट लगते हैं!

♦♦♦

## प्रेरक प्रसंग
### अमर फल

एक धार्मिक व्यक्ति था। एक दिन उसने अपने लड़के को कुछ पैसे दिये और कहा, जा, बाजार से कुछ फल ले आ।

लड़का पैसे लेकर चला। वह सोचता जा रहा था कि क्या-क्या फल खरीदेगा, तभी देखता क्या है कि रास्ते के एक तरफ को एक आदमी बैठा है। उसके तन पर चिथड़े लिपटे हुए हैं और वह भूख से छटपटा रहा है।

बालक का हृदय द्रवित हो गया। वह दौडा हुआ बाजार गया और उसकी जेब में जो पैसे थे, उनसे खाने की चीजें लाकर उस भूखे को दे दीं। खाना पाकर उस आदमी की हैरानी दूर हो गई।

यह देखकर बालक को बड़ी खुशी हुई। उसके पैरों में जैसे पंख लग गये। वह कूदता हुआ घर आया और सीधे अपने पिता के पास पहुंचा।

उसे खाली हाथ आया देखकर पिता ने कहा, अरे तू फल नहीं लाया ?

लड़का बोला, पिताजी, मैं लाया हूं, किन्तु फल नहीं, अमर फल लाया हूं।

थोड़ा रुककर लड़के ने सारा हाल कह सुनाया, फिर बोला, पिताजी, मैं फल ले आता और हमलोग उन्हें खा लेते तो उससे हमें किमना लाभ होता ? लेकिन उस आदमी को खाना मिल जाने से उसके पेट की ज्वाला शान्त हो गई। इससे बढ़कर आनंद की बात हमारे लिए क्या हो सकती है। पिता ने गद्गद् होकर बेटे को सीने से लगा लिया। ऐसी संतान पर किसी भी पिता को गर्व हो सकता था।

## आपका पत्र मिला
### रैप म्यूजिक से बनाई पहचान

पुराने दलों एवं नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की समस्याओं की जड़ बताना बालेंद्र शाह के रैप गानों का थीम रहा। इस तरह उन्होंने जन भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। नेपाल के चुनाव नतीजों से साफ है कि वहां के लोग पुरानी पार्टियों और नेताओं से कितने आजिज़ आ चुके थे। नेपाली कांग्रेस, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूएमएल), और नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को उन्होंने सिरे से ठुकरा दिया है। अब उन्होंने अपना दांव ऐसे नेता पर लगाया है, जिन्होंने अपनी पहचान रैप म्यूजिक से बनाई और उसी माध्यम से राजनीति में लोकप्रिय हुए। बालेंद्र शाह पहले अपने दम पर काठमांडू के मेयर बने और अब पिछले सितंबर की उथल-पुथल के बाद हुए चुनाव में लोगों की उम्मीद का सबसे बड़ा प्रतीक बन कर उभरे हैं। शाह के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) नेपाल के हालिया इतिहास की सबसे बड़ी जीत हासिल करने में कामयाब हुई है। शाह ने चुनाव अभियान भी रैपर के बतौर चलाया। पुराने दलों और नेताओं का मखौल उड़ाना और उन्हें देश की तमाम समस्याओं की जड़ बताना उनके रैप गानों का थीम रहा है। इस तरह उन्होंने लोगों के भावनाओं को आवाज दी। असर हुआ कि लोगों ने उनको ही समाधान मान लिया है। मगर चाहे राजनीतिक संस्कृति से जुड़ी समस्याएं हों या ठोस आर्थिक मसले- उनका समाधान रैप अथवा किसी संगीत से नहीं निकल सकता। इसके लिए ठोस कार्यक्रम एवं योजनाओं की जरूरत होगी। इस मामले में शाह के पास कोई सोच या नजरिया है, इसका कोई संकेत उन्होंने नहीं दिया है। बल्कि वे एक ऐसी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के बतौर जीते हैं, जिसके नेता पर भ्रष्टाचार के इतने गंभीर आरोप हैं कि जेन-जी विद्रोह के पहले तक वे जेल में थे।

एक नागरिक
वाया ई-मेल

**इस पेज पर प्रकाशित लेखकों के विचार निजी हैं। समाचार पत्र से इनका कोई लेना-देना नहीं है।**
आपके विचार व सुझाव भी आमंत्रित हैं।
संपादक,
स्वतंत्र भारत
1, जॉपलिंग रोड,
लखनऊ-226001
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com



# नवरात्र पूजा के लिए ऐसे तैयार हों सुहागिनें

## मेकअप और स्टाइलिंग के आसान तरीके

कोई नवरात्रि में देवी मां की कृपा प्राप्त करना चाहता है। नवरात्र में सुहागिन महिलाओं को नए कपड़े पहनना, सजना-संवरना बेहद जरुरी माना जाता है। जो लोग नए वस्त्र और श्रृंगार करती हैं, उनसे मां दुर्गा काफी प्रसन्न रहती है। इसलिए आपको नवरात्रि के नौ दिनों तक सजना-संवरना चाहिए। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे नवरात्रि पूजा के लिए तैयार हो।

अगर आप मंदिर जा रहे हैं, तो कैसे रेडी हो। चलिए आपको कुछ फैशन और मेकअप टिप्स बताते हैं जिन्हें आप फॉलो कर सकते हैं।

**ट्रेडिशनल आउटफिट पहनें**

नवरात्र में पूजा-पाठ के लिए पारंपरिक कपड़े पहनना बेहद जरुरी है। सुहागिन महिलाएं साड़ी पहनकर सबसे सुंदर दिख सकती है। आप चाहे तो सूट भी पहन सकती है। रेड, नारंगी, ग्रीन, येलो जैसे शिड्स के साड़ी या फिर सूट पहन सकती है, क्योंकि इन शेड्स के कपड़े काफी सुंदर और वाइब्रेंट नजर आते हैं। अब दिन के हिसाब से भी कपड़ों के रंगों का चयन कर सकते हैं।

**मिनिमल ज्वैलरी पहनें**

हैवी ज्वैलरी आपके लुक को खराब कर सकते है। इसलिए आप मिनिमल ज्वैलरी पहन सकती हैं। इससे आपका लुक बेहद ही प्यारा आएगा और आप स्टाइलिश नजर आएंगी। नवरात्र में सुहागिन महिलाओं को ज्वैलरी वियर करनी चाहिए। उदाहरण के तौर पर मंगलसूत्र, अंगूठी, चूड़ियां, पायल, बिछिया, झुमके आदि। यह आपके लुक को बेहतरीन बना देंगे।

**लाइट मेकअप करें**

आपका आउटफिट का लुक मेकअप पर डिपेंड होता है। इसलिए ज्यादा मेकअप करने से बचें। ग्लोइंग और लाइट मेकअप ही करें। फाउंडेशन का यूज न करें, इसके जगह आप टिंटेड मॉइश्चराइजर या बीबी क्रीम लगा सकते हैं। इसके साथ ही लिपस्टिक, लाइट काजल, लाइट आईशैडो और हल्का ब्लश लगा सकते हैं। आप चाहे तो हाईलाइटर का यूज कर सकते हैं। बिंदी और सिंदूर आपका लुक पूरा कंप्लीट कर देगा।

**बनाएं सुंदर-सा हेयरस्टाइल**

पूजा के लिए परफेक्ट लुक क्रिएट करने के लिए हेयर स्टाइल का रॉल बेहद काम साबित हो सकता है। आप सिंपल ब्रेड या मेसी बन साड़ी-सूट पर शानदार लुक प्रदान करेगा। आप चाहे तो गजरा लगा सकते हैं। ताजे फूलों को भी बन में लगा सकते हैं, जिससे आपको लुक खिलकर आएगा। आप चाहे तो गजरा लगाकर चोटी भी बना सकती हैं। अगर आपके हेयर एक्सेसरीज हैं, तो इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# नव दुर्गा की ध्यान मुद्राए



- रघोत्तम शुक्ल




**1-शैलपुत्री-** भाल बाल शशि,कमल वाम कर,शोभित दाएं हाथ त्रिशूल।
वृषभ सवार करूँ वंदन मैं,पाने हित फल शुभ अनुकूल।।

**2-ब्रह्मचारिणी-** लिये दाहिने कर जप माला,तथा कमण्डलु है कर वाम।
परम तपस्विनि,ब्रह्मचारिणी माता शोभित ललित ललाम।।

**3-चंद्रघण्टा-** घण्टा सदृश अर्द्ध शशि शिर पर,काया सुन्दर स्वर्ण समान।
शस्त्र धरे दश भुजा रणोद्यत,वीर केसरी जिनके यान।।

**4-कूष्माण्डा-** अमृत कलश लिये कर रवि सी देवि लिये आभा भरपूर।
नमन मातु हे कूष्माण्डा अब,करिये सब बाधाएं दूर।।

**5- स्कंदमाता-** सिंह पीठ असवार बिठाये कार्तिकेय को अपनी गोद।
दो हाथों में कमल शुभंकर,बसिये मॉ! मम हृदय समोद।।

**6-कात्यायनी-** चंद्रहास तलवार लिये कर,श्रेष्ठ सिंह पर जो असवार।
कात्यायनी मातु को नत हूँ,करतीं असुर वृंद संहार।।

**7-कालरात्रि-** श्याम मेघवर्णी अति दिव्या,खुले केश दाढ़ें विकराल।
गर्दभ यान,पयोधर उन्नत,विद्युत्कांति अधर हैं लाल।।
मले तेल तन पर,कर धारे कमल,अमोघ कठिन करवाल।
सकल सिद्धिदायिनि कृपालु मॉ कालरात्रि को हूँ नतभाल।।

**8-महागौरी-** श्वेत वृषभ आसीन परम शुचि,पहने श्वेत वस्त्र सु-पुनीत।
शुभकारिणि जन हेतु;सदा जो महादेव के मन की मीत।।

**9-सिद्धिदात्री-** सेवक जिनके अमर असुर,गंधर्व यक्षगण सिद्ध महान।
वे मॉ नवम् सिद्धिदा सारी करें सिद्धियॉ हमें प्रदान।।

**नोट-**आप चाहें तो नवरात्र में प्रतिदिन एक माता की फोटो सहित एक पद्य डाल सकते हैं।ये पद्य शास्त्रोक्त ध्यान मंत्रों के हिंदी रूपांतर हैं।

# प्रकृति की नन्ही दूत है चिड़िया

## 20 मार्च विश्व गौरैया दिवस पर विशेष

- रमेश सर्राफ धमोरा



विश्व गौरैया दिवस नन्ही घरेलू गौरैया और अन्य पक्षियों को समर्पित है। गौरैया की संख्या में हो रही तीव्र गिरावट के बारे में जागरूकता पैदा करने और लोगों को इन परिचित पक्षियों की रक्षा करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु यह दिवस प्रतिवर्ष 20 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य गौरैया के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करना और उनके लिए हमारे आस पास का माहौल बेहतर करना है। विश्व गौरैया दिवस 2026 एक बार फिर दुनिया को याद दिलाएगा कि आम पक्षियों को भी देखभाल और ध्यान की आवश्यकता है। कभी उपेक्षित समझी जाने वाली गौरैया अब कई कस्बों और शहरों से गायब हो रही हैं, जो इस दिन को रोजमर्रा की जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिक तंत्र के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का प्रतीक बनाती है। गौरैया मानव इतिहास के सबसे परिचित पक्षियों में से एक हैं। वे घरों, खेतों, बाजारों और शहरी सड़कों के पास पाई जाती हैं। उनकी उपस्थिति यह दर्शाती है कि किसी क्षेत्र में अभी भी पर्याप्त भोजन, सुरक्षित घोंसले बनाने की जगह और बुनियादी पारिस्थितिक संतुलन मौजूद है। गौरैया की मधुर चहचहाहट कई देशों में सुबह और शाम के जीवन का अभिन्न अंग रही है। गौरैया छोटे, फुर्तीले पक्षी होते हैं जो 4 से 7 इंच तक लम्बे होते हैं। उनके गोल, मोटा शरीर और छोटी मजबूत चोंच होती हैं जो खुले बीजों को तोड़ने के लिए उपयुक्त होती हैं। उनके पंखों पर धारियां या गहरे रंग के धब्बे होते हैं। यह हल्की भूरे रंग या सफेद रंग में होती है। इसके शरीर पर छोटे-छोटे पंख और पीली चोंच व पैरों का रंग पीला होता है।

जब बच्चा कुछ समझने लगता है तो सर्वप्रथम उसको घर के आंगन में सबसे अधिक जो पक्षी देखने को मिलता है वह नन्ही चिड़िया यानी गौरैया होती है। यह चिड़िया बचपन से ही हमारी साथी बन जाती है जो बच्चों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती है और अपनी मीठी आवाज से उन्हें आकर्षित करती रहती है। गौरैया बच्चों के हाथ से कई बार खाने की वस्तु भी झपटकर ले जाती है। छोटे बच्चे उन्हें पकड़ने के लिए उसके पीछे दौड़ते हैं और वह फुर्र से उड़कर ऊपर बैठ जाती है। गांव देहातों में यह आज भी देखने को मिल जाता है। मगर शहरों में अब ऐसा नजारा शायद ही कहीं देखने को मिलता होगा। गौरैया मनुष्य के आसपास रहना पसंद करती है। यह लगभग हर तरह की जलवायु पसंद करती है पर पहाड़ी स्थानों में कम दिखाई देती है। शहरों, कस्बों, गांवों, और खेतों के आसपास यह बहुतयात से पाई जाती है। नर गौरैया के सिर का ऊपरी भाग नीचे का भाग और गालों पर पर भूरे रंग का होता है। गला चोंच और आंखों पर काला रंग होता है और पैर भूरे होते है। मादा के सिर और गले पर भूरा रंग नहीं होता है। नर गौरैया को चिड़ा और मादा चिड़ी या चिड़िया भी कहते हैं। गौरैया पक्षियों के पैसर वंश की एक जीव वैज्ञानिक जाति है जो विश्व के अधिकांश भागों में पाई जाती है।

आरम्भ में यह एशिया, यूरोप और भूमध्य सागर के तटवर्ती क्षेत्रों में पाई जाती थी। लेकिन मानवों ने इसे विश्वभर में फैला दिया है। यह मनुष्यों के समीप कई स्थानों में रहती हैं। पिछले कुछ सालों में शहरों में गौरैया की कम होती संख्या पर चिन्ता प्रकट की जा रही है। आधुनिक स्थापत्य की बहुमंजिली इमारतों में गौरैया को रहने के लिए जगह नहीं मिल पाती। कभी बड़ी संख्या में हमारे साथ रहने वाली गौरैया अब धीरे-धीरे बहुत कम होती जा रही है। मगर जीवन की भाग दौड़ में किसी का ध्यान इनकी घाटी संख्या की तरफ नहीं जा रहा है।

बच्चों की सबसे नजदीकी मित्र गौरैया जिस तेजी से कम होती जा रही है उससे लगता है आने वाले समय में यह कहीं विलुप्त ना हो जाए। इसलिए हम सबको मिलकर गंभीरता से ऐसे प्रयास करने चाहिए जिससे गौरैया को संरक्षण मिल सके और उनकी संख्या में फिर से बढ़ोतरी प्रारंभ हो सके।

गौरैया चिड़िया को घरेलू चिड़िया भी कहा जाता है। क्योंकि यह घरों के अंदर भी घोसले बनकर रह लेती है। ये मानव और प्रकृति के लिए बहुत उपयोगी है। क्योंकि यह कीड़ों को खाती है जिससे कीड़े पौधों को नुकसान नहीं पहुंचा पाते हैं। गौरैया एक ऐसी चिड़िया है जो पर्यावरण के लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा धर्मशास्त्र के मुताबिक गौरैया का आपकी छत पर आना आपके लिए शुभ होता है। जानकारो का कहना हैं कि यह चिड़िया शांति और सदभावना का संदेश लेकर आती है।

# ईद से पहले चेहरे पर लाना है निखार, तो अपनाएं ये टिप्स



ईद का दिन हर किसी के लिए बेहद खास होता है। रमजान का महीना बीतने के बाद आखिरी दिन ये त्योहार मनाया जाता है। इस दिन के लिए काफी-काफी दिन पहले से तैयारी शुरू हो जाती है। घरों में लोग पकवान बनाते हैं, और अपने घर को भी खासतौर पर सजाते हैं। ईद के दिन हर कोई नए कपड़े पहनता है, जिसके लिए पहले से शॉपिंग शुरू कर दी जाती है। अगर महिलाओं और लड़कियों की बात करें तो हर त्योहार में उनका उत्साह देखने को मिलता है। ऐसे में अगर आप चाहती हैं, कि ईद के दिन आपका चेहरा खिला-खिला दिखे तो आज के इस लेख में हम आपको कुछ स्किन केयर टिप्स बताने जा रहे हैं। इन टिप्स को अपनाकर आपका चेहरा भी खिल उठेगा। इन टिप्स को अपनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। तो आइए देर न करते हुए आपको भी इन टिप्स के बारे में बताते हैं।

**फेशियल-** ईद के पहले चेहरे का ग्लो बरकरार रखने के लिए आप फेशियल करा सकती है। अगर पार्लर जाने का समय नहीं है तो घरेलू चीजों के इस्तेमाल से आप घर पर ही फेशियल कर सकती हैं। फेशियल से आपकी त्वचा की डेड स्किन निकल जाती है, जिस वजह से त्वचा भी खिली-खिली रहेगी।

**चेहरे को दिन में दो बार धोएं**

चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए त्वचा को दिन में दो बार सही तरह से साफ जरूर करे। इसके लिए किसी अच्छे फेसवॉश का इस्तेमाल करें। ताकि इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे की त्वचा सही तरह से साफ हो जाए।

**स्क्रब है जरूरी**

चेहरे की डेड स्किन निकालने के लिए स्क्रब बहद जरूरी है। इसके लिए आपको स्क्रब के होममेड पैक आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। अगर आप बाजार वाले स्क्रब का इस्तेमाल नहीं करना चाहतीं, तो इसके लिए घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

**लगाएं फेस पैक**

अगर आपको घरेलू चीजों के इस्तेमाल पर ज्यादा भरोसा है, तो घर पर ही फैस पैक तैयार करके आप इसका इस्तेमाल कर सकती है। इससे आपका चेहरा खिल उठेगा।

# धूप से झुलस गई है त्वचा, तो इस तरह करें देखभाल



आमतौर पर गर्मियों में सनबर्न की समस्या ज्यादा होती है, क्योंकि सूर्य की तेज किरणें त्वचा को झुलसा देती हैं। इससे आपकी स्किव खराब हो जाती है। सनबर्न को रिमूव करना आसान नहीं होता। हम आपको इस लेख में 10 आसान घरेलू नुस्खे बताएंगे, जो आपकी सनबर्न की समस्या में राहत देंगी। सबसे पहले आप गर्मी के मौसम में ज्यादा से ज्यादा पानी और तरल पदार्थ का सेवन करें, इससे आपकी त्वचा हाइड्रेटेड रहे और उसमें रुखापन न आए। आप पानी के साथ-साथ, जलजीरा, आमपना, शिकंजी आदि का सेवन करें। त्वचा को अंदरुनी और बाहर दोनों ही तरफ से आपको हाइड्रेटेड रखना चाहिए। इसके लिए आप एलोवेरा जेल, कोकोनट वॉटर, गुलाब जल आदि को टोनर की तरह चेहरे पर इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे स्किन हाइड्रेटेड और मॉइश्चराइज्ड रहती है। त्वचा पर मुल्तानी मिट्टी और चंदन का लेप भी लगा सकते हैं। अगर आपकी स्किन ड्राई है तो इस लेप में शहद भी मिक्स कर सकते हैं। ऑयली त्वचा वालों को मुल्तानी मिट्टी के साथ गुलाब जल मिक्स करना चाहिए। गर्मियों में आप दही और बेसन का स्क्रब भी चेहरे पर लगा सकते हैं। दोनों ही बहुत अच्छे एक्सफोलिएटर हैं और त्वचा की डेड स्किन को रिमूव करने की क्षमता को रखता है। आप चेहरे पर खीरे का रस भी लगा सकते हैं। इससे विटामिन-सी होते है, जो त्वचा के दाग-धब्बों को कम करता है और स्किन को गहराई तक साफ करता है। खीरे का रस लगाने से त्वचा को ठंडक और ताजगी भी आती है।

# इस तरह खुद से करें नेल आर्ट

आजकल नेल आर्ट का हर लड़की को बेहद शौंक है। नेल आर्ट की मदद से ना सिर्फ आपके हाथ खूबसूरत लगते हैं बल्कि आपकी पुरी लूक इससे बदल जाती है। लेकिन हमेशा पार्लर जाकर नेल आर्ट करवाना काफी महंगा पड़ता है ऐसे में हम आपको आज घर पर ही बेहद आसान तरीके से नेल आर्ट करने के कुछ खास तरीके बताएंगे जिससे आप भी घर पर अपनी पसंद की नेल आर्ट कर सकती हैं। **नेलपेंट रिमूवर :** नये नेल आर्ट को बनाने के लिए पुराने वाले को हटाना भी जरूरी होता है। इसलिए इसके लिए अच्छी क्वालिटी का नेलपेंट रिमूवर रखें। जो नाखूनों की सेहत को नुकसान ना पहुंचाता हो। उम्मीद है कि नेल आर्ट के लिए ये टिप्स आपके काफी काम आएंगे। **डॉटिंग टूल :** नेल पॉलिश मोटा होने के कारण आप उससे कोई छोटी डिजाईन नहीं बना सकते।

# गुड़ी पड़वा : जहां परंपरा प्रेरणा बनती है और संस्कृति जीवित होती है

जब नई शुरुआत की पहली आहट समय के द्वार पर दस्तक देती है और



- कृति आरके जैन

प्रकृति मुस्कुराकर नवजीवन का स्वागत करती है, तब चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का पावन प्रभात एक अलौकिक आभा लेकर अवतरित होता है। यह केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि जीवन में नए सृजन, नई आशा और नए उत्साह का उज्ज्वल आरंभ है—जिसे हम गुड़ी पड़वा के रूप में मनाते हैं। स्वर्णिम किरणों के साथ जब यह दिन धरती को आलोकित करता है, तब हर आंगन में आशा की ध्वजा फहराती है और हर हृदय में नववर्ष का उत्साह उमड़ पड़ता है। यह उत्सव समय के चक्र में वह पवित्र बिंदु है, जहां अतीत का अनुभव और भविष्य की संभावनाएं एक साथ मुस्कुराती हैं।

जब इतिहास, आस्था और सृष्टि की स्मृतियां एक साथ जाग उठती हैं, तब गुड़ी पड़वा का असली महत्व सामने आता है। यह केवल परंपरा नहीं, बल्कि उस दिव्य क्षण की याद है जब ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना की। यह दिन धर्म की विजय का प्रतीक है, जहां सत्य ने असत्य पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। श्रीराम का अयोध्या आगमन हो या छत्रपति शिवाजी महाराज का स्वराज्य—हर गाथा इस दिन जीवंत हो उठती है। शालिवाहन की विजय इसे नवसंवत्सर का आधार बनाती है और यह संदेश देती है कि हर संघर्ष का अंत विजय में ही होता है। यह संगम गुड़ी पड़वा को अमर परंपरा और साहस, विश्वास की ज्योति बनाता है।

जब प्रकृति स्वयं नवजीवन के उत्सव में डूब जाती है, तब इस दिन का खगोलीय और प्राकृतिक महत्व और भी स्पष्ट हो जाता है। वसंत का पूर्ण जागरण, सूर्य की कोमल ऊष्मा और खेतों में लहराती सुनहरी फसलें इस बात की साक्षी हैं कि धरती नई ऊर्जा से भर उठी है। रबी फसलों की कटाई और नई बुआई की तैयारी इस पर्व को किसान के जीवन से गहराई से जोड़ती है। यह दिन सहज ही यह संदेश देता है कि परिवर्तन ही जीवन का शाश्वत सत्य है, और हर अंत अपने भीतर एक नए आरंभ की संभावना संजोए होता है। इसी कारण गुड़ी पड़वा केवल धार्मिक उत्सव नहीं रहता, बल्कि यह प्रकृति, विज्ञान और जीवनदर्शन का अद्भुत संगम बन जाता है।

गुड़ी पड़वा का सबसे जीवंत रूप गुड़ी की स्थापना में दिखाई देता है, जो विजय और समृद्धि का प्रतीक है। ऊंचे बांस पर सजे रेशमी वस्त्र, कडुनिंब की पत्तियां, आम के तोरण, पुष्पमालाएं और शीर्ष पर तांबे का कलश—सब मिलकर एक दिव्य ध्वज बनाते हैं। यह सिर्फ सजावट नहीं, बल्कि आशा, एकता और अडिग विश्वास का संकल्प है। जब यह ध्वज पूर्व दिशा में लहराता है, तो ऐसा लगता है मानो सूर्य स्वयं इसकी आभा को नमन कर रहा हो। हर झोंका इसमें संदेश भर देता है—ऊपर उठो, आगे बढ़ो और हर परिस्थिति में विजय पाओ।

जब श्रद्धा और उत्साह घर की चौखट पर उतरते हैं, तब गुड़ी पड़वा के अनुष्ठान पूर्ण रूप में जीवंत हो उठते हैं। प्रातः स्नान के बाद परिवार मिलकर गुड़ी की स्थापना करता है, जो केवल परंपरा नहीं, बल्कि सामूहिक आस्था और आनंद का उत्सव बन जाती है। रंगोली, तोरण और नए वस्त्रों में सजे चेहरे घर को दिव्य आभा से भर देते हैं। मंत्रों की गूंज, दीपशिखा की उज्ज्वल लौ और धूप की सुगंध इस अनुष्ठान को सिर्फ पूजा नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और जीवन में मंगल की कामना का शक्तिशाली माध्यम बना देती हैं।

जब स्वाद में भी परंपरा की आत्मा बसती है, तब यह उत्सव और भी पूर्ण हो उठता है। गुड़ी पड़वा के पारंपरिक व्यंजन केवल भोजन नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का संदेश हैं। कडुनिंब की कड़वाहट और मिठास का संगम यह सिखाता है कि जीवन के हर अनुभव का अपना महत्व है। पूरनपोली, श्रीखंड और अन्य पकवानों की सुगंध घर-आंगन में आनंद घोल देती है। यह पाक परंपरा केवल स्वाद की तृप्ति नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, संस्कृति और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है, जो हमें ऋतु के अनुरूप जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

जब समाज एक साथ उल्लास में खिल उठता है, तब गुड़ी पड़वा अपनी पूर्णता को प्राप्त करता है। यह पर्व केवल घर तक सीमित नहीं, बल्कि गलियों, बाजारों और समुदायों में जीवंत हो उठता है। नृत्य, गीत, जुलूस और पारंपरिक वेशभूषा इस दिन को रंग और उत्साह से भर देते हैं। नई शुरुआत की हलचल और सपनों की तैयारी हर ओर दिखाई देती है। आधुनिक युग में भी यह पर्व अपनी जड़ों को संजोकर नई पीढ़ी को सिखाता है कि परंपरा ही भविष्य की ऊंचाइयों की नींव है। यह सामाजिक एकता, सांस्कृतिक गौरव और सामूहिक चेतना का प्रखर प्रतीक बनकर उभरता है।



-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

## दैनिक पंचांग लखनऊ

**बृहस्पतिवार, 19 मार्च 2026**

श्री शुभ सम्वत् 2083 शके1947 श्री सूर्य दक्षिण अयने पृथ्वी दक्षिण गोलगते वसंत ऋतौ चैत्र मासोत्तमे कृष्ण पक्षे, अमावस्या तिथौ गुरु वासरे 06/54/ उत्तर भाद्रपद नक्षत्रे 28/05/ शुक्ल योग 25/17/ नाग करणे 06/54/ मीन राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

**व्रत एवं त्यौहार-** विक्रंम संवत (सिद्धार्थ) प्रारम्भ। चैत्र वसंतिक नवरात्रारम्भ। कलश स्थापना। गुड़ी पडवा। गुरू अमरदास गुरुयाई दिवस। आर्य समाज स्थापना दिवस। चांद संवत्सर 2082(काल) विक्रमीय समाप्त।

**मेष :** व्यवसायिक योजना को बल मिलेगा। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। तनाव व रोग से बचें। यात्रा की सम्भावनाएं बनेंगी।

**वृष :** रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। यात्रा का योग है। स्वस्थ्य के प्रति सचेत रहे।

**मिथुन :** परिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। मांगलिक कार्य संपन्न होंगे। जीविका के क्षेत्र में चल रहे प्रयास सफल होंगे।

**कर्क :** व्यवसायिक योजना का लाभ मिलेगा। रोग व शत्रु के कारण तनाव मिलेगा गृहपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। यात्रा से बचें।

**सिंह :** निर्माण की दिशा में चल रहें प्रयास फलीभूत होगें। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। जीवन सुखमय होगा।

**कन्या :** दूसरे पर अधिक भरोसा ना करे। सम्बन्धों मे विकटता आयेगी। यात्रा से बचें। हनुमान जी की उपासना लाभकारी है।

**तुला :** आर्थिक मामलों में जोखिम न उठायें। स्वस्थ के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक कार्य में व्यस्त रहेंगे। शासन का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक :** सुख में कमी रहेगी। कटु वचन ना कहें। यात्रा से लाभ। धैर्य बनाएं रखें। आर्थिक मामलों में जोखिम न उठाएं। व्यय भार बढ़ेगा।

**धनु :** शारीरिक सुख में वृद्धि होगी। परिवार में सुख साधन की वृद्धि होगी। दुर्गा जी की उपासना से लाभ होगा। असम्मान का भाव रहेगा।

**मकर :** बुद्धि चातुर्य से उत्तम धन लाभ होगा। संयम एवं धैर्य से कार्य के होने की संभावना है। यात्रा का योग।

**कुंभ :** अल्प आय व खर्च की अधिकता के कारण आय व्यय में असंतुलन पैदा होगा। धैर्य बनाये रखें। हनुमान जी की पूजा फलदायी है।

**मीन :** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। निजी सम्बन्ध प्रगाण होगे। सम्बन्धो में निकटता आयेगी।

# वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से मजबूत है : मयंकेश्वर शरण सिंह

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण विभाग, उ०प्र० एवं जनपद के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने भूमिजा बहुउद्देशीय हाल खैराबाद में प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के ०९ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी मंत्री ने सरकार के ०९ वर्ष पूर्ण होने पर जनपद सीतापुर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं व विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुये पात्रों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ०९ वर्षों में जनपद सीतापुर में काफी परिवर्तन देखनें को मिला है। आगामी समय में नैमिषारण्य का जो विकास हो रहा है, उससे नैमिषारण्य एक वृहद तीर्थ के नाम से जाना जायेगा। उन्होंने पिछले ०९ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने काफी तरक्की की है तथा हमारी सरकार ने भू–माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की है। वर्तमान सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से मजबूत है, जो अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिये तत्पर है। महिलाएं एवं बच्चियां पूरी तरह से अपने आप को सुरक्षित एवं महफूज महसूस करती हैं। कृषि क्षेत्र में भी हम निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं तथा हमारी सरकार में उ०प्र० दिन प्रतिदिन तरक्की को ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि भारत २०४७ तक एक विकसित के रूप में स्थापित होगा। विधायक सेवता ज्ञान तिवारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी नारी शक्ति जो विभिन्न रूप में कार्य कर रही है, चाहें वह जिन क्षेत्र की हों, उनके लिये हमारी सरकार निरन्तर कार्यरत है। हमारी सरकार पूरी तरह से गांव, गरीब, किसान आदि की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री जी का जो संकल्प है, उसी संकल्प के तहत हम निरन्तर कार्य कर रहे है। उन्होंने सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर कार्य करना होगा, जिससे हमारा जनपद एवं देश एक विकसित देश के रूप में जाना जाये। उन्होंने गरीबों के उत्थान एवं महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर दिया। उ०प्र० विकास हेतु बजट एवं योजनाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। प्रभारी मंत्री एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा टी.बी. मरीजों को पोषण किट, राजस्व विभाग द्वारा घरौनी वितरण, एन०आर०एल०एम० के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को प्रशिस्त पत्र, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर., मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## विकास खण्ड के प्रा0वि0 अड़बेनिया ग्रन्ट (शंकरपुर) का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाएं

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर । जिलाधिकारी राजागणपति आर. ने प्रा०वि० अड़बेनिया ग्रन्ट (शंकरपुर) विकास क्षेत्र एलिया का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षकों एवं बच्चों का उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन एवं बच्चों की संख्या की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने साप्ताहिक आंकलन रजिस्टर का भी अवलोकन किया। कक्षा–१ एवं कक्षा २ के बच्चों से पुस्तक पढ़वाते हुये ड्रेस एवं अन्य जानकारियां प्राप्त कीं। कक्षा–२ की छात्रा द्वारा पुस्तक अच्छी पढ़े जाने पर प्रशंसा की। निपुण तालिका का भी अवलोकन करते हुये निपुण बच्चों से वार्ता की। रसोई घर पहुंचकर कच्चे खाने की गुणवत्ता चेक करते हुये बच्चों को दिये जाने वाले मैन्यू को भी देखा। उन्होंने निर्देश दिये कि रसोईया अपनी यूनीफार्म में रहें एवं भोजन शुद्ध जल में ही बनायें। प्रधानाचार्य से शुद्ध पेयजल की जानकारी करते हुये निर्देश दिये कि यदि पानी की टंकी साफ न हो तो उसकी साफ-सफाई अवश्य करायी जाये, जिससे बच्चे बीमार न हों। निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक रूप से करा लें-मीनाक्षी पाण्डेय

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय की अध्यक्षता में माह मार्च २०२६ में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से सम्बन्धित विभागो के अधिकारीगणों के साथ ही किसान बन्धु व किसान संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। किसान दिवस में सर्वप्रथम उप कृषि निदेशक, के द्वारा किसान दिवस में प्रतिभाग करने वाले सभी कृषकों एवं अधिकारियों का स्वागत करते हुये अवगत कराया गया कि ०१ अप्रैल २०२६ से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रों पर अनुदान व धान व गेहूँ क्रय केन्द्र पर विक्रय करने आदि योजनाओं का लाभ उठाने हेतु फार्मर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया है। अतएव समस्त किसान भाई फार्मर रजिस्ट्री आवश्यक रूप से करा लें। साथ ही समस्त किसान बन्धु गेहूँ क्रय केन्द्रों पर ही गेहूँ की बिक्री करें। तदोपरान्त जिला कृषि अधिकारी, द्वारा गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण की स्थिति से अवगत कराया गया। नगर मजिस्ट्रेट द्वारा किसान बन्धुओं को अवगत कराया गया कि गन्ने की फसल के साथ दलहनी फसलों की अन्त: फसली खेती कर किसान भाई आय में वृद्धि कर सकते हैं। किसान दिवस में कृषक बन्धुओं/किसान संगठनों के स्तर से कुल १३ समस्याएं प्राप्त हुयीं तथा प्राप्त समस्याओं को अध्यक्ष द्वारा सुना गया। नगर मजिस्टेऊट द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकता है, अतएव सम्बन्धित विभाग समस्याओं का निस्तारण ससमय कराना सुनिश्चित करें। साथ हीं नगर मजिस्टेऊट द्वारा उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसान दिवस में प्राप्त समस्याओं का ससमय गुणवत्तापरक निस्तारण करते हुये निस्तारण आख्या सम्बन्धित कृषक को प्रेषित की जाये व प्रतिलिपि उप कृषि निदेशक, को अवश्य उपलब्ध करायी जाये। यदि किसी विभाग/अधिकारी द्वारा समस्या का निर्धारित समय में निस्तारण नहीं किया जाता है तो सम्बन्धित अधिकारी आगामी किसान दिवस में आख्या सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।




## पुस्तक मेला लखनऊ में कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को किया गया सम्मानित

(स्वतंत्र भारत)
बिसवां -सीतापुर। जनपद के विख्यात कवि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को पुस्तक मेला लखनऊ में सुंदरम साहित्य श्री सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें सुंदरम साहित्य संस्थान के वार्षिकोत्सव के अवसर पर रवीन्द्रालय परिसर में लखनऊ पुस्तक मेला पंडाल में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किया गया।इस समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार आचार्य ओम नीरव, विशिष्ट अतिथि डा दिनेश चंद्र अवस्थी व कृपाशंकर श्रीवास्तव विश्वास लखनवी व पीजीआई के अधीक्षक डा. राजेश हर्षवर्धन थे। अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष नरेन्द्र भूषण ने की।मंच पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र नाथ तिवारी व महामंत्री हरिमोहन माधव वाजपेई की उपस्थिति रही। संचालन डा योगेश , ममता पंकज , रेनू द्विवेदी व कैलाश पुंज ने किया। डा शोमा दीक्षित भावना द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना से समारोह का शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर काशी से पधारे वरिष्ठ कवि ब्रजेन्द्र द्विवेदी, भोपाल के मनीष श्रीवास्तव बादल, अनिल यादव, मंजू सक्सेना, वर्षा श्रीवास्तव, पत्रकार मृत्युंजय प्रसाद गुप्त, मनमोहन बाराकोटी, विजय तन्हा, अतुल बाजपेई, संतोष मौर्य मतवाला, रिंकी पाठक मणिकर्णिका, राजाराम चौरसिया कु लक्ष्मी चौरसिया, हृदय रोग विशेषज्ञ डा वी एम खरें तथा डा अभिनव गुप्त सहित 82 कवियों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु को सम्मानित किये जाने पर नगर व जनपद के अनेक गणमान्य लोगों व साहित्यकारो तथा जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी है।

बधाई देने वालों में मुख्य है राष्ट्रीय कवि संगम जिलाध्यक्ष आनंद खत्री आनंद , बिसवां लायर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मेहरोत्रा एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष बी एन गुप्ता, व कमलेंद्र बाजपेई, बिसवां बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव,संस्कार भारती बिसवां के पूर्व महासचिव घनश्याम शर्मा, रसिक काव्य संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष रामकुमार रसिक, कला कुंज भारती के संपादक पद्मकांत शर्मा प्रभात, क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा व सदस्य विधान परिषद पवन सिंह चौहान , सृजन साहित्य संस्थान के संस्थापक संदीप मिश्र सरसआदि। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए शतायु होने की कामना की है।



## विदेश भेजने के नाम पर 4.60 की ठगी, जांच शुरू

(स्वतंत्र भारत)
महमूदाबाद, सीतापुर। विदेश भेजने के नाम पर 4.60 की ठगी करने नकली बीजा व हवाई जहाज के नकली टिकट दिए जाने के मामले में एक वर्ष से स्थानीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई न होने पर विवस होकर तीन युवकों ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए पैसा वापस दिलाने की गुहार लगाई है। मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश पर सीओ महमूदाबाद कार्यालय पर जांच शुरू करते हुए बुधवार को पीड़ितों के बयान दर्ज हुए।
सदरपुर के बजेहरा के अरविंद पुत्र मिश्रीलाल, दिनेश गौतम पुत्र कंहई, आशीष कुमार पुत्र गया प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार आदि से दिसंबर 2024 में सदरपुर के नवीगंज के राम किशोर व देवरिया के फफूंदी के रुपई के अशोक ने विदेश भेजने के नाम पर 4.60 लाख रुपए ले लिए। जनवरी 2025 में विदेश भेजने के लिए सभी को चेन्नई भेजा किंतु वहां से न तो पीड़ितों को बीजा मिला और न ही टिकट। आखिरकार पांचों युवक वापस आ गए। इसके बाद से दोनों आरोपी कभी विदेश भेजने व कभी पैसे वापस लौटाने के नाम पर पीड़ितों से वादे किए जा रहे हैं। पीड़ितों द्वारा सदरपुर थाने पर 10 जनवरी 2025, दो मार्च 2025, 22 मार्च 2025, सात दिसंबर 2025 समेत सात प्रार्थनापत्र देने के साथ थाना व तहसील समाधान दिवस में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगा चुके हैं।
कहीं से न्याय न मिलने पर विवस होकर पीड़ित नौ मार्च को लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के दरबार पहुंच फरियाद लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री कार्यालय से जांच के आदेश जब सीओ महमूदाबाद को मिले तो पीड़ितों को बयान के लिए तलब किया गया। बुधवार को पीड़ित महमूदाबाद सीओ कार्यालय पहुंचे और अपने बयान दर्ज कराते हुए साक्ष्य प्रस्तुत किए। सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से मिले प्रार्थनापत्र की पूरी निष्पक्षता से जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध तमंचा व कारतूस बरामद

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में अपराध को अपनी आय का स्रोत बना लेने वाले अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी महोली नागेन्द्र चौबे के नेतृत्व में 28 फरवरी को वादी नवल किशोर दीक्षित पुत्र स्व0 अम्बिका प्रसाद दीक्षित मोहल्ला विकास नगर थाना महोली सीतापुर की तहरीर के आधार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 84/2026 धारा 109(1), 191(2),191(3),190 बीएनएस में वांछित केकड़ा गैंग के सदस्य अटल वाजपेई पुत्र कमल किशोर बाजपेई निवासी मोहल्ला चमारन टोला कस्बा व थाना महोली ,सूरज सिंह पुत्र राम सिंह निवासी मोहल्ला चमारन टोला कस्बा व थाना महोली द्वारा न्यायालय में आत्म समर्पण किया गया था। न्यायालय के आदेश के क्रम में अभियुक्तगण उपरोक्त को पीसीआर पर लिया गया। पूछताछ के उपरान्त हस्व निशादेही अभियुक्तगण के मुकदमा उपरोक्त की घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचा व कारतूस की बरामदगी की गयी। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 25 (1-बी) की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



## नेरी कलां में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। आंख अस्पताल सीतापुर द्वारा निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम निबाहरी,निकट उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक नेरीकला में कृष्ण बिहारी यादव उर्फ पिंकू व शेखर यादव द्वारा आयोजित किया गया।
नेत्र शिविर में विशेषज्ञों द्वारा लगभग 150 मरीजों का परीक्षण किया गया,जिसमे 45 मरीजों को मोतियाबिंद निकला,जिनको सीतापुर आंख अस्पताल के वाहन द्वारा सीतापुर आंख अस्पताल लाया गया,जिनका मुफ्त में आपरेशन किया जाएगा,और तीसरे दिन पुनः सभी मरीजों को उनके गंतव्य स्थान पर छोड़ देने का काम करेंगे।
शिविर में डाक्टर सिद्धार्थ गुप्ता,डा. शिवानी साहू, आप्टोमेट्रिस्ट सिमरन, आदर्श, प्रिय, शिवंकी,गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा, शाहनवाज अहमद, कृपाल ने मरीजों का परीक्षण किया। इस अवसर पर पिंकू यादव,शेखर यादव,अभय प्रताप सिंह, ओमप्रकाश यादव,आशीष कुमार, निरंजन मौर्य, रामौतार,अंकित यादव, चंद्रिका प्रसाद, आलोक कुमार, छोटू, आदि लोग मौजूद रहे।



## अवैध रूप से संचालित अस्पताल संचालक के खिलाफपुलिस ने दर्ज किया केस

(स्वतंत्र भारत)
महमूदाबाद–सीतापुर। कस्बे के एक घर में अवैध रूप से संचालित अस्पताल संचालक के खिलाफ पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेश पर केस दर्ज करते हुए शातिभंग की कार्रवाई की है। सीएचसी अधीक्षक डा. आशीष कुमार को रमुआपुर बीज भंडार के सामने एक घर में अवैध रूप से प्रसव का कार्य किए जाने की जानकारी मिली थी। रात करीब साढ़े आठ बजे एसडीएम बीके सिंह, कस्बा इंचार्ज दीपक राठौर ने घर पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान गर्भवती महिला आशु पत्नी मुस्तफा का बिंद कुमार पुत्र श्री कृष्ण के घर में रमा पुत्री संतू द्वारा प्रसव कराते टीम को मिला था। घर से प्रसव कराने के उपकरण व प्रसव में इस्तेमाल होने वाली दवाएं भी पाई गई थीं। आवास को सीज करते हुए भर्ती महिला को महिला अस्पताल रेफर किया गया था। एसडीएम ने सीएचसी अधीक्षक की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी को अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए अनुमति दिए जाने का पत्र भेजा था। देरात जिलाधिकारी की अनुमति मिलने के बाद कोतवाली में अस्पताल संचालक बिंद कुमार के चिलाफ मेडिकल एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया था। मंगलवार को पुलिस ने बिंद कुमार को शांतिभंग के तहत एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को जमानत दे दी गई।

## शिक्षित और अशिक्षित बेरोजगारो को रोजगार देने मे सरकार विफल है-डा आर पी वर्मा

(स्वतंत्र भारत)
बिसवां-सीतापुर। शिक्षित और अशिक्षित बेरोजगारो को रोजगार देने मे सरकार विफल है अगर रोजगार नही तो सरकार भी नही रहेगी , बेरोजगारो को रोजगार न देने वाली सरकार को बेरोजगार पलट दे । उक्त विचार आज यहां मनरेगा बचाओ यात्रा के स्वागत मे कमुआ मे आयोजित एक सभा को सम्बोधित करते हुए मनरेगा बचाओ यात्रा के प्रभारी डा आर पी बर्मा ने व्यक्त किये ,डा आर पी बर्मा ने कहा सीतापुर मे 10 लाख मनरेगा मजदूर और 8 लाख शिक्षित बेरोजगार रोजगार की तलाश मे भटक रहे है । इस अवसर पर शिव प्रकाश सिंह ने कहा मनरेगा सामाजिक परिवर्तन का हथियार है भाजपा सरकार इसीलिए मनरेगा को खत्म कर सामाजिक परिवर्तन के काम को रोक रही है ।
सुनीला रावत ने इस अवसर पर कहा बिसवां विधान सभा क्षेत्र के 82 हजार मनरेगा मजदूर रोजगार नही पा रहे है और सीतापुर का विधायक मौन धारण किए है ऐसे संविधान , रोजगार बिरोधी विधायक को इतिहास के कूड़ेदान मे फेंकने का वक्त आ गया है मनरेगा बचाओ यात्रा का कमुआ ,कौरासा , गेरवा माफी मे भव्य स्वागत और मनरेगा बचाओ संवाद सभाओ का आयोजन हुआ ।



## मोबाइल चोरी की घटना का खुलासाः पुलिस मुठभेड़ में अपराधी गिरफ्तार अवैध शस्त्र/कारतूस बरामद

(स्वतंत्र भारत)
सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा चोरी/लूट की घटना के संबंध में पंजीकृत अभियोग के अनावरण एवं संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही के निर्देश दिये गये थे। उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिधौली श्री कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना रामपुरकलां की पुलिस व एसओजी पुलिस टीम द्वारा थाना रामपुरकलां पर पंजीकृत मु0अ0सं0 50/26 धारा 305(।)/331 बीएनएस में प्रकाश मे आये अभियुक्त कौशलेन्द्र कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी ककरहिया संकरपुर थाना रामपुर कलां को थाना रामपुरकलां क्षेत्रान्तर्गत जोधपुर पुलिया के पास से पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। अभियुक्त के कब्जे से 02 अदद चोरी किये गये मोबाइल फोन, एक अदद मोटर साइकिल पल्सर, एक अदद पिट्ठू बैग व 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई अभियुक्त कौशलेन्द्र द्वारा किसी अन्य घटना को कारित करने की फिराक में है। यदि जल्दी घेराबंदी की कोशिश की जाय तो पकड़ा जा सकता है। जिस सूचना पर थाना रामपुरकलां पुलिस व एसओजी पुलिस टीम द्वारा थाना रामपुर कलां क्षेत्रांतर्गत जोधपुर पुलिया के पास रोकने का प्रयास किया गया तो मोटर साइकिल पर सवार अपराधी द्वारा पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास किया जाने लगा, जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ व गिरफ्तारी के उद्देश्य से की गयी कार्यवाही के दौरान अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम कौशलेन्द्र कुमार पुत्र राजेश कुमार निवासी ककरहिया संकरपुर थाना रामपुर काला जनपद सीतापुर ज्ञात हुआ। अभियुक्त के कब्जे से 02 अदद चोरी किये गये मोबाइल फोन, एक अदद मोटर साइकिल पल्सर, एक अदद पिट्ठू बैग व 01 अदद तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त को तत्काल इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त का चालान न्यायालय किया जा रहा है।





# सीएम दौरे की आहट - लोकार्पण के बहाने सियासी जमीन मजबूत करने की कोशिश

## कई हजार करोड़ की योजनाओं को लगेंगे विकास के पंख





-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूर्ण सतर्कता की स्थिति में है। इस यात्रा के दौरान लगभग छह हजार करोड़ रुपये की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित है। साथ ही 'सीएम ग्रिड योजना' और 'रामायण वाटिका' के उद्घाटन का कार्यक्रम भी संभावित है, जो राज्य की अवसंरचनात्मक और सांस्कृतिक प्राथमिकताओं को रेखांकित करता है। विशेष रूप से, मुख्यमंत्री द्वारा बरेली में रात्रि प्रवास की इच्छा जताना इस दौरे को प्रशासनिक से अधिक राजनीतिक महत्व प्रदान करता है। आगामी विधानसभा चुनावों के परिप्रेक्ष्य में यह प्रवास स्थानीय स्तर पर रणनीतिक विमर्श का अवसर भी बन सकता है। डीएम अविनाश सिंह के अनुसार, प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली हैं, जबकि पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उच्च स्तर की सतर्कता बनाए हुए है। हालांकि, मुख्यमंत्री कार्यालय से आधिकारिक प्रोटोकॉल अभी जारी नहीं हुआ है, जिससे कार्यक्रम के अंतिम स्वरूप को लेकर कुछ अनिश्चितता बनी हुई है। यह दौरा न केवल विकास परियोजनाओं के क्रियान्वयन का संकेत है, बल्कि क्षेत्रीय राजनीतिक समीकरणों को भी प्रभावित कर सकता है।

# कैंट बोर्ड बैठक में विकास की मुहर पर्यावरण और सुविधा पर जोर

## योग चौक का ब्रिगेडियर ने किया शुभारंभ

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** छावनी परिषद की बुधवार को हुई सामान्य बोर्ड बैठक में जनहित और विकास से जुड़े कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। बैठक की अध्यक्षता ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह ने की, जबकि मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. तनु जैन और नामित सदस्य डॉ. वैभव जायसवाल मौजूद रहे।

स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए घर-घर प्लास्टिक डस्टबिन वितरण हेतु 5 लाख और होम कम्पोस्टर के लिए 3 लाख रुपये स्वीकृत किए गए। छावनी क्षेत्र के श्मशान का नाम बदलकर 'पंचतत्व मोक्ष धाम' किया गया, साथ ही उसके प्रबंधन के लिए समिति गठित होगी। जल संरक्षण के तहत आरए बाजार प्राथमिक विद्यालय और कैंट गर्ल्स स्कूल में करीब 19.50 लाख रुपये से वर्षा जल संचयन प्रणाली बनेगी। बाजारों में तेहबाजारी व फीस वसूली के लिए 11.98 लाख की बोली मंजूर हुई। गांधी उद्यान पार्किंग के लिए 33.03 लाख की ई-नीलामी स्वीकृत हुई। राजस्व बढ़ाने को जलकर दरों में संशोधन 1 अप्रैल से लागू होगा। स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में 4 सीएनजीव वाहन खरीदे जाएंगे। साथ ही एलईडी साइन बोर्ड, एकीकृत आउटसोर्सिंग प्रणाली और गौशाला के लिए भूमि प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली। वहीं बाद में कैंटोनमेंट बोर्ड द्वारा समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने एवं क्षेत्र की सौंदर्यात्मक छवि को योग चौक का उद्घाटन ब्रिगेडियर गगनदीप सिंह द्वारा किया गया।

# सांप के डसने से छह दिन बाद युवक की मौत

**बरेली।** थाना इज्जत नगर क्षेत्र के मुड़िया अहमदनगर निवासी 30 वर्षीय राकेश पुत्र परमानंद को सांप के डसने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। परिजनों ने बताया राकेश 11 मार्च को खेत में सरसों को काट रहा था इस दौरान खेत में गाय आ गई गाय को भगाने के लिए गया तभी सांप ने राकेश के पैर में डस लिया परिवार वाले राकेश को लेकर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे उपचार के बाद उसे परिवार वाले घर ले गए 6 दिन बाद राकेश की अचानक तबियत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई परिवार वाले जिला अस्पताल लेकर पहुंचे शव को मोर्चरी में रखवा दिया। परिवार वालों का आरोप है सांप के काटने के बाद उसके शरीर में जहर रह गया इस कारण राकेश की मौत हो गई। परिवार वालों ने इज्जत नगर पुलिस को सूचना दी पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा।

# निर्मला गार्डन परियोजना की प्रगति की समीक्षा प्रशासन ने तय की कार्यों की रूपरेखा



-स्वतंत्र भारत-

**बरेली।** शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास को गति देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा निर्मला गार्डन परियोजना के संबंध में गठित समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएम अविनाश सिंह ने की, जिसमें अब तक हुए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और परियोजना को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने पर जोर दिया गया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्मला गार्डन को एक आकर्षक और सुव्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। बैठक में उप निदेशक पर्यटन रवींद्र कुमार सहित अन्य विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यों की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि आमजन और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# जीआरएम स्कूल की अपग्रेडिंग सेरेमनी में नन्हों ने बिखेरा हुनर

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** शहर के जीआरएम स्कूल (जूनियर विंग) में बुधवार को प्री-एनसी विद्यार्थियों के लिए 'अपग्रेडिंग सेरेमनी' का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार का स्वागत प्रबंधन समिति ने किया। प्रबंधक राजेश जॉली, निदेशक त्रिजित अग्रवाल और प्रधानाचार्य रणवीर सिंह रावत ,

व डॉ. विनीता सक्सेना ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और आत्मनिर्भरता का महत्व बताया। समारोह में 'दुर्गा स्तुति', 'लिटिल सिंघम्स', 'ब्लश एंड ब्लूम' और 'श्रीकृष्ण महिमा' जैसी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान प्री-एनसी छात्रों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। प्रबंधक राजेश अग्रवाल ने विद्यालय के 80 वर्षों के शैक्षिक योगदान का उल्लेख करते हुए शिक्षिकाओं के प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि ने बच्चों के आत्मविश्वास और मंच प्रस्तुति की प्रशंसा की। सामूहिक मंच आगमन और अनुशासित प्रस्थान समारोह का विशेष आकर्षण रहा। कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ संपन्न हुआ।

# कोचिंग संचालक पढ़ाने के बहाने छात्रा से करता है छेड़छाड़, फोटो वायरल करने की देता है धमकी

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** एक गांव की रहने वाली नाबालिक छात्रा के पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि ग्राम गोपालपुर का रहने वाला निलेश गुर्जर बच्चों को कोचिंग पढ़ाता है। उसकी पुत्री भी उससे कोचिंग पढ़ने जाती है। कोचिंग टीचर निलेश गुर्जर उसकी पुत्री को अश्लील वस्तुएं भेजना व मैसेज भेज कर परेशान करने एवं कोचिंग पढ़ाते समय अश्लील हरकतें करता है।

14 फरवरी को कोचिंग टीचर निलेश गुर्जर उसके गांव में ही एक बच्चे को कोचिंग पड़ता है उसके हाथों कुछ आपत्तिजनक चीज भेजने को दी और कहा उसको जाकर दे आओ। मेरी पुत्री ने जैसे ही उन वस्तुओं को देखा तभी रोने लगी और कोचिंग टीचर की हरकतों के बारे में मुझे बताया। और कहा निलेश हमें काफी समय से परेशान कर रहा है उसने अपने साथ हमारा फोटो ले लिया था। कोचिंग पढ़ते समय वह मुझसे अश्लील हरकतें करता था और जबरदस्ती छेड़खानी करता था और धमकी देता था कि अगर तुमने अपने घर पर बताया तो हमारे पास जो तुम्हारा फोटो है उसे तुम्हारे घर वालों को दिखाकर वायरल कर देंगे। इससे पूर्व निलेश रात में उसके घर में घुस गया था। तभी उसे परिजनों ने पकड़कर उसके परिवार वालों के हवाले कर दिया था और वीडियो बना ली थी। तभी निलेश द्वारा उस समय माफी मांग कर यह कह कर गया कि दोबारा ऐसी गलती नहीं होगी। मगर फिर भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। कोचिंग टीचर निलेश गुर्जर शादीशुदा व्यक्ति है जो पूर्व में सरदार गुर्जर सिंह स्कूल में पढ़ाता है वहां पर अन्य बच्चियों के साथ भी अश्लील हरकतें करते हुए पकड़ा गया था इसलिए उसे स्कूल से निकाल दिया गया था। इसके बाद वह कोचिंग पढ़ाने का काम करने लगा। छात्रा के पिता की तहरीर पर पुलिस ने उपरोक्त आरोपों कोचिंग टीचर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# नवरात्रि में एफएसडीए ने सात सैंपल जांच को भेजे, 20 किलो संदिग्ध मूंगफली नष्ट

-स्वतंत्र भारत-



**बरेली।** नवरात्रि पर्व के चलते मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा बुधवार को सख्त अभियान चलाया है। डीएम अविनाश सिंह के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) अक्षय गोयल के नेतृत्व में टीम ने जिले के विभिन्न स्थानों से 7 खाद्य/पेय पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए झांसी प्रयोगशाला भेजे। कार्रवाई के दौरान मीरगंज क्षेत्र से करीब 20 किलोग्राम संदूषित मूंगफली दाना (अनुमानित मूल्य ?900) जब्त कर नष्ट कराया गया। टीम ने मदनी ट्रेडर्स (रिछा) से खजूर, अली किराना स्टोर (खजुरिया घाट) से सेवई व पापड़, श्याम किराना स्टोर (मीरगंज) से सिंघाड़ा आटा व मूंगफली, दिलीप किराना (नवाबगंज) से कुट्टू आटा और बजरंग भोग (बड़ा बाग) से घी के नमूने लिए। अधिकारियों ने साफ किया कि मिलावट के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं विभाग ने कुट्टू के आटे को लेकर एडवाइजरी भी जारी की है। व्यापारियों को शुद्धता, सही भंडारण और एफएसएसएआई लाइसेंस प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए हैं। उपभोक्ताओं को रंग, गंध, आयोडीन टेस्ट जैसे तरीकों से जांच कर ही खरीदारी करने और सीमित मात्रा में सेवन की सलाह दी गई है।

### कुट्टूआटे पर एडवाइजरी जारी

# विद्यालय से अक्सर नदारद रहने वाली इंचार्ज प्रधानाध्यापक बुधवार को भी स्कूल से रही गायब, एबीएसए ने कहा होगी कार्यवाही



-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** ब्लॉक भदपुरा के गांव डडुआ का प्राथमिक विद्यालय पूरी तरह से राम सहारे चल रहा है। सरकार हर माह हजारों रुपए खर्च करने के बाद भी इसका लाभ छात्रों को नहीं मिल पा रहा है।

विद्यालय में मात्र 19 छात्रों की पढ़ाई का जिम्मा इंचार्ज प्रधानाध्यापक सुनीता कुमारी और शिक्षा मित्र संजीव कुमार के ऊपर है। इंचार्ज प्रधानाध्यापक जहां बरेली से तो शिक्षा मित्र नवाबागंज से विद्यालय जाते हैं।

बरेली से ग्राम डंडुआ के प्राथमिक विद्यालय में प्रतिदिन आना शायद इंचार्ज प्रधानाध्यापक को मुश्किल लगता है जिसके चलते अक्सर वह विद्यालय से नदारद रहती है और विद्यालय के छात्रों को शिक्षा मित्र ही घेरे रहते हैं। आज बुधवार को जब इस संवाददाता ने विद्यालय को देखा तो इंचार्ज प्रधानाध्यापक नादारद मिली।

जब खण्ड शिक्षा अधिकारी भदपुरा से इस मामले में बात की गई तो उन्होंने बताया कि फरवरी माह में अनुपस्थित रहने पर उन्होंने इंचार्ज प्रधानाध्यापक का दो दिन का वेतन काटा था।

13 मार्च को भी विद्यालय से बिना सूचना और अवकाश के गायब रहने पर उन्हें नोटिस देकर जवाब मांगा गया है जो अभी तक उन्हें पता मिल पाया है।

उन्होंने बताया कि आज बुधवार को भी इंचार्ज प्रधानाध्यापक स्कूल से गायब है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

इस मामले में अभिभावक संघ के अध्यक्ष नन्हे लाल ने बताया कि अक्सर इंचार्ज प्रधानाध्यापक स्कूल से गायब रहती हैं और जब आती हैं तो लेट आती हैं और समय से पहले ही विद्यालय बन्द कर बरेली निकल जाती है। उन्होंने खण्ड शिक्षा अधिकारी से कार्यवाही की मांग की है।

# व्यापारियों की हर समस्या के समाधान के लिए उद्योग व्यापार मंडल सदैव तत्पर: मुकुंद मिश्रा

-स्वतंत्र भारत-



**फरीदपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा के पीलीभीत एक कार्यक्रम में सम्मिलित होने जाते समय उनके फरीदपुर पहुंचने पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल फरीदपुर इकाई के पदाधिकारी एवं व्यापारियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीसलपुर मोड पर फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम से गदगद उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों की हर समस्या के समाधान के लिए उद्योग व्यापार मंडल सदैब तत्पर है। किसी भी व्यापारी का किसी भी तरह का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। व्यापारियों की फूड लाइसेंस आजीवन बनाए जाने की मांग को उद्योग व्यापार मंडल द्वारा बड़े ही गंभीरता के साथ लिया गया है और इस समस्या को भारत सरकार के समक्ष रखा गया है और मांग की है फूड लाइसेंस सहित समस्त लाइसेंस आजीवन हो जिसे भारत सरकार द्वारा इस मांग को स्वीकार लिया गया है। इसी तरह व्यापारियों की अन्य समस्याओं को भी संगठन द्वारा प्रभावी रूप से समाधान कराया जाएगा। व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने भी व्यापारियों को संबोधित किया उन्होंने व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को व्यापारिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से सरकार से निस्तारण कराने की बात कही। उन्होंने बताया सरकार ने एफएसएसएआई प्रमाण पत्र को बार-बार रिन्यूअल कराने की प्रक्रिया में बदलाव कर दिया है। अब व्यापारियों को अपना प्रमाण पत्र बार-बार जारी नहीं कराना पड़ेगा। स्वागत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी विपिन गुप्ता दिलीप गुप्ता वी एन अग्रवाल सचिन अग्रवाल रोहित ब्रह्मा शंकर गुप्ता विनोद राठौर राहुल गुप्ता आकाश गुप्ता जाबिर खान शीबू राजेश गुप्ता गोविंद सिंह अनुज पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

# धोखे से कराई शादी,दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट दर्ज

-स्वतंत्र भारत-

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र की एक महिला ने शादी में धोखाधड़ी, दुष्कर्म के प्रयास, मारपीट और धमकी देने का गंभीर आरोप लगाते हुए पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

नगर निवासी पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि लगभग चार वर्ष पूर्व उसकी शादी आरोपियों द्वारा साजिश के तहत कराई गई थी। आरोप है कि शरीफ कुरैशी, साज बनिया, आरिफ, रूबी और हुसैन निवासी मोहल्ला गौस नगर, कस्बा निगोही शाहजहांपुर उसके घर रिश्ता लेकर आए थे। इन लोगों ने मिलकर पीड़िता के भाई से पहले से हुई शादी की बात छिपाते हुए मीठी-मीठी बातों में लेकर उसकी शादी शरीफ कुरैशी से करा दी। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद उसे पता चला कि उसके पति शरीफ कुरैशी की पहले से शादी हो चुकी है और वह अपनी पहली पत्नी के साथ अलग रह रहा है। इसी का फायदा उठाते हुए आरोपी आरिफ ने कई बार उसके साथ अश्लील हरकतें कीं,जब पीड़िता ने इसकी शिकायत ससुराल पक्ष से की तो उल्टा उसे ही धमकाया गया। घटना के संबंध में पीड़िता ने बताया कि 1 दिसंबर 2025 की रात करीब 10 बजे वह घर पर अकेली थी। तभी आरोपी आरिफ घर में जबरन घुस आया और उसके साथ अश्लील हरकत करते हुए दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। विरोध करने पर उसे जमीन पर गिरा दिया। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए, जिससे आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। महिला का आरोप है कि घटना के बाद जब उसने ससुराल पक्ष को जानकारी दी तो उन्होंने उसे चुप रहने की हिदायत दी। अगले दिन उसका पति घर आया और उसके साथ मारपीट की। इसके बाद आरोपियों ने एकजुट होकर शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। भय के कारण वह पहले रिपोर्ट नहीं करा सकी। नवाबगंज पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर शरीफ कुरैशी, सास बनिया, ननदोई आरिफ, ननद रूबी और नंदोई हुसैन के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किया है।

# बंद मकान के ताले तोड़कर हजारों की चोरी पुलिस ने की जांच

-स्वतंत्र भारत-



**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव ईंधजागीर के मोहल्ला यासीन नगर में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस घटना से ईद की खुशियां मनाने आए परिवार को गहरा झटका लगा है।

बस्ती के निवासी सलमान अपने परिवार के साथ हरियाणा में रहकर कबाड़ का काम करते हैं। वह ईद मनाने के लिए बीती रात अपने गांव पहुंचे। जैसे ही उन्होंने अपने घर का मुख्य गेट खोला, तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए।

घर के अंदर प्रवेश करते ही उन्होंने देखा कि कमरों के ताले टूटे पड़े हैं और सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है। अलमारी और तिजोरी के भी ताले तोड़े जा चुके थे। पीड़ित सलमान के अनुसार, चोर तिजोरी में रखे उनकी पत्नी के सोने के झाले और दहेज में मिले पीतल के कीमती बर्तन भी चोरी कर ले गए।

सलमान ने आशंका जताई कि चोर दीवार के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए। मकान के अंदर चोरों के पैरों के निशान भी पाए गए हैं, जिससे घटना की पुष्टि होती है।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और मामले की छानबीन में जुटी है।

खुशियों के त्योहार ईद पर हुई इस चोरी की घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। स्थानीय लोगों में भी घटना को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई।

# दबंगों ने चलाई गोली, निशाना चूकने से दूसरे को लगी

-स्वतंत्र भारत-

**फरीदपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर चलाई गई गोली रास्ते से गुजर रहे दूसरे युवक को लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे रात्रि में ही इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फरीदपुर में भर्ती कराया गया था जहां डॉक्टर ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया था। मोहित ने घटना की तहरीर देकर आरोपी मोरपाल व उसके पुत्र विकास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम चौडेरा निवासी मोहित जो वर्तमान में नगर के मोहल्ला लाइन पार सिसैया रोड निकट बांके बिहारी मंदिर के समीप एक मकान पर किराए पर रह रहा था और वह फौजी ट्रेडर्स रेता बजरी बजरफुट की दुकान पर ट्रैक्टर चलाने का काम करता है उसने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया है वह मंगलवार की शाम समय लगभग 7-45 पर अपने निजी काम से रेलवे फाटक लाइन पार आया हुआ था तभी मुझे मोरपाल व उसका लड़का विकास रास्ते में मिल गया और मुझे देखते ही गाली गलौज करने लगे जब मैंने इसका विरोध किया तभी मोरपाल ने तमंचा निकालकर मुझे जान से मारने की नीयत से मेरे ऊपर फायर कर दिया जो मुझे न लगकर विशाल मौर्य के पैर में जा लगा जिससे विशाल मौर्य गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा था। गोली की आवाज सुनकर वहां काफी लोग पहुंच गए थे भीड़ बढ़ती देखकर मोरपाल व विकास मुझे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। वही मोहित ने बताया है कि मोरपाल उसी के गांव का रहने वाला है वर्तमान में वह भी लाइन पार सिसैया रोड पर ही किराए पर रह रहा है उससे पुरानी रंजिश चली आ रही थी उसी को लेकर उसने उस पर जान से करने की नियत से फायर किया था लेकिन गोली विशाल मौर्य के जाकर लगी। मोहित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मोर पाल व उसके पुत्र विकास के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# संक्षिप्त समाचार

## नवाबगंज में नई दस्तक- रमेश गंगवार ठोक सकते हैं चुनावी ताल



**बरेली।** जनपद की नवाबगंज विधानसभा सीट पर आगामी 2027 के चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज होती नजर आ रही है। क्षेत्र के चर्चित समाजसेवी व ठेकेदार रमेश गंगवार इस बार चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। कुर्मी बाहुल्य माने जाने वाले इस क्षेत्र से वह बतौर प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमाने को उत्सुक बताए जा रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार रमेश गंगवार समाजवादी पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ सकते हैं। पार्टी के आला कमान से भी उन्हें सकारात्मक संकेत मिलने की चर्चा है। लंबे समय से राजनीतिक जमीन तैयार कर रहे गंगवार पिछले कई चुनावों में टिकट की आस लगाए रहे, लेकिन इस बार हालात उनके पक्ष में बनते दिख रहे हैं।

स्थानीय स्तर पर उनकी सक्रियता, सामाजिक कार्यों में भागीदारी और मजबूत जनसंपर्क उन्हें एक संभावित दावेदार के रूप में स्थापित कर रहा है। यदि पार्टी की मुहर लगती है तो नवाबगंज सीट पर मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना है। फिलहाल सियासी गलियारों में रमेश गंगवार का नाम तेजी से चर्चा में है।

## इसवा ने जरूरत मंद महिलाओं को दी मशीनें

**नवाबगंज।** इंटेलेक्चुअल सोशल वेलफेयर एसोसिएशन (इसवा) बरेली की जानिब से नवाबगंज में मिसबाह पॉलीक्लीनिक पर ज़रूरतमंदों महिलाओं को मशीनों को तक्सीम किया गया।



रमज़ान शरीफ के मुक़द्दस महीने में बुधवार को विजौरिया रोड स्थित डॉ. फरना के पॉली क्लीनिक पर इस्वा (इंटेलेकचुअल सोशल वेलफेयर एसोसिएशन) बरेली ने जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीने तक्सीम की। इसमें डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी (डिप्टी सीएमओ पीलीभीत ), प्रोफेसर राशिद अंसारी, डॉ. रिज़वान , डॉक्टर परवेज़, मोहम्मद आरिफ आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉक्टर फिरासत हुसैन अंसारी ने बताया कि बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर पीलीभीत, बीसलपुर के बाद बुधवार को कस्वे में मंडल के निजी चिकित्सकों द्वारा दी गई इस सहायता को ज़रूरत मन्द महिलाओं को यह इमदाद की गई है। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह से जरूरत मंद लोगों की मदद संस्था द्वारा की जाएगी।

## संगठन से सरकार तक सफर -थपलियाल को मिला केंद्रीय दायित्व



**बरेली।** भाजपा संगठन में लंबे समय से हाशिये पर रहे वरिष्ठ नेता मनोज थपलियाल के लिए हालात अचानक बदल गए हैं। भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उन्हें केंद्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान का सदस्य और अनुसंधान परिषद का सलाहकार नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को पार्टी नेतृत्व की रणनीतिक पहल माना जा रहा है।

नई जिम्मेदारी मिलने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। शहर में मिठाइयां बांटकर खुशी जताई गई। महानगर कॉलोनी निवासी थपलियाल एक समय संगठन के मजबूत रणनीतिकार माने जाते थे और 1985 से संघ व भाजपा में सक्रिय रहे हैं। लोकसभा-विधानसभा चुनावों में उनकी भूमिका अहम रही, हालांकि बीते एक दशक से वे गुटबाजी के कारण मुख्यधारा से दूर थे।असम में 2016 के चुनावों में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिली थी। हालिया नियुक्ति में संघ की भूमिका भी मानी जा रही है। कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी है।

## पार्षद नामित होने पर वीरेन्द्र अरोड़ा का हुआ भव्य सम्मान

**बरेली।** पंजाबी समाज विकास समिति द्वारा वरिष्ठ भाजपा नेता एवं हरमिलाप मंडल के प्रभारी तथा पंजाबी समाज विकास समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र अरोड़ा को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल द्वारा नगर निगम बरेली का पार्षद नामित करने पर सनातन धर्म के सामने स्थित संत निवास में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों ने फूलमालाओं से तथा पटके एंव शाल पहनाकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्षद पति एवं पूर्व उपसभापति अतुल कपूर ,महामंत्री धीरज सेठी ,कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह, डॉक्टर अजय कक्कड़ ,सुमित सववरवाल ,लतेश शर्मा , बिलास चढढा, हरीश सेठी ,पुरुषोत्तम बंगा जी, हरमीत सिंह हनी, जसमीत जुनेजा, सतीश लुनियाल, खुशलोक अस्पताल के डायरेक्टर डॉक्टर विनोद पागरानी, जनक राज, डॉक्टर तिलक राज कक्कड़, सुभाष कथूरिया ,ओम प्रकाश अरोड़ा, रामू रवि ठकराल, अजय अरोड़ा, उमेश धमीजा हिमांशु भल्ला ,प्रहलाद साइकिल वाले श्याम साइकिल वाले शांति भाई सतीश सुभाष विंकल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन समिति के कोषाध्यक्ष गुरविंदर सिंह ने किया अंत में समिति के महामंत्री धीरज सेठी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# महिलाओं को सुरक्षा व रोजगार देकर बनाया आत्मनिर्भर







- सरकार ने लोगों को गरीबी रेखा के नीचे से उठाकर बनाया स्वावलंबी
- सरकार ने 9 वर्षों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, परिवहन एवं विद्युत के क्षेत्र किया काम

स्वतंत्र भारत

**हरदोई।** प्रदेश सरकार के नव निर्माण के तहत 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी, सभापति याचिका समिति अशोक अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती, विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा तथा जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति मे कार्यक्रम गांधी भवन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती प्रेमावती द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा तथा रोजगार पर बल देकर आत्म निर्भर बनाया है और जनपद की महिलाये शिक्षा के साथ रोजगार अपनाकर आर्थिक रूप से मजबूत बन रही है तथा प्रदेश सरकार ने बालिकाओं की जन्म से लेकर शिक्षा का भी निःशुल्क प्रबन्ध किया है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन नौ वर्षो में जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के सहयोग से जनपद में कई महत्वपूर्ण कार्य करायें गये है जिससे आम जनता को राहत मिली है।

अशोक कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने हर गरीब एवं जरूरत मंद लोगों को गरीबी रेखा के नीचे से उठाकर एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कराकर स्वालंबी बनाया है।

विधायक सवायजपुर माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नौ वर्षो में सबसे अधिक स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, परिवहन एवं विद्युत के क्षेत्र में काम कर आम जनमानस को राहत दी है।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की डबल इंजन की सरकार ने देश के युवक एवं युवतियों को आत्म निर्भर बनाने के लिए उद्योगों की स्थापना कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से आम लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री युवा रोजगार, महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार, आजीविका मिशन, नेडा, पंचायती राज, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल वितरित की।

जनप्रतिनिधियों ने गांधी भवन परिसर में लगी विभिन्न विभागों की तथा सूचना विभाग की प्रर्दशनी का फीताकाट कर उद्घाटन किया तथा खाद्य एवं रसद, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, मत्स्य, नेडा, डूडा, जन निगम, उद्योग, सूचना विभाग, खादी ग्रामोद्योग, आईटीआई आदि विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का अवलोकन किया।

# पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं-डीसी मनरेगा

- ब्लॉक परिसर निरीक्षण में कई कमियों पर जताई नाराजगी

स्वतंत्र भारत




**टोंडरपुर/हरदोई।** ब्लॉक परिसर में डीसी मनरेगा अधिकारी रवि प्रकाश सिंह द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें विभिन्न विकास कार्यों और अभिलेखों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्यों में कमियां मिलने पर अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों एवं जिम्मेदार अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

मुआयने के दौरान मनरेगा से संचालित कार्यों की गुणवत्ता, श्रमिक उपस्थिति, भुगतान अभिलेख तथा प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की गई। कई कार्यस्थलों पर अभिलेख अधूरे पाए गए, वहीं कुछ योजनाओं में निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य न होने पर नाराजगी व्यक्त की गई। डीसी मनरेगा अधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कर्मचारियों में हलचल का माहौल बना रहा। अधिकारी ने लंबित कार्यों को शीघ्र पूरा करने और कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए हैं।

# ट्रेन में टूटीं पश्चिम बंगाल के युवक की सांसें

- कछौना के लोगों ने निभाया अपनों सा साथ

स्वतंत्र भारत



**हरदोई।** पश्चिम बंगाल से हरिद्वार इलाज की उम्मीद लेकर निकले एक परिवार के लिए सफर उस समय मातम में बदल गया, जब दून एक्सप्रेस में सवार दुर्योधन नाम के युवक की अचानक मौत हो गई। दलेलनगर और बालामऊ के बीच हुई इस हृदयविदारक घटना ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियाँ छीन लीं। उनके लिए शव को घर ले जाना सम्भव न था तो कछौना के पत्रकारों ने जिम्मेदारी संभाली आगे बढ़े खुद सहयोग किया और लोगों से अपील की तो धीरे धीरे कारवां बढ़ा और करीब 36 हजार रुपये एकत्र हुए जिनके माध्यम से गाड़ी किराए पर करके शव भेजा गया जबकि शेष पैसा मृतक की पत्नी को दिए गए ताकि रास्ते मे काम आ सके।

पश्चिम बंगाल के जनपद मालदा के थाना क्षेत्र मथुरापुर के धर्मू टोला निवासी दुर्ज़ाधन कर्माकार अपनी पत्नी टुम्पा कर्माकार और ससुर अशोक कुमार के साथ किडनी के बेहतर उपचार के लिए उत्तराखंड जा रहे थे। परिवार बेहतर स्वास्थ्य की आस में सफर कर रहा था लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। बीच रास्ते में ही उसकी सांसें थम गईं। सूचना मिलते ही आरपीएफ ने शव को कछौना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घर से करीब 1 हजार किलोमीटर दूर अनजान शहर में पति का शव देख पत्नी बदहवास हो गई। परिवार के पास न तो वापस लौटने के लिए पर्याप्त पैसे थे और न ही कोई सहारा। मुसीबत की इस घड़ी में कछौना के स्थानीय लोग देवदूत बनकर सामने आए। जब लोगों को पता चला कि पीड़ित परिवार आर्थिक रूप से लाचार है, तो मानवता जाग उठी। स्थानीय नागरिकों, पुलिस प्रशासन, आरपीएफ, स्वास्थ्य विभाग और पत्रकारों ने मिलकर तुरंत हाथ बढ़ाया और देखते ही देखते करीब 36 हजार रुपये की सहायता राशि जुटा ली गयी। इनमें से 29 हजार रुपये शव लेकर गए एक वाहन को दिए गए शेष पैसे सीएचसी अधीक्षक डाक्टर शैलेन्द्र शुक्ला दरोगा राजेश सिंह के माध्यम से परिवार को सौंप दिए गए ताकि वे अपनी आगे की जरूरतों को पूरा कर सकें।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई सीएसआर फंड की बैठक



हरदोई। स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में सीएसआर फंड की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति की फोटो उपलब्ध करने निर्देश दिए। कार्यदाई संस्था के द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्य में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समस्त उद्योग इकाई समय से संबंधित को सामग्री उपलब्ध कराये तथा पारदर्शिता के आधार पर कार्य पूरा करे। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार योजना में पंजीकरण करने के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, जिला उपायुक्त उद्योग हर्ष प्रताप सिंह, जिला गन्ना अधिकारी निधि गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम व समस्त उद्योग इकाई सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बैंक मैनेजर ने बीमा धारक पिता की मौत के बाद पुत्र को दी 40 लाख की चेक

स्वतंत्र भारत



**शाहाबाद।** एसबीआई की दुर्घटना बीमा योजना के तहत बुधवार को यहां एक पीड़ित परिवार को क्लेम के रूप में बड़ी रकम देकर संबंधित परिवार को एक बड़ी मदद पहुंचने का काम किया।

गत वर्ष 2 जून की रात शाहजहांपुर जलालाबाद की ओर से गुजर रहे सिकंदरपुर कल्लू निवासी बाइक चालक विजय बहादुर एक चौपहिया वाहन की चपेट में आकर जख्मी हो गए थे जिनकीआनन फानन जिला अस्पताल लाए जाने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक भारतीय स्टेट बैंक का बीमा धारक था जिसे बुधवार को यहां सिकंदरपुर कल्लू स्थित एसबीआई ब्रांच पर पहुंचे रीजनल मैनेजर प्रसून कुमार ने पर्सनल एक्सीडेंटल क्लेम की ओर से 40 लाख रुपए से जुड़ी धनराशि की चेक अपनी माता के साथ पहुंचे उनके पुत्र विजय बहादुर को सौंपते हुए भावुक परिवार का दिल जीतने का काम किया। इस मौके पर रीजनल मैंनेजर प्रसून कुमार ने संबंधित क्लेम की जानकारी देते हुए बताया खाताधारक 3 हज़ार सालाना पेड करने का काम करता था। बताया बैंक बीमा धारक की किसी तरह की दुर्घटना में मौत हो जाने पर उसे पर्सनल एक्सीडेंटल क्लेम के रूप में 100 प्रति. 60 लाख और किसी तरह की अपंगता का शिकार होने पर उसे 50 प्रति. क्लेम दिया जाता है। पीड़ित परिवार को क्लेम चेक देते समय शाखा प्रबंधक कुलदीप सिंह जनरल एरिया मैनेजर शहबाज अली सहित बैंक का अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

# जल जीवन मिशन योजना धरातल पर हुई फेल

- लाखों खर्च होने के बावजूद, पानी टंकियां बनी शोपीस
- जिम्मेदारों की मनमानी या सरकारी दावे हवा हवाई

स्वतंत्र भारत



**टोंडरपुर-हरदोई।** विकासखंड टोंडरपुर क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने का सपना अब कई गांवों में अधूरा नजर आ रहा है। योजना के अंतर्गत लाखों रुपये की लागत से बनाई गई पानी की टंकियां सिर्फ दिखावे तक सीमित होकर रह गई हैं। कई स्थानों पर टंकियां तो खड़ी हैं, लेकिन न तो उनमें पानी पहुंच रहा है और न ही पाइपलाइन के जरिए ग्रामीणों को जल आपूर्ति हो पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकियों का निर्माण कार्य हुए कुछ जगहों पर वर्षों बीत चुके हैं बीत गए बल्कि कुछ जगहों पर वर्षों बीत चुके हैं, लेकिन आज तक नियमित जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। कहीं मोटर नहीं लगी है तो कहीं बिजली कनेक्शन का अभाव बताया जा रहा है। कुछ गांवों में पाइपलाइन बिछाने का काम अधूरा छोड़ दिया गया, कहीं तो निर्माण पूर्ण होने से पहले ही पानी टंकी की बाउंड्री टूट गई है ढ्ढ कहीं तो पानी टंकियों का कार्य अधूरा पडा हैं ढ्ढ जिससे ग्रामीणों के सपनों पर पानी फिरता नजर आ रहा है, स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कागजों में योजना पूरी दिखा दी गई, जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलटा है। जिम्मेदार विभागीय अधिकारी निरीक्षण के नाम पर खानापूर्ति कर रहे हैं, और शिकायतों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। ग्रामीण महिलाओं को आज भी दूर-दराज के हैंडपंपों या निजी स्रोतों से पानी लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे जल जीवन मिशन के उद्देश्य पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों ने उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और जल्द से जल्द टंकियों को चालू कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में घूस के आरोप, सभासद ने उठाए गंभीर सवाल

### *10 हजार की मांग के आरोप के बीच पलटी कहानी राजनीतिक रंजिश की एंट्री*



स्वतंत्र भारत

**पिहानी।** प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर उठे घूसखोरी के आरोप अब नए मोड़ पर पहुंच गए हैं। एक ओर जहां भाटनटोला की एक महिला ने पहली किस्त के बाद 10 हजार रुपये मांगने और दूसरी किस्त रोकने की धमकी का आरोप लगाया, वहीं अब सभासद प्रतिनिधि सेठ अरुण गुप्ता ने पूरे मामले को साजिश बताते हुए कई गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

नगर पालिका परिषद पिहानी में दी गई शिकायत के अनुसार, पीड़िता ने आरोप लगाया था कि योजना का लाभ दिलाने के नाम पर उससे अवैध धन की मांग की गई। इस मामले के सामने आते ही स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज हो गई और योजना की पारदर्शिता पर सवाल उठने लगे।अरुण गुप्ता ने उठाए सवाल सभासद प्रतिनिधि अरुण गुप्ता ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि मामले को तोड़-मरोड़ कर पेश किया जा रहा है। उनका कहना है कि उन्हें शाम को जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने स्वयं लाभार्थी से बात की।

उनके मुताबिक, लाभार्थी ने बताया कि नगर पालिका से जुड़े एक कर्मचारी रमाकांत उसके घर पहुंचे और मकान का वीडियो बनाते हुए निर्माण को नक्शे के विपरीत बताया। साथ ही मकान गिराने या नक्शा पास कराने के नाम पर पैसे देने का दबाव बनाया गया। अरुण गुप्ता का आरोप है कि लाभार्थी को भयभीत कर उनके खिलाफ प्रार्थना पत्र दिलवाया गया और वीडियो में बयान दिलवाया गया, जिसे वायरल कराने की बात कही गई।

**पालिका कर्मी की भूमिका पर उठे सवाल**

इस घटनाक्रम के बाद नगर पालिका पिहानी में तैनात सफाई नायक रमाकांत सक्सेना की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। साथ ही यह भी कहा गया कि उनके अधीन आउटसोर्सिंग कर्मचारियों से वसूली कराई जा रही है और उनकी तैनाती व अधिकार क्षेत्र को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं ।

# लिप्टिस के 130 पेड़ कटे

**पिहानी।** कोतवाली क्षेत्र के राभा गांव के सरेहजू क्षेत्र काशीपुरवा में एक गरीब किसान के खेत से यूकेलिप्टस के 130 पेड़ काटे जाने की घटना ने ग्रामीण इलाके में चिंता बढ़ा दी है। दो अलग-अलग तिथियों में हुई इस वारदात से किसान को भारी आर्थिक झटका लगा है, वहीं सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। जानकारी के अनुसार, राभा निवासी यूनुस पुत्र अबरार ने अपने सीमित संसाधनों के बीच करीब 700 पेड़ तैयार किए थे। ये पेड़ अभी पूरी तरह बिक्री योग्य नहीं थे, लेकिन अगले एक-दो वर्षों में यही उनकी आय का बड़ा सहारा बनने वाले थे। परिवार की जरूरतों और भविष्य की उम्मीदें इन्हीं पेड़ों से जुड़ी थीं। बताया जाता है कि 10 तारीख को पहली बार में करीब 80 पेड़ काटे गए। इसके बाद 16 तारीख की रात को दोबारा 50 पेड़ काट लिए गए।

# चीनी मिल को ज्ञापन देने के बाद भी मनमानी जारी

**हरदोई।** चीनी मिल द्वारा फैलाए जा रहे प्रदूषण को लेकर अब मामला गरमाता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (महाकाल) के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित चंचल त्रिवेदी ने चीनी मिल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि कई बार ज्ञापन देने के बावजूद भी मिल प्रशासन पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है। अमित चंचल त्रिवेदी ने कहा कि मिल से निकलने वाला गंदा पानी तालाबों और खेतों में छोड़ा जा रहा है, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं और पशुओं के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। इसके अलावा मिल से उड़ने वाली काली राख गांव के घरों तक पहुंच रही है, जिससे बुजुर्गों और बच्चों को सांस संबंधी समस्याएं हो रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस गंभीर समस्या को लेकर प्रशासन को कई बार ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे साफ जाहिर होता है कि मिल प्रबंधन को न तो पर्यावरण की चिंता है और न ही ग्रामीणों की सेहत की। अमित चंचल त्रिवेदी ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही प्रदूषण पर रोक नहीं लगाई गई, तो भारतीय किसान यूनियन (महाकाल) बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होगी और चीनी मिल का घेराव किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और मिल प्रबंधन की होगी। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे पर कब तक कार्रवाई करता है या फिर किसानों को अपने हक के लिए सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

# अनंगपुर में हुआ होली मिलन समारोह, विधायक ने क्षेत्रीय जनों पर की पुष्पवर्षा

**हरदोई।** विकासखंड भरखनी के गांव अनंगपुर में सामूहिक होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया, कार्यक्रम का आयोजन विनायक मोटर्स के प्रबंधक निदेशक प्रीतेश दीक्षित जी के द्वारा किया गया। भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में पहुंचकर वहां पर उपस्थित लोगों पर पुष्प वर्षा की, और सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर विधायक रानू सिंह ने अपने संबोधन में कहा, कि होली का त्योहार आपसी प्रेम भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। यह पर्व हमें पुरानी कटुता भुलाकर एक दूसरे के करीब आने और समाज में एकता बनाए रखने का संदेश देता है। क्षेत्र का विकास तभी संभव है, जब सभी लोग एकजुट रहें, और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते रहे। उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा, कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी पहली प्राथमिकता है।क्षेत्र के विकास के लिए सड़क शिक्षा स्कूल




और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं। भाजपा विधायक ने जनता जनार्दन से अपना सहयोग बनाए रखने की मांग की। कार्यक्रम में प्रीतेश दीक्षित एवं गौरव दीक्षित ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पटुका पहनाकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सोमेंद्र सिंह स्वामी रजनीश त्रिपाठी निर्वतमान मंडल अध्यक्ष जैनेंद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष रोहित सिंह, पाली मंडल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी, राज किशोर सिंह, लल्ला प्रधान, श्रवण दीक्षित सुधीर सिंह अनमोल दीक्षित मोनू सिंह और और क्षेत्रीय जनों के साथ-साथ पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# नवरात्रि पर मांस की बिक्री बंद करने हेतु पचदेवरा प्रभारी को दिया ज्ञापन

**भरखनी।** नवरात्रि को लेकर विहिप और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पचदेवरा थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह को ज्ञापन सौंपकर मांस की दुकानों को बंद रखने की मांग की है। इसके साथ ही, कई स्थानों पर नवरात्रि मेलों में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक लगाने की भी मांग की गई है, ताकि धार्मिक भावनाओं का सम्मान सुनिश्चित किया जा सके। पचदेवरा थाना क्षेत्र के अनंगपुर चौराहा, भरखनी, हथौड़ा चौराहा, नारायणपुर, धानीनगला, आमतारा जैसे स्थानों पर कार्यकर्ताओं ने मांस-अंडे की बिक्री पर रोक लगाने के लिए



थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया है विहिप-बजरंग दल ने चेतावनी भी दी है कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो वे स्वयं प्रतिबंध लागू करने के लिए आगे आएंगे। इन गतिविधियों का उद्देश्य हिंदू धर्म के पवित्र त्योंहार के दौरान धार्मिक मर्यादा और सुरक्षा बनाए रखना बताया गया है। इस दौरान विहिप के जिला सह संस्कार प्रमुख अजीत प्रताप सिंह, बजरंग दल के जिला सह संयोजक प्रशांत सिंह, प्रखण्ड उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा, सच्चिदानंद मिश्रा, कौशलेंद्र सिंह, अजय सिंह चौहान, शिवांशु सिंह, राजवीर सिंह, आकाश शुक्ल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रंजना होटल मामले में 'विलेन' बनाने की कोशिश नाकाम

**हरदोई।** कानून की किताब भावनाओं से नहीं, तथ्यों से चलती है। शहर के बहुचर्चित रंजना होटल विवाद मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋचा वर्मा ने पुलिसिया कार्रवाई की धज्जियां उड़ाते हुए एक ऐसा फैसला सुनाया है, जो जांच अधिकारियों के लिए किसी कड़े सबक से कम नहीं है। पुलिस ने रंजना होटल के मालिक अनुराग शुक्ला और अन्य आरोपियों पर हत्या के प्रयास और उकसाने जैसी संगीन धाराएं लगाकर उन्हें सलाखों के पीछे तो भेज दिया, लेकिन अदालत की चौखट पर ये धाराएं ताश के पत्तों की तरह ढह गईं। कोर्ट ने दो टूक शब्दों में इन धाराओं को 'आधारहीन' करार दिया है। अदालत ने इस मामले की तह तक जाते हुए कुछ कड़े और तार्किक सवाल खड़े किए: पुलिस जिसे 'जानलेवा हमला' बता रही थी, मेडिकल रिपोर्ट में उसे 'सामान्य चोट' पाया गया। नेत्र विशेषज्ञ ने भी चोट को गंभीर नहीं माना। कोर्ट ने फुटेज का अवलोकन करने के बाद पाया कि विवाद पैसों के लेनदेन और गाली-गलौज तक सीमित था। होटल व्यवसायी का कोई पुराना आपराधिक इतिहास नहीं था। मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट किया कि रिमांड स्वीकार करने से पहले मजिस्ट्रेट का धर्म अभियुक्त की स्वतंत्रता की रक्षा करना भी है। बिना ठोस आधार पर हत्या के प्रयास जैसी धाराएं नहीं थोपी जा सकतीं। कोर्ट ने पुलिस की मनगढ़ंत कहानी से हत्या के प्रयास की धारा को तो हटा दिया है, लेकिन नाक में फ्रैक्चर और धारदार हथियार के इस्तेमाल को देखते हुए गंभीर चोट पहुंचाने की धाराओं को बरकरार रखा है। अदालत ने माना महज एक विवाद के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि उनका इरादा ग्राहकों की जान लेना था।

# विकास खंड हलिया में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड सभागार राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत विकास खंड स्तर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का बुधवार कोई शुभारंभ खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में प्रत्येक ग्राम पंचायत से पंचायत सहायक, ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव प्रतिभाग किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों को पीएफएमएस,ई-ग्राम स्वराज एवं जेम पोर्टल के प्रभावी संचालन एवं उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान करना है, ताकि ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं का पारदर्शी एवं सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर पंचायती राज विभाग से आए प्रशिक्षकों डॉ. पीयूष मणि मौर्य, श्यामधर, रंजना एवं दीपांशी मिश्रा कृद्वारा प्रतिभागियों को पोर्टल के विभिन्न तकनीकी पहलुओं, डेटा प्रविष्टि, रिपोर्टिंग प्रणाली एवं ऑनलाइन प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कमलेश कुमार , एडीओ (कृषि)नरेंद्र कानापुरिया , जेई (एमआई)विजय कुमार , सीएम फेलो गौरव सिंह , ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्राम पंचायतों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । और इससे शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा सकेगा। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने का संकल्प लिया।इस दौरान ग्राम प्रधान आयत्री प्रसाद सहित ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## नवरात्रि के मद्देनजर गड़बड़ा धाम में तैयारियां पूर्ण

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के प्रसिद्ध गड़बड़ा धाम बुधवार की मध्य रात्रि से शुरू हो रहे नवरात्रि के प्रथम दिन दर्शन पूजन कलश स्थापना के लिये भक्त जल ले कर पूजन पाठ करेंगे। नवरात्रि पर लगने वाले मेले में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।


**अति अल्पकालीन निविदा**

यजत फाउंडेशन द्वारा आईआरएफसी फाउंडेशन के प्रोजेक्ट के अंतर्गत सामाजिक कार्यक्रमों हेतु हाइजीन आइटम, टेंट, टेबल-कुर्सी (किराये पर), रिफ्रेशमेंट आइटम, बैग, गाड़ी (किराये पर), प्रिंटिंग मैटेरियल तथा विद्यार्थियों के लिए गिफ्ट एवं मेडल की खरीद हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।
इच्छुक फर्म/विक्रेता निविदा प्रपत्र कार्यालय से दिनांक 19.03.2022 दोपहर 2:00 बजे से प्राप्त कर सकते हैं। भरे हुए निविदा प्रपत्र दिनांक 25.03.2022 सायं 4:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना होगा। निविदाएं दिनांक 27.03.2022 सायं 5:00 बजे खोली जाएंगी।
पता: ए-34/1, सेक्टर-बी, एल.डी.ए. कॉलोनी, कानपुर रोड,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226012
ईमेल: theyajatfoundation@gmail.com
अध्यक्ष
यजत फाउंडेशन

सी.आर.-2853/ L



**स्वतंत्र भारत**
# वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपने पुत्र जीशान अली व बहू सना शेख को गलत आचरण की वज़ह से अपनी समस्त चलअचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है,अब से इनके किसी भी कार्य से मेरा लेना देना नहीं होगा। रेहाना खातून W/o स्व. मोहम्मद आसिफ, निवासी-3, नबीउल्ला रोड, सिटीस्टेशन वजीरगंज,लखनऊ।
सी.आर.- 2854/L-38

### सूचना

सूचनार्थ है कि मेरी पुत्री का नाम जन्म से मेहल शर्मा है, जो कि अब बदलकर कृतिका शर्मा रखा गया है। भविष्य में कृतिका शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाये। निवासिनी-चन्दन शर्मा पुत्र श्री नरेन्द्र शर्मा म.नं.-40-41 द्वारिका विहार, नियर घोड़े वाला मन्दिर, मानस इन्क्लेव इन्दिरानगर, लखनऊ-226016
सी.आर.- 2848/L-38

### सम्बंध विच्छेद

अपने पुत्र कार्तिककश्यप पुत्रवधू रचना को दुर्व्यवहार के कारण अपनी चलअचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बंधविच्छेद कर लिए वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। नन्हकूकश्यप पुत्र मैकूलाल नि. दयालनगर थाना जलालाबाद, शाहजहांपुर।
सी.आर.-2850/ D-26

### सूचना

I, MUDAVATH LAKSHMI, WIFE OF ARMY NO JC-443269F RANK NB SUB NAME N RAJU PRESENTLY RESIDING AT VILL & PO RAIKAL, FAROOQ NAGAR-TEH, MAHBUBNAGAR -DIST, TELANGANA-STATE, PIN-509202. HAVE CHANGED MY NAME FROM N LAXMI to MUDAVATH LAKSHMI AS PER AADHAR RECORDS. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE 17.03.2026 ADVOCATE AND NOTARY KESHAV RAM TIWARI SHAHJAHANPUR (UP).
सी.आर.-2850/ D-47

### सूचना

मैंने शाहिदा खातून पत्नी आजिद मोहम्मद के नाम से एल0आई0सी0 की पालिसी 236788019 लिया था जबकि आधारकार्ड व बैंक पासबुक में मेरा नाम सेलून निशा पत्नी हमीद दर्ज है दोनों लोगों का दोनों नाम का एक ही व्यक्ति व महिला है। शाहिदा खातून उर्फ सेलून निशा पत्नी आजिद मोहम्मद उर्फ हमीद रामपुर ग्रिन्ट, बलरामपुर।
सी.आर.-2849/ D-42

### सूचना

मैं अमर पाल यादव पुत्र स्व. रामसेवक नि. गंज मजरे गंगौली, पर. सलोन तह. व थाना ऊँचाहार, रायबरेली, अपने छोटे पुत्र कुलदीप कुमार व उसकी पत्नी शिवांगी यादव को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।
सी.आर.-2851/ D-45

### सूचना

मैं संकठा प्रसाद पुत्र स्व. राम औतार व पत्नी चंद्रावती नि. मेहरवान खेड़ा पो. शेषपुर समोधा बछरावां, रायबरेली पुराना पता 25वाहिनी पीएसी, मालिकमऊ आईमा रायबरेली, अपने पुत्र उमेश कुमार को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नहीं होगा।
सी.आर.-2851/ D-46



**उत्तर रेलवे**
**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14207-SLR-F1-MBDP-DLI-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

906/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**
**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-F1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 19402-SLR-F1-LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 10:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.04.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.04.2026 at 11:10 hrs. |

Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders : E-Auction Module of www.ireps.gov.in

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 904/2026



**उत्तर रेलवे**
**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल/वाणिज्य–उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20964-SLR-F1-BSB-SBIB-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:30 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22688-SLR-R1-BSB-MYS-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:40 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20904-SLR-R1-BSB-EKNR-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:50 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-2 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 11:00 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20904-SLR-F1-BSB-EKNR-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि(समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 11:10 hrs |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 11:20 hrs |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

905/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अचानक तबियत बिगड़ने पर उपचार के दौरान युवक की मौत

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कस्बा गांव निवासी युवक की मंगलवार को अचानक तबियत बिगड़ने पर युवक परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए प्रयागराज लेकर गये जहाँ भर्ती कराया गया । जंहा पर उपचार के दौरान मंगलवार को देर रात मौत हो गई।

मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।हलिया कस्बा निवासी 33 वर्षीय अजय कुमार सोनी की अचानक सीने में दर्द होने से तबियत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्रयागराज लेकर गये जहाँ उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई सूचना मिलते ही मृत युवक की पत्नी प्रियंका का रो रोकर बुरा हाल है मृतक दो भाइयों में छोटे थे।

दोनों मिल कर आभूषण की दुकान देखते थे मृतकों को दो लडकिया है।

अचानक मौत से युवक के मृदुल स्वभाव के कारण पूरे कस्बे में मातम छा गया।युवक के पिता की पूर्व ही मौत हो चुकी है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**
**निविदा निरस्तीकरण सूचना**

ई–टेण्डरिंग खुली निविदा सूचना सं. 09/2026 दिनांक 03.03.2026 के अंतर्गत निविदा जो दिनांक 27.03.2026 को खोली जानी है, को प्रशासनिक कारणों से निरस्त किया जाता हैं।
ई–निविदा का विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट पर www.ireps.gov.in पर देखे।
मंडल रेल प्रबन्धक(इंजी.)
मुजाधि/डब्लू–516 इज्जतनगर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-निविदा सूचना सं.06-DYCEGA-2026**

उप मुख्य इंजीनियर (गोरखपुर क्षेत्र), पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: क.सं: 1. कार्य का विवरण: गोरखपुर में - सनई/ उत्तर के कार्यक्षेत्र में रेलवे कालोनियों में असुरक्षित स्थानों पर अतिक्रमण से बचाव हेतु बाउण्ड्रीवाल के निर्माण का प्रस्ताव। अनुमानित लागत (₹ में): 4,65,04,526.43 बयाने की राशि (₹में): 9,30,100.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य: रू. 0.00 स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/ समय: 12 माह। क.सं.: 2. कार्य का विवरण: गोरखपुर में - द्वितीय बटालियन रे.सु.वि.ब. रजही कैम्प के उन्नयन का प्रस्ताव। अनुमानित लागत (₹में): 2,03,11,811.74 बयाने की राशि (₹ में): 4,06,300.00 निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00 स्वीकृति पत्र जारी होने के तिथि से कार्य की समापन तिथि/ समय: 8 माह। कुल योग ₹6,68,16,338.17. 1. ई-निविदा के खुलने की तिथि दिनांक 08.04.2026 को 11:00 बजे। 2. ई-निविदा की बिडिंग तिथि 25.03.2026 से 08.04.2026 समय 10:59 बजे तक। 3. उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 4. यदि निविदा सूचना के हिन्दी एवं अंग्रेजी संस्करण में अन्तर होता है तो निविदा सूचना के अंगेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मुजाधि/ डब्ल्यू-515 उप मुख्य इंजी/ गो.क्षे.
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई–प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी / निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते हैं। क्रं०सं०:– 1, ई–प्रापण निविदा संख्या:– उप मु०ई०– नि०–गोंडा–04–2026 क्लोजिंग दिनांक: 08.04.2026, कार्य का नाम:– पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के गोण्डा–बुढवल तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के अन्तर्गत कर्नैलगंज से घाघराघाट स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन के टैक फार्मेशन के नजदीक बोरोपिट में मिट्टी भराई का कार्य एवं अन्य फार्मेशन रिपेयर का कार्य।, अनुमानित निविदा मुल्य:– 2,99,92,849.62, बयाना राशि (रु०):– 3,00,000.00, निविदा प्रपत्र का मुल्य (रु०):– 00, कार्य पुर्ण करने की अवधि:– 06 (छः) माह, बिड प्रारम्भ करने की तिथि –दिनांक 25.03.2026, • उपरोक्त ई–निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि–दिनांक 08.04.2026 15.00 बजे तक, • उपरोक्त ई–निविदा खुलने की तिथि दिनांक 08.04.2026 15.30 बजे, • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट https://ireps.gov.in पर देखा जा सकता है।, • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।
सकापाइं/नि0/गोंण्डा–I, गोंण्डा
मुजाधि/डब्लू–514
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



अदालती सूचना ता.पेशी 13.04.2026
सम्मन तनकीह तलब आर्डर 5 कायदा 1 व 5 न्यायालय अपर सिविल जज जू.डि. कोर्ट सं. 26 शाहजहांपुर। मूल वाद सं. 172 वर्ष 2022 रामपाल बनाम गोविन्द आदि बनामः-1-गोविन्द 2-बबलू पुत्रगण स्व.रतीराम निवासीगण ग्राम पिपरौला अहमदपुर पर.जमौर तह.सदर जिला शाहजहांपुर...प्रतिवादी संख्या-1 व 2 हरगाह रामपाल वादी उक्त ने आपके नाम एक नालिश वावत स्थायी निषेधाज्ञा एवं बैनामा शून्य घोषित किए जाने हेतु दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि वतारीख 13 माह 04 सन 2026ई. वक्त दस बजे दिन के असलीन या मार्फत वकील जो मुकदमें की कार्रवाई से वाकिफ किया गया हो हाजिर हो जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपने जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हों आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी आपके मुसामत और फैसला होगा। मेरे दस्तखत व मोहर अदालत से 13 माह 03 के सन 2026ई.में जारी किया गया। न्यायालय के आदेशानुसार मुन्सरिम/रीडर अपर सिविल जज जू.डि.कोर्ट सं. 26 शाहजहांपुर।
सी.आर.-2850/ D-CN



त0पेशी 30.03.2026
हेतु संदर्शित करने का सूचना
(साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान अपर उपजिलाधिकारी महोदय ,जनपद-बलरामपुर।
वाद संख्या.......10335/ T202408100110335 ..सन् 2024 ई0
रीता सिंह...
प्रति
चारू सिंह आदि..
बनाम 1. रोमी सिंह पत्नी राहुल सिंह निवासी ग्राम गैंजहवा परगना तहसील व जिला बलरामपुर।
2. रणधीर सिंह पुत्र राहुल सिंह निवासी ग्राम गैंजहवा परगना तहसील व जिला बलरामपुर।
3. चारू सिंह पुत्री नकुल सिंह निवासी ग्राम गैंजहवा परगना तहसील व जिला बलरामपुर।
चूंकि ऊपर नामांकित ......प्रार्थिनी........ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है ...कागजात दुरुस्ती धारा 38 (1) रा0सं0उ0प्र0.....अतः एंव आपको एतद्द्वारा वेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के वियद्ध हेतु संदर्शित करने के लिए दिनांक 30.03.2026 को 10 बजे पूर्वान्ह स्वंय और सम्यक को अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
न्यायालय
सी.आर.-2849/ D-CN



**उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड**
**अधिशासी अभियन्ता, विद्युत प्रेषण खण्ड प्रथम, 57-जार्ज टाउन, प्रयागराज।**
**अति-अल्पकालीन ई-निविदा सूचना, दिनांक 19.03.2026**
**निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. T.No. 11/ETD-I(P)2025-2026- विद्युत प्रेषण खण्ड-प्रथम, प्रयागराज के 220 के0वी0 उपकेन्द्र झूंसी पर 250 के0वी0ए0, 33/0.4 के0वी0 स्टेशन परिवर्तक हेतु क्षतिग्रस्त 300 $mm^2$ केबिल को निकालने, 250 के0वी0ए0 33/0.4 के0वी0 स्टेशन परिवर्तक, बी0एस0आई0 एवं फ्यूज सेट स्ट्रक्चर्स को स्थानान्तरित करने एवं अन्य संबंधित कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 590/- जी0एस0टी0 सहित।

धरोहर धनराशि रू0 1000/- (रूपया एक हजार मात्र)।

**ई-निविदा की अन्तिम तिथि 27.03.2026 समय 05.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

(इं0 राकेश कुमार)
पत्रांक-247-वि0प्रे0खं0प्र0 प्रया0 I/टेण्डर नोटिस दिनांक-18/03/2026 अधिशासी अभियन्ता


# स्वयंसेवकों ने महाप्रभु के आश्रम परिसर में सेवा कार्य एवं शुद्धता का दिया संदेश




**स्वतंत्र भारत चुनार (मिर्जापुर )।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चतुर्थ एकदिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डॉ माधवी शुक्ला के मार्गदर्शन में आचार्य मंदिर परिसर में महाप्रभु वल्लभाचार्य जी के विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता एवं सेवा कार्य द्वारा समाज को शुद्धता का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपक कुमार सिंह ने भक्ति आंदोलन में महाप्रभु वल्लभाचार्य के योगदान एवं शुद्धाद्वैत के विचारों की प्रासंगिकता को स्वयंसेवकों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दीप नारायण ने स्वयंसेवकों को स्वच्छता, सेवा कार्य के महत्व को सामाजिक, धार्मिक तथा नैतिक आदर्शों पर चलने के लिये प्रेरित किया। साथ ही आस-पास के कूड़े-कचरों को साफ सफाई करके स्वच्छता कार्य किया गया। उक्त अवसर पर कई राज्यों से आए श्रद्धालुओं ने स्वच्छता एवं महाप्रभु की बैठक के महत्व को समझा।कार्यक्रम में विषय प्रवर्तन एवं संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. विद्या सिंह ने किया। उक्त कार्यक्रम में सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण का हुआ समापन



**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र के सोनगढ़ा गांव स्थित कनौठी आश्रम पर बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग दो दिवसीय का समापन हुआ है समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया व मुख्य वक्ता गंगा सागर दुबे व राजेश सिंह हिन्द रहे । समापन प्रशिक्षण वर्गो में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया ने कहा की यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति, और जनसेवा के विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ताओं को संगठन के मूल सिद्धांतों, सेवा भाव, राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और जनसंपर्क के प्रभावी तरीकों के बारे में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया इन प्रशिक्षण वर्गों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं को संगठन की नीति, विचारधारा और कार्यशैली को समझने का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे समाज में अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। वक्ताओं ने बताया कि संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है प्रशिक्षण की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी ने किया इस दौरान पंकज सिंह चंदेल,योगेश दुबे, नीरज सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह, अवधेश पाल, मंतोष अग्रहरी, अंशु मिश्रा, सुनील दुबे, गौरी शंकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय ब्लॉक सभागार में बुधवार को खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश सरकार का सफलता पूर्वक 9 वर्ष पूर्ण होने पर जनप्रतिनिधियों व ग्राम प्रधान ,आंगनवाड़ी, आशा, सचिव आदि सहित कर्मचारियों के साथ कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार की उपलब्धियों एवं सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।


**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली निविदा नोटिस का द्वितीय संशोधन**

खुली निविदा सूचना सं. EPC-PSI-MUR-GKC-NER दिनांक: 30.01.2026, कार्य का नाम 'ईपीसी मोड पर विद्युत कर्षण बिजली आपूर्ति प्रतिष्ठानों की क्षमता उन्नयन कार्य के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल के मनकापुर–गोरखपुर कैंट खण्ड में 2x25 kV AT कर्षण फीडिंग सिस्टम के लिए संबंधित स्विचिंग पोस्ट के साथ कर्षण उप स्टेशनों का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परिक्षण और कमीशनिंग का कार्य में निम्नलिखित संशोधन किये गये हैं:– क्र.सं.:– 1., मापदंड:– ईपीसी निविदा दस्तावेज में पैरा 2.7 और पैरा 6.2.1 (पृष्ठ संख्या 175,176) में परिवर्तन।, पहले प्रकाशितः– संशोधितः– नया दस्तावेज़ अपलोड किया गया। संबंधित परिवर्तनों के संबंध में।, अतिरिक्त सूचना रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।
मुख्य विद्युत अभियन्ता (परियोजना)/ लखनऊ
मुजाधि/विद्युत–307
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**पूर्वोत्तर रेलवे**
ई–टेन्डर ई निविदा सूचना संख्या
एन–235–62 टेली टेण्डर 03–2026

मुख्य संचार इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे/ गोरखपुर एवं कृते भारत के राष्ट्रपति के ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए टेण्डर प्रपत्र में अंकित निर्धारित योग्यता का पर्याप्त अनुभव रखने वाले ठेकेदारों से ई–टेन्डर आमंत्रित करते है। निविदा सूचना सं0: एन–235–62 टेली टेण्डर 03–2026 कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे, के लखनऊ, वाराणसी एवं इज्जतनगर डिवीजनों के विभिन्न स्टेशनों और मुख्यालय नियंत्रण कक्ष में एकीकृत संचार बैकबोन और वीओआईपी आधारित नियंत्रण संचार प्रणाली के लिए आईपी–एमपीएलएस आधारित नेटवर्क तथा सम्बंधित लैन अवसंरचना का प्रावधान, साथ ही डिवीजनल कण्ट्रोल टेस्ट रूम और मुख्यालय नियंत्रण कक्ष में टीसीपी–आईपी आधारित अग्निशमन प्रणाली का प्रावधान। गोरखपुर मुख्यालय में मौजूदा एसआईपी आधारित आई पी एक्सचेंज के लिए एफएक्सएस मिडिया गेटवे तथा सम्बंधित लैन और ओऍफसी अवसंरचना का प्रावधान। निविदा लागत: ₹ 71,99,98,327.89/- (इकहत्तर करोड़ निन्यानवे लाख अट्ठानवे हजार तीन सौ सताईस रूपये और नब्बासी पैसे मात्र) बिड सिक्यूरिटी (बयाना धनराशि) : ₹ 37,50,000/- ऑफर की वैधता: 90 दिन निविदा खोलने एवं बंद होने का तिथि तथा समय : दिनांक–06.05.2026 समय 16:00 बजे। कार्य के पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह) माह। मूल निविदा में किसी तरह के परिवर्तन के लिए कृपया इन्टरनेट वेबसाइट पर जारी शुद्धि पत्र का अवलोकन करें। विस्तृत निविदा सूचना निविदा प्रपत्र योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्ते वेबसाइट http/www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। नोट: निविदादाता/बिडर को अपने बिड के साथ सभी निर्दिष्ट संलग्नों/फॉर्मेट/अनुलग्नक को अपलोड करना होगा।
उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजी/ टेली/मुख्य. गोरखपुर
मुजाधि/सिगनल–116
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी (न्यायिक) सदर रायबरेली
वाद संख्या. टी 202510580316119
मायावती सोनकर बनाम बजरंगी आदि
प्रतिवादी बजरंगी पुत्र लछिमन, रामशरण , रामसेवक पुत्रगण रामदास निवासीगण ग्राम मालिकमऊ आइमा पर. तह. सदर जिला रायबरेली , रामा चौरसिया पत्नी राधेकृष्ण चौरसिया नि0 जवाहर विहार कालोनी पोस्ट दूरभाष नगर शहर रायबरेली, देवानंद पुत्र राधेरमण नि0 शक्ति नगर पोस्ट दूरभाष नगर शहर रायबरेली, श्रीमती एकता मिश्रा पत्नी राजेन्द्र कुमार मिश्रा, श्रीमती छमता मिश्रा पत्नी सुनील कुमार मिश्रा नि0गण एल आई जी 165 इंदिरा नगर पोस्ट मुख्य डाकघर शहर रायबरेली
चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 144 उ0 प्र 0 रा0स0 2006 अतऐव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ़ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति/ जवाब प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनाँक 02/04/2026 ई0 दिन के 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निर्णीत कर दिया जाएगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 16/03/2026 को जारी की गई।
न्यायालय
सी.आर.-2851/ D-CN



**अदालती सूचना**
न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय कोर्ट सं. 03 कानपुर नगर
वाद संख्या 2417 वर्ष 2024
अंजू उर्फ अंजना वर्मा उम्र 36 वर्ष पुत्री स्व० सुरेन्द्र कुमार वर्मा, पत्नी श्री गौरव रस्तोगी, निवासिनी वर्तमान पता मकान नम्बर 18/25 दि माल कानपुर नगर, स्थाई निवासी मकान नम्बर 6/466 नेहरू नगर, शुक्लागंज उन्नाव। मो.6393935900
.....प्रार्थिनी/वादिनी
बनाम–गौरव रस्तोगी, उम्र 42 वर्ष बालिग पुत्र श्री हरिराम रस्तोगी, निवासी छोटा चौक, मोहल्ला घूरन तलैया निकट संकटा देवी मन्दिर, शाहजहांपुर.....विपक्षी/प्रतिवादी
प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम
हरगाह वादिनी ने आपके विरुद्ध अन्तर्गत धारा 13 हिंदू विवाह अधिनियम का वाद न्यायालय में दाखिल किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 30.04.2026 को दिन में 10.00 बजे जो दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं असालतन जवाबदावा, वाद बिंदु आदि हेतु उपस्थित हों और लाजिम है कि उसी दिन जुमला दस्तावेज पेश करेंगे जिस पर आप बताईद अपनी जवाबदेही के इस्तदलाल करना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज दिनांक 06.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है। आज्ञा से, मुंसरिम/रीडर न्यायालय अपर प्रधान पारिवारिक न्यायालय कोर्ट सं. 03 कानपुर नगर
सी.आर.-2852/ K-CN


## महिला ने पिता पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया

**स्वतंत्र भारत हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी पुष्पा देवी पत्नी बलराम ने बुधवार को थाने

### पुलिस जांच पड़ताल करने में जुट गई

में तहरीर देकर पिता व पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है । पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। दी गई तहरीर में बताया है की भूमि विवाद को लेकर विपक्षी रमेश तिवारी व उनका पुत्र कनक तिवारी मंगलवार की शाम मेरे घर पर आकर गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी भी दिया है जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिता व पुत्र के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार द्वारा महिला का उपचार किया गया है इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर पिता व पुत्र के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट सहित जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।


पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।



**स्वतंत्र भारत**
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक : विष्णु मोहन*
फोन : 0522-4043151
swatantrabharat77@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु उत्तरदायी।
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।

आरएनआई रजि. नं 2012/57 डाक पंजीयन सं. एस.एस.पी./एल.डब्ल्यू./एन.पी./313/2012-14

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 19 मार्च, 2026

# अमेरिका का ईरान पर बड़ा हमला

## होर्मुज के पास गिराया 5000 पाउंड वजनी बम

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने बुधवार की तड़के ईरान पर कई बड़े हमले किए। अमेरिकी सेना ने बताया कि इन हमलों में 5,000 पाउंड (करीब

### ■ मिसाइल ठिकाने बने निशाना

2267 किलोग्राम) वजनी डीप पेनेट्रेटर बमों का इस्तेमाल किया गया। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इन हमलों में होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरान के तटीय क्षेत्रों में स्थित कड़े सुरक्षा वाले मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया। अमेरिकी सेना के बयान में कहा गया कि इन ठिकानों पर मौजूद एंटी-शिप क्रूज मिसाइलें अंतरराष्ट्रीय समुद्री यातायात के लिए खतरा बन रही थीं, इसलिए यह कार्रवाई की गई। इस बीच ईरान ने इजरायल के मध्य क्षेत्र में बैलिस्टिक



मिसाइल हमले किए, जिनमें दो लोगों की मौत हो गई।

**ईरान ने तेज किए अमेरिकी ठिकानों पर हमले**

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि देश के अलग-अलग हिस्सों में वायु रक्षा प्रणालियों ने बैलिस्टिक मिसाइलों को रोका और लड़ाकू विमानों ने ईरानी ड्रोन्स को मार गिराया। राष्ट्रीय आपातकालीन संकट और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने और आधिकारिक सूचनाओं का पालन करने की अपील की है। पूरे देश में सायरन बजते हुए सुनाई दिए, जिन्हें सफल इंटरसेप्शन ऑपरेशन का नतीजा बताया गया।

**खाड़ी देशों में बजते रहे सायरन**

बहरीन के गृह मंत्रालय ने भी सायरन बजने की पुष्टि करते हुए नागरिकों और निवासियों से शांत रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने का आग्रह किया। कुवैत में भी सेना ने बताया कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियां दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों का जवाब दे रही हैं और धमाकों की आवाजें इन्हीं इंटरसेप्शन की वजह से हैं।

# ईरान ने इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइल से किया हमला

**तेल अवीव।** ईरान ने इजरायल के मध्य इलाके पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। इस हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। सीएनएन की

### ■ होर्मुज क्षेत्र में तनाव बढ़ा

रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम (एमडीए) ने जानकारी दी कि रामत गन शहर में मिसाइल के टुकड़े गिरने से एक पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पैरामेडिक्स ने मौके पर पहुंचकर उन्हें मृत घोषित कर दिया। मिसाइल का मलबा तेल अवीव के उत्तर में स्थित बेनी ब्रैक शहर में भी गिरा। यहां एक व्यक्ति को मामूली चोटें आई हैं। हमले के बाद इजरायल के होम फ्रंट कमांड ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सेना ने कहा है कि सुरक्षा निर्देशों का पालन करने से कई जानें बची हैं। बचाव दल उन जगहों पर पहुंच गए हैं जहां मिसाइलें गिरी थीं। फिलहाल लोगों को सुरक्षित जगहों (शेल्टर) से बाहर निकलने की अनुमति दे दी गई है। लेकिन साथ ही लगातार सतर्क रहने और सुरक्षा संबंधी आधिकारिक निर्देशों का पालन करने का आग्रह भी किया और भीड़भाड़ वाले इलाकों से दूर रहने को कहा गया है। इस बीच, इजरायली सेना ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ ऑपरेशन रोरिंग लायन तेज कर दिया है। इजरायली रायली वायुसेना ने हिजबुल्लाह के रॉकेट लॉन्चरों और उनके ठिकानों पर कई हवाई हमले किए। सेना का कहना है कि उन्होंने उन लॉन्चरों को निशाना बनाया जो इजरायल पर हमला करने की तैयारी में थे। अब तक हिजबुल्लाह के सैकड़ों ठिकानों को नष्ट किया जा चुका है ताकि इजरायली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# कांग्रेस के सामने पेश होंगे शीर्ष अमेरिकी अधिकारी

## ईरान युद्ध-घरेलू आतंकी खतरों पर हो सकते हैं कड़े सवाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष सुरक्षा और खुफिया अधिकारी अब संसद (कांग्रेस) की समितियों के सामने पेश होने जा रहे हैं। ट्रंप प्रशासन के ये अधिकारी ईरान के साथ चल रहे युद्ध और अमेरिका के भीतर बढ़ते आतंकी खतरों पर अपनी गवाही देंगे। इस सुनवाई के दौरान अधिकारियों को कई संवेदनशील मुद्दों पर कड़े सवालों का सामना करना पड़ सकता है। ईरान के स्कूल पर हमले का देना होगा जवाब हाउस और सीनेट की खुफिया समितियों के सामने होने वाली यह गवाही मुख्य रूप से युद्ध पर केंद्रित रहने की उम्मीद है। इस सुनवाई का सबसे बड़ा मुद्दा ईरान के एक स्कूल पर हुआ मिसाइल हमला हो सकता है। इस हमले में 165 से ज्यादा लोगों की जान चली गई थी।

# ईरान युद्ध के बीच अमेरिका में गैस कीमतों में उछाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के तीसरे सप्ताह में ऊर्जा बाजार पर दबाव बढ़ने लगा है, जिससे अमेरिका में पेट्रोल की कीमतों में तेज उछाल आया है। यह

### ■ ट्रंप के लिए बढ़ी राजनीतिक चुनौती

स्थिति अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए न सिर्फ रणनीतिक बल्कि घरेलू राजनीतिक चुनौती भी बनती जा रही है, क्योंकि बढ़ती महंगाई और जीवनयापन की लागत पहले से ही मतदाताओं के लिए प्रमुख चिंता का विषय है। ईरान के खिलाफ युद्ध के तीसरे सप्ताह में राष्ट्रपति ट्रंप ऐसे फैसलों का सामना कर रहे हैं, जो उनके पूरे कार्यकाल को परिभाषित कर सकते हैं। हालांकि सार्वजनिक मंचों पर वे इस युद्ध को लेकर दबाव में दिखाई नहीं देते। सोमवार रात व्हाइट हाउस में एक घंटे से अधिक लंबे संबोधन में उन्होंने युद्ध के अलावा केनेडी सेंटर के नवीनीकरण, व्हाइट हाउस बॉलरूम निर्माण, वर्ल्ड कप और अन्य घरेलू मुद्दों पर भी विस्तार से बात की। बीबीसी के अनुसार ट्रंप ने सप्ताहांत फ्लोरिडा स्थित अपने रिसॉर्ट में गोल्फ खेलते हुए बिताया और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर भी सुप्रीम कोर्ट जैसे मुद्दों पर उतना ही समय दिया, जितना ईरान युद्ध पर। इसके बावजूद संकेत मिल रहे हैं कि यह युद्ध अब लंबा खिंच सकता है, जबकि ट्रंप इसे पहले ही जीत लिया गया और पूरी तरह समाप्त बता चुके थे। सोमवार को ट्रंप ने घोषणा की कि युद्ध के कारण अप्रैल की शुरुआत में प्रस्तावित चीन यात्रा को एक महीने टाल दिया गया है। व्हाइट हाउस प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने कहा कि कमांडर-इन-चीफ के रूप में राष्ट्रति की सर्वोच्च जिम्मेदारी ऑपरेशन एपिक फ्यूरी की सफलता सुनिश्चित करना है।

**बढ़ती गैस कीमतें और घरेलू राजनीतिक दबाव**

इस युद्ध का सबसे बड़ा असर अमेरिका के घरेलू मोर्चे पर दिख रहा है, जहां पेट्रोल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है। एक महीने पहले जहां पेट्रोल की औसत कीमत 2.94 डॉलर प्रति गैलन थी, वह अब 3.72 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। ऊर्जा कीमतों में लगातार वृद्धि ट्रंप के लिए गंभीर राजनीतिक खतरा बन सकती है।

**महंगाई और अफोर्डेबिलिटी एजेंडा पर असर**

अमेरिका में महंगाई दर में गिरावट के बावजूद आवास, खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतें अभी भी ऊंची बनी हुई हैं। ऐसे में पेट्रोल की बढ़ती कीमतें ट्रंप प्रशासन के अफोर्डेबिलिटी एजेंडा को कमजोर कर सकती हैं। क्लिफर्ड यंग के शब्दों में, यह पूरी रणनीति को पटरी से उतार सकता है।

# ईयू ने की पाकिस्तान की निंदा

## कहा- सैन्य कार्रवाई अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने काबुल में एक चिकित्सा सुविधा पर पाकिस्तानी हवाई हमले की निंदा किया। उन्होंने इसे



पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच चल रहे संघर्ष में एक घातक वृद्धि बताया है। यूरोपीय संघ ने दोनों पक्षों से अधिकतम संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा के लिए सभी संभव उपाय करने का आग्रह किया। इसके साथ ही चेतावनी दी कि नागरिक और चिकित्सा सुविधाओं पर हमले अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का उल्लंघन करते हैं। यह बयान सोमवार रात को पाकिस्तानी हमले के बाद आया है, जिसमें काबुल के पुल-ए-चरखी इलाके में स्थित 2,000 बिस्तरों वाले ओमिद व्यसन उपचार अस्पताल को निशाना बनाया गया था, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। यूरोपीय संघ ने कहा, नागरिकों और चिकित्सा सुविधाओं को कभी भी निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए, क्योंकि वे जेनेवा सम्मेलन सहित अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत संरक्षित हैं। सैन्य अभियानों में शामिल सभी पक्षों का दायित्व है कि वे हर परिस्थिति में इन प्रावधानों का सम्मान करें। यूरोपीय संघ ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तत्काल युद्धविराम और बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करने में अंतरराष्ट्रीय समुदाय का साथ दिया।

# न्यू मैक्सिको के अमेरिकी वायुसेना बेस पर गोलीबारी

**अलमोगोर्डो।** न्यू मैक्सिको के एक अमेरिकी वायुसेना बेस पर गोलीबारी की घटना सामने के बाद हड़कंप मच गया। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया है। मिलिट्री अधिकारियों के अनुसार, आलामोगोर्डो के पास स्थित हॉलोमन एयर फोर्स बेस पर मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे गोली चलाने वाला हमलावर (एक्टिव शूटर) की सूचना मिलने के बाद पूरे बेस को लॉकडाउन कर दिया गया था। वहीं इस घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हालांकि इसके बाद सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और बेस सुरक्षित है। लॉकडाउन भी हटा लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल कोई खतरा नहीं है और आपातकालीन टीमें मौके पर काम कर रही हैं। फिलहाल, मारे गए और घायल हुए लोगों के नाम या घटना से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है।

# ईरान युद्ध के बीच ट्रंप का बड़ा बयान

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में ईरान को लेकर बढ़ते सैन्य तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने नाटो को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा

### ■ कहा- नाटो की मदद की जरूरत नहीं, अमेरिका अकेला ही काफी

कि अमेरिका को ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में नाटो देशों की मदद की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने ईरान के खिलाफ बड़ी सैन्य सफलता हासिल की है और वह किसी भी सहयोग के बिना भी अपने अभियान को आगे बढ़ा सकता है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि नाटो के कई सहयोगी देशों ने अमेरिका को साफ बता दिया है कि वे ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान में शामिल नहीं होना चाहते। ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस फैसले पर कोई हैरानी नहीं है। उनके अनुसार नाटो लंबे



समय से एकतरफा व्यवस्था बन गया है, जिसमें अमेरिका दूसरे देशों की सुरक्षा पर भारी खर्च करता है, लेकिन जरूरत पड़ने पर वही देश अमेरिका का साथ नहीं देते।

**नाटो पर ट्रंप का तीखा हमला**

ट्रंप ने अपने बयान में कहा कि अमेरिका हर साल अरबों डॉलर खर्च कर नाटो देशों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसके बावजूद जब अमेरिका को जरूरत होती है तो वही देश पीछे हट जाते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें पहले से ही लगता था कि नाटो एक वन-वे स्ट्रीट की तरह है। यानी अमेरिका अपने सहयोगियों की रक्षा करता है, लेकिन बदले में उसे वही समर्थन नहीं मिलता।

# खाड़ी देशों पर ईरान का हमला जारी

## सऊदी ने अब तक 438 ड्रोन और 36 मिसाइलें नष्ट कीं

**रियाद।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इजरायल और खाड़ी देशों में मैजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब 19वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी बीच सऊदी अरब ने आंकड़ा जारी कर बताया कि संघर्ष शुरू होने के बाद से उसने अब तक 438 ड्रोन और 36 मिसाइलों को रोक दिया है। सऊदी रक्षा मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि ये हमले बहुत बड़े पैमाने पर और लगातार हुए हैं। पिछले तीन हफ्तों से सऊदी हवाई सुरक्षा बल लगातार सतर्क हैं। सऊदी अरब में सबसे ज्यादा हमले पूर्वी प्रांत की तरफ हुए, जहां देश के बड़े तेल रिफाइनरी हैं। इसके बाद शैबाह के तेल क्षेत्र और रियाद से 80 किलोमीटर दूर अल-खारज में प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर मिसाइलें दागी गईं। हालांकि इतने हमले और बड़े पैमाने पर नुकसान के बाद भी ईरान का कहना है कि उसका लक्ष्य केवल अमेरिकी और इजरायली सैन्य ठिकाने हैं, न कि नागरिक या आर्थिक जगहें। लेकिन खाड़ी देशों की सरकारों ने इसे नकार दिया और कई देशों ने ईरानी राजदूतों को तलब कर विरोध जताया।

### खाड़ी के अन्य देशों की स्थिति भी गंभीर

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर 165 से ज्यादा मिसाइलें और 541 ड्रोन हमले हुए। कुवैत पर 97 मिसाइल और 283 ड्रोन हमला किए गए। कतर और बहरीन भी कई बार हमलों की चपेट में आए। ओमान भी पूरी तरह सुरक्षित नहीं रहा, ईरानी ड्रोन ने उसके दुक्म बंदरगाह को निशाना बनाया।

# पाक से भरोसा उठा : अफगानिस्तान

**काबुल।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव एक बार फिर गहराता नजर आ रहा है। अमीर खान मुत्ताकी ने कहा है कि काबुल पर हालिया हवाई हमलों के बाद अफगानिस्तान का पाकिस्तान की कूटनीतिक मंशा पर से भरोसा पूरी तरह उठ गया है। विदेश मंत्री मुत्ताकी ने काबुल में राजनयिकों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान कहा कि पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई यह दर्शाती है कि वह विवादों को बातचीत से सुलझाने के बजाय बल प्रयोग का रास्ता अपना रहा है। अफगान विदेश मंत्री ने कहा कि जब तक पाकिस्तान अपनी आक्रामक कार्रवाई बंद नहीं करता, तब तक किसी भी तरह की बातचीत या समझौता संभव नहीं है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पाकिस्तान की सेना ने पिछले कुछ वर्षों में कई बार अफगान हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया है। मुत्ताकी ने चेतावनी दी कि यह स्थिति केवल अफगानिस्तान तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकती है।

# ऑपरेशन सिंदूर की मार से नहीं उबर पा रहा पाक

**इस्लामाबाद।** दुनियाभर में कटोरा लेकर घूम रहा पाकिस्तान अभी तक ऑपरेशन सिंदूर की करारी मार से उबर नहीं पा रहा है। इसका बड़ा

### ■ धर्म और जाति नहीं, अब पैसों की लालच से युवाओं को फंसा रहा

कारण है कि भारतीय सेना की कार्रवाई ने आतंकवाद के ढांचे को बड़ा झटका दिया है, जिसका सीधा असर आतंकी संगठनों की भर्ती पर पड़ा है। पहले जहां जैश और लश्कर जैसे संगठनों में आसानी से भर्ती होती थी, अब इसमें भारी गिरावट आई है। खुफिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान अब नई रणनीति के तहत युवाओं को जोड़ने की कोशिश कर रहा है, लेकिन हालात पहले जैसे नहीं रहे हैं।

रिपोर्ट्स बताती हैं कि इससे पहले जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकवादी समूहों में भर्ती आसानी से हो जाती थी। हालिया खुफिया आकलन के मुताबिक, इन समूहों में भर्ती अब लगभग 30-40 प्रतिशत कम हो गई है। इससे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने अपनी रणनीति बदल दी है। अब भर्ती धर्म या विचारधारा नहीं, बल्कि पैसे के लालच पर ज्यादा आधारित है।

मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया जा रहा है कि आईएसआई अब किसी भी धर्म, जाति या विश्वास के युवाओं को भर्ती करने के लिए तैयार है। इसके लिए बड़े पैमाने पर युवाओं को ढूंढा और पैसे का लालच दिया जा रहा है। भर्ती में शामिल लोगों को उनके काम के हिसाब से 10,000 से 2,00,000 रुपये तक दिए जा रहे हैं।

खुफिया सूत्रों के अनुसार, अब आईएसआई पैसे और बेहतर जीवनशैली की लालच देकर युवाओं को आकर्षित कर रही है। इसका मुख्य निशाना छात्र और पैसे की जरूरत वाले लोग हैं, लेकिन हाल की जांच में यह भी पता चला कि अधिकतर लोग उच्च जीवन स्तर और विलासिता के लिए भर्ती हो रहे हैं।

### आईएसआई की नई रणनीति कितनी खतरनाक?

इतना ही नहीं गौर करने वाली बात यह भी है कि आईएसआई की नई रणनीति पहले खालिस्तान नेटवर्क पर लागू की गई। पंजाब में नशे की समस्या का फायदा उठाकर युवाओं को पैसे देकर भर्ती किया जा रहा है, ताकि वे नशे के लिए पैसा खर्च कर सकें। खुफिया एजेंसियों का कहना है कि यह भर्ती अभियान सिर्फ बढ़ने वाला है। इसका लक्ष्य पूरे भारत में नेटवर्क तैयार करना और आतंकवादी समूहों को लॉजिस्टिक और जासूसी सहायता देना है। सीमा इलाकों में पाकिस्तानी एजेंट सैनिकों और सैन्य ठिकानों की हरकत पर नजर रख रहे हैं। शहरों में यह भर्ती अभियान युवाओं को सरकारी और न्यायिक इमारतों, पुलिस स्टेशनों, रेलवे स्टेशनों की वीडियो शूटिंग के लिए भी शामिल कर रहा है। ऐसे में एक बात तो साफ हो गई है कि आईएसआई का उद्देश्य तुरंत हमला करना नहीं, बल्कि समय लेकर पूरे देश में जासूसी नेटवर्क और डेटा इकट्ठा करना है।

# बमबारी रुकी तो ही करेंगे मदद : मैक्रों

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार को साफ किया कि मौजूदा युद्ध जैसी परिस्थितियों में फ्रांस होर्मुज जलडमरूमध्य की

### ■ होर्मुज पर ट्रंप की नाराजगी के बाद बोले फ्रांसीसी राष्ट्रपति

सुरक्षा में किसी भी तरह की सैन्य भूमिका नहीं निभाएगा। उन्होंने यह बयान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस अपील के जवाब में दिया, जिसमें उन्होंने सहयोगी देशों से इस रणनीतिक जलमार्ग की सुरक्षा में मदद मांगी थी।

रक्षा परिषद की बैठक में इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि फ्रांस इस संघर्ष का हिस्सा नहीं है और इसलिए वर्तमान हालात में जलडमरूमध्य को खोलने या सुरक्षित करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं करेगा। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया



कि जब स्थिति सामान्य हो जाएगी और संघर्ष का तीव्र चरण समाप्त हो जाएगा, तब फ्रांस अन्य देशों के साथ मिलकर जहाजों को सुरक्षा देने में भूमिका निभा सकता है। इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि इस तरह के किसी भी मिशन के लिए ईरान के साथ तनाव कम करने और बातचीत की जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि यह ईरान में चल रहे सैन्य अभियानों और बमबारी से पूरी तरह अलग होना चाहिए।

# ईरानी सरकारी मीडिया ने की अली लारीजानी और कमांडर सुलेमानी की मौत की पुष्टि

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार की देर रात बासिज फोर्स के कमांडर गुलामरेजा सुलेमानी और अली लारीजानी की मौत की पुष्टि कर दी। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह खबर दी है। इससे पहले इस्त्राइल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दावा किया था कि सुलेमानी और ईरान की सर्वोच्च सुरक्षा परिषद के सचिव अली लारीजानी को एक रात पहले मार गिराया गया। दोनों नेताओं को जनवरी में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान कार्रवाई में अहम भूमिका निभाने वाला माना जाता था। इनकी मौत ऐसे समय में हुई है जब ईरान युद्ध जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। इजरायल-अमेरिका के जारी हमलों को इस्लामिक गणराज्य के लिए हाल के दशकों की सबसे बड़ी चुनौती माना जा रहा है। लारीजानी को देश के सबसे प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता है, खासकर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद उनकी भूमिका और महत्वपूर्ण हो



गई थी। लारीजानी पूर्व में संसद अध्यक्ष और वरिष्ठ नीति सलाहकार भी रह चुके थे। परमाणु वार्ता में भी उनकी भूमिका रही थी। जनरल सुलेमानी पर अमेरिका, यूरोपीय संघ और अन्य देशों द्वारा प्रतिबंध लगाए गए थे, क्योंकि उन पर वर्षों से विरोध प्रदर्शनों को दबाने में भूमिका निभाने का आरोप था। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली सेना के हमलों पर कहा कि इनका उद्देश्य ईरान की सरकार को कमजोर करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से ईरान की जनता को अपनी स्थिति बदलने का अवसर मिल सकता है।

# शीज़ान खान हुए भावुक, छलके आंसू

**मुंबई।** ज़ी कुटुंब अवॉर्ड्स के मंच पर उस वक्त सपने, मेहनत और एक मां की अटूट हिम्मत का संगम देखने को मिला, जब 'गंगा माई की बेटियां' में सिद्धू का किरदार निभा रहे शीज़ान खान को अपने करियर का पहला अवॉर्ड मिला। जो पल खुशी का था, वो अचानक बेहद खास और भावुक बन गया, जब ज़ी कुटुंब टीम ने उनके लिए एक सरप्राइज़ प्लान किया। जैसे ही अवॉर्ड देने का समय आया, शीज़ान यह देखकर हैरान रह गए कि उनकी मां खुद स्टेज पर ट्रॉफी देने के लिए आ रही हैं। इस अनदेखे सरप्राइज़ ने उन्हें पूरी तरह चौंका दिया और कुछ पलों तक वो समझ ही नहीं पाए कि क्या हो रहा है। जैसे ही उन्हें एहसास हुआ कि उनकी जिंदगी का पहला अवॉर्ड उनकी मां के हाथों से मिलने वाला है, वो स्टेज पर ही भावुक हो गए। वो अपने जज़्बातों को संभाल नहीं पाए और उन्होंने बताया कि उस पल उनके दो सबसे बड़े सपने एक साथ पूरे हो गए, पहला अवॉर्ड मिलना और वो भी मां के हाथों से।

## अपनापन और खुशियां बांटने का त्योहार है ईद!

**मुंबई।** ईद उल फितर खुशियां मनाने, शुक्रगुज़ार होने और अपनेपन का त्यौहार है। इस खूबसूरत मौके पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने बताया कि उनके लिए यह त्यौहार इतना खास क्यों है और वे इस खुशी के दिन को कैसे मनाते हैं। 'गंगा माई की बेटियां' में सिद्धू का किरदार निभा रहे शीज़ान खान कहते हैं, 'ईद हमेशा से मेरे लिए ऐसा त्यौहार रहा है जो परिवार, साथ होने और शुक्रिया की अहमियत याद दिलाता है। मुझे ईद की जो बात सबसे ज्यादा पसंद है, वह है इसका प्यार और एकता का भाव। यह ऐसा समय होता है जब हम रुककर सोचते हैं, शुक्रगुज़ार होते हैं और अपने आसपास के लोगों के साथ खुशियां बांटते हैं।' 'जगद्धात्री' में शिवाय का किरदार निभा रहे फरमान हैदर कहते हैं, 'रमज़ान अनुशासन, शुक्रिया और खुद को समझने का महीना है।'

# दहेज आज भी बड़ा सामाजिक मुद्दा- शुभांगी

**मुंबई।** ज़ी टीवी का लोकप्रिय शो 'गंगा माई की बेटियां', जिसमें शीज़ान खान (सिद्धू) और अमनदीप सिद्धू (स्नेहा) लीड रोल में नजर आ रहे हैं, हमेशा से ही समाज के अहम मुद्दों को सामने लाता रहा है। कभी बेटे की चाहत जैसी सोच पर सवाल उठाता है, तो कभी यह दिखाता है कि लड़की होने की वजह से महिलाओं को किन मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। हाल ही में चल रहे ट्रैक में 'गंगा माई की बेटियां' दहेज जैसे गहरे मुद्दे को सामने ला रहा है। कहानी में एक अहम मोड़ तब आता है, जब गंगा माई (शुभांगी लाटकर) को सहाना (सृष्टि जैन) की सास की भारी मांग को पूरा करने के लिए अपना घर गिरवी रखना पड़ता है। एक्टर शुभांगी लाटकर का कहना है कि दहेज आज भी एक बड़ा सामाजिक मुद्दा है और ऐसे हालात को निभाना एक्टर के लिए भी आसान नहीं होता। मालूम हो कि 'गंगा माई की बेटियां' रोज रात नौ बजे ज़ी टीवी पर प्रसारित है।



## बाजार दर्पण



उत्सव लॉन्स
गोरखपुर में
शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।
अलहदादपुर, गोरखपुर
फोनः- 0551-2338099
+918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर



डॉ. विश्वास वर्मा
नेत्र सर्जन
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
विराम खण्ड, राम भवन के सामने
गोमती नगर लखनऊ
मोबाइल: 9415016089